राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 293
लखनऊ, गुरुवार 25 जून, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





घर में घुसकर चोरों ने चार लाख के जेवर किये पार 10

केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास की विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की 03


# यूपी में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर: सीएम योगी

## सीएम ने बेंगलुरु में 'उत्तर प्रदेश ग्लोबल ग्रोथ डायलॉग 2026' में बिजनेस लीडर्स को किया संबोधित

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत के लिए सेफ्टी, स्टेबिलिटी व स्पीड का थ्री-एस मॉडल बन चुका है। उद्योग के लिए ये तीनों आयाम सबसे महत्वपूर्ण हैं। सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर, बेमिसाल कनेक्टिविटी, पारदर्शी प्रशासन और संस्थाओं का बेहतर नेटवर्क नए उत्तर प्रदेश की पहचान है। स्किल्ड टैलेंट, टेक्नोलॉजी और इन्वेस्टमेंट-फ्रेंडली पॉलिसी, कुल मिलाकर एक संपूर्ण इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम आज नए भारत के नए यूपी में मौजूद है।मुख्यमंत्री बुधवार को बेंगलुरु में 'उत्तर प्रदेश ग्लोबल ग्रोथ डायलॉग 2026' के तहत रोडशो में बिजनेस लीडर्स को संबोधित कर रहे थे। इन्वेस्टर्स और अलग-अलग सेक्टर के इंडस्ट्री लीडर्स के साथ संवाद करने का अवसर मिला। हमने देखा कि कैसे बेंगलुरु एक गार्डन सिटी से विकसित होकर ग्लोबल टेक्नोलॉजी पावरहाउस बना। बेंगलुरु की ग्रोथ स्टोरी आपने देखी-सुनी है। नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की जो कहानी आप यहां सुन रहे हैं, उसे आप उत्तर प्रदेश में जाकर स्वयं महसूस करेंगे, मैं आपको इसके लिए आमंत्रित करने आया हूं। सीएम ने कहा कि हमें गर्व है कि पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और निवेश के लिए सर्वश्रेष्ठ गंतव्य के रूप में स्थापित किया है। और, पिछले 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश को इस ग्रोथ स्टोरी में सहभागी बनने का सौभाग्य मिला है। पहले यूपी की छवि बहुत अच्छी नहीं थी। बिगड़ी कानून व्यवस्था, पॉलिसी पैरालिसिस, गवर्नेंस का अभाव और बीमारू राज्य की पहचान थी हमारी। पलायन नियति बन चुका था। कृषि व एमएसएमई से लोगों का नाता टूट चुका था। यूपी में अब वह सब मिलेगा, जिसकी भारत को अपेक्षा है। बेहतर लॉ एंड ऑर्डर, वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर, देश के 60 फीसदी एक्सप्रेसवे, 16,000 किमी रेल नेटवर्क और 4 लाख किमी सड़क नेटवर्क यूपी के पास है। वाराणसी-हल्दिया राष्ट्रीय जलमार्ग, दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल, सात शहरों में मेट्रो, ईस्टर्न व वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का जंक्शन, 5 अंतरराष्ट्रीय व 11 घरेलू एयरपोर्ट के रूप में बेमिसाल कनेक्टिविटी यूपी की पहचान है। 5 नए एयरपोर्ट पर सरकार काम कर रही है।



▸ भारत में सेफ्टी, स्टेबिलिटी व स्पीड का थ्री-एस मॉडल बना यूपी

### 9 साल में अर्थव्यवस्था और प्रति व्यक्ति आय तीन गुना हुई

हमारे पास 36 सेक्टरल पॉलिसीज के साथ 75,000 एकड़ का लैंड बैंक उपलब्ध है। एक्सप्रेसवे के किनारे 27 स्थानों पर इंडस्ट्रियल व लॉजिस्टिक क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। बीडा के रूप में सबसे बड़ा इंडस्ट्रियल सिटी विकसित हो रहा है। निवेशकों को स्किल्ड मैनपावर के प्रति आश्वस्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी हर साल 2 लाख स्टेम साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग एंड मैथ ग्रेजुएट्स तैयार करता है। 2 आईआईटी, एक आईआईएम, तीन स्टेट टेक्निकल यूनिवर्सिटी और तकनीकी-व्यावसायिक शिक्षा का बड़ा नेटवर्क युवाओं को हर क्षेत्र में दक्ष बना रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 9 साल में हमारी कृषि ग्रोथ रेट 8 फीसदी से बढ़कर 18 फीसदी हुई। पांच कृषि विश्वविद्यालयों व 89 किसान विकास केंद्रों के माध्यम से किसानों को ट्रेनिंग व मार्केट से जोड़ा गया है। यूपी के पास देश में सर्वाधिक 86 फीसदी सिंचित कृषि भूमि है। राज्य में 96 लाख एमएसएमई यूनिट संचालित हैं, जिन्हें ओडीओपी योजना से जबरदस्त प्रोत्साहन मिला है। इस योजना के माध्यम से हर जिले का एक विशिष्ट उत्पाद ब्रांड बना है।

# स्वस्थ भारत ही विकसित भारत की आधारशिला, 2047 तक विकसित राष्ट्र बनना साझा लक्ष्य : नड्डा

**एजेंसी, देहरादून।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता जगत प्रकाश नड्डा ने बुधवार को कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य अब पूरे देश का साझा संकल्प बन चुका है। आज हर नागरिक के सामने एक सामान्य लक्ष्य है कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बने। देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि 'सेहत अच्छी होगी तो आर्थिक विकास होगा,क्योंकि इससे उत्पादकता बढ़ेगी। इसलिए स्वास्थ्य क्षेत्र पर विशेष ध्यान देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि देश के आर्थिक विकास की नींव बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था पर टिकी है और स्वस्थ नागरिक ही विकसित भारत के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अब देश में 'हम कर सकते हैं और हम करेंगे' की भावना विकसित हुई है, जिसने विकास और सुशासन को नई दिशा दी है। केंद्रीय मंत्री ने देश की राजनीतिक और सामाजिक सोच में आए बदलाव का उल्लेख करते हुए कहा कि एक समय ऐसा था जब आम नागरिकों ने यह मान लिया था कि व्यवस्था में कोई बदलाव संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि लगभग 12-13 वर्ष पहले लोगों के मन में यह धारणा घर कर गई थी कि परिस्थितियां नहीं बदलेंगी, लेकिन पिछले एक दशक में देश की राजनीतिक सोच में व्यापक परिवर्तन आया है। उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र में केंद्र सरकार की नीतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2017 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के मूल ढांचे में महत्वपूर्ण परिवर्तन किया गया। उन्होंने कहा कि पहले स्वास्थ्य सेवाओं का फोकस केवल बीमारी के इलाज तक सीमित था, जबकि वर्तमान सरकार ने उपचार आधारित व्यवस्था के साथ-साथ रोकथाम आधारित स्वास्थ्य प्रणाली को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि अब स्वास्थ्य क्षेत्र में लोगों को बीमार होने के बाद उपचार उपलब्ध कराने के बजाय बीमारियों की रोकथाम, जागरूकता और समय रहते हस्तक्षेप पर जोर दिया जा रहा है। उत्तराखंड में स्वास्थ्य अवसंरचना के विस्तार का उल्लेख करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है।



### एम्स ऋषिकेश स्वास्थ्य क्षेत्र में अग्रणी संस्थान के रूप में उभरा: केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री

उन्होंने बताया कि एम्स ऋषिकेश स्वास्थ्य क्षेत्र में अग्रणी संस्थान के रूप में उभरा है और ऊधमसिंह नगर में लगभग 500 करोड़ रुपये की लागत से इसका सैटेलाइट सेंटर स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एम्स ऋषिकेश में 124 करोड़ रुपये की लागत से क्रिटिकल केयर ब्लॉक विकसित किया गया है। इसके अलावा अल्मोड़ा, ऊधमसिंह नगर, पिथौरागढ़ और हरिद्वार में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से चार नए मेडिकल कॉलेज विकसित किए जा रहे हैं, जिससे पर्वतीय और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और मजबूत होगी। मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में केंद्र सरकार की पहल का उल्लेख करते हुए कहा कि लंबे समय तक मानसिक स्वास्थ्य को पर्याप्त प्राथमिकता नहीं मिली। उन्होंने कहा कि मानसिक रोगों से प्रभावित लोग अक्सर अपनी समस्या को सार्वजनिक नहीं करना चाहते और कई बार उसे बीमारी के रूप में स्वीकार करने से भी हिचकते हैं। उन्होंने बताया कि इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने 'टेली-मानस' पहल शुरू की है, जिसके तहत टोल-फ्री माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोगों को विशेषज्ञ परामर्श और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र के साथ कार्य कर रही है और विकास योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुंबई सहित महाराष्ट्र के कई शहरों में भारी बारिश से जलभराव, कई जिलों में रेड एलर्ट

**एजेंसी, मुंबई।** मुंबई सहित महाराष्ट्र के कई शहरों में बुधवार को तड़के से हो रही भारी बारिश से कई इलाकों में जलभराव हो गया है। भारतीय मौसम विभाग ने आज मुंबई , पालघर जिलों में रेड एलर्ट घोषित किया है, जिससे इन जिलों में तेज हवा के साथ भारी बारिश की संभावना है। भारी बारिश से सड़कों पर हुए जलभराव से कामकाजी लोगों को भारी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। मुंबई शहर की महापौर रीतू तावड़े ने आज बताया कि मुंबई में कुल 208 मिलीमीटर(मिमी) बारिश दर्ज की गई है। इनमें मुंबई पश्चिम उपनगर में 195 और मुंबई पूर्व उपनगर में 167 मिमी बारिश दर्ज हुई है। इससे मुंबई कई इलाके जलमग्र हैं, सभी जगह पंपिंग के सहयोग से जल निकासी का काम जारी है। महापौर ने बताया कि सायन, किंगसर्कल, दादर, लालबाग, अंधेरी सब वे, सांताक्रुज सबवे सहित कई इलाके अभी भी जलमग्र हैं, जबकि सायन के गांधी नगर में जल निकासी कर दी गई है। महापौर ने यह भी कहा कि कम समय में ज्यादा बारिश की वजह से जलभराव की समस्या सामने आई है, इससे निपटने का प्रयास निकट भविष्य में किया जाएगा। भारी बारिश की वजह से मुंबई शहर की लाइफ लाइन कहीं जाने वाले लोकल ट्रेन सेवा, वाशी ट्रांस हार्बर सेवा, मेट्रो सेवा के साथ सड़कों पर बस सेवा और यातायात प्रभावित हुआ है। हालांकि ये सेवाएं काफी मशक्कत के बाद फिर शुरु हो गई हैं।

### भगवंत मान वीडियो मामले में गुरूग्राम में एफआईआर दर्ज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से जुड़े कथित वीडियो विवाद में नया मोड़ आ गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता आरपी सिंह ने दावा किया है कि गुरुग्राम पुलिस की क्राइम ब्रांच द्वारा दर्ज एक एफआईआर में फर्जी फॉरेंसिक साक्ष्य तैयार कर मुख्यमंत्री को बचाने की कथित साजिश का खुलासा हुआ है। उन्होंने इस पूरे मामले को गंभीर बताते हुए भगवंत मान से तत्काल इस्तीफे की मांग की है। आरपी सिंह ने बुधवार को अपने एक्स अकाउंट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि गुरुग्राम के डीएलएफ सेक्टर-29 थाने में दर्ज एफआईआर संख्या 0263 में संगठित अपराध, धोखाधड़ी, इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड में जालसाजी तथा आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उनका आरोप है कि कथित वीडियो को 'डीपफेक' साबित करने के लिए फर्जी फॉरेंसिक रिपोर्ट तैयार कराने और तथ्यों को प्रभावित करने की कोशिश की गई। भाजपा नेता ने दावा किया कि मामले में कुछ व्यक्तियों ने कथित तौर पर स्वतंत्र साइबर और फॉरेंसिक लैब के नाम पर रिपोर्ट तैयार कीं।

# पाकिस्तान के आतंकी संगठनों के साथ संबंध रखने के संदेह में कर्नाटक में एक युवक गिरफ्तार

**एजेंसी, बेंगलुरु।** कर्नाटक के दावणगेरे जिले के हरिहर तालुक के बन्निकोडु गांव से एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी सुहैल (20) के रुप में हुई है। उस पर पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठनों से संपर्क रखने का संदेह है। पुलिस और केंद्रीय खुफिया विभाग ने एक संयुक्त ऑपरेशन में युवक को गिरफ्तार किया। हरिहर ग्रामीण पुलिस थाने में उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पकड़ा गया आरोपित युवक देश में बड़े पैमाने पर विध्वंसक और समाज विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश का हिस्सा हो सकता है। पूछताछ के दौरान उसने कथित तौर पर अयोध्या के श्रीराम मंदिर को बम विस्फोट के जरिए निशाना बनाने की बात कही। हालांकि, जांच एजेंसियां अभी इसकी सत्यता और उसके वास्तविक इरादों की जांच कर रही हैं। कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियंक खरगे ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि प्राथमिक जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। वह काम की तलाश में दावणगेरे आया था। शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि वह चैट के माध्यम से पाकिस्तान के आतंकी संगठनों के संपर्क में था। उसके मोबाइल फोन से कुछ आपत्तिजनक सामग्री भी मिली है। फिलहाल आरोपित पुलिस हिरासत में है और जांच जारी है। जांच पूरी होने के बाद और अधिक जानकारी सामने आएगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला सुहैल करीब 15 दिन पहले हरिहर आया था। किसी को शक न हो, इसके लिए वह स्थानीय फैक्टरी में पेंटिंग का काम कर रहा था और बन्निकोडु गांव में रह रहा था। आरोपित के मोबाइल फोन की जांच में पाकिस्तान से जुड़े कई संदिग्ध संपर्कों के संकेत मिले हैं। जांच अधिकारियों के अनुसार, वह सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तान स्थित आतंकी नेटवर्क के संपर्क में था। उसके मोबाइल में पाकिस्तान के कंट्री कोड (+92) वाला एक नंबर 'राणा भाई' नाम से सेव पाया गया। इसके अलावा वह कथित रूप से 'मेमन एंड जुट्ट-333' और 'राणाभाई-333' नामक समूहों का सक्रिय सदस्य था। जांच के दौरान उसके मोबाइल फोन से हथियारों के साथ खिंचवाई गई कई तस्वीरें और अन्य आपत्तिजनक डिजिटल सामग्री भी बरामद होने की जानकारी मिली है। गिरफ्तारी के बाद आरोपित को गहन पूछताछ के लिए तुमकुरु पुलिस को सौंपा गया था। बाद में मामले के दस्तावेजीकरण और आगे की जांच के लिए उसे पुनः हरिहर ग्रामीण पुलिस थाने लाया गया, जहां वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में जांच जारी है। सुरक्षा एजेंसियां आरोपित के नेटवर्क, उसके संभावित सहयोगियों तथा कथित आतंकी साजिश के व्यापक पहलुओं की गहन जांच कर रही हैं।



▸ मोबाइल फोन से आपत्तिजनक सामग्री बरामद

### कतर गैस प्लांट विस्फोट में सूरत के सनी पटेल की मौत की पुष्टि



**एजेंसी, सूरत।** कतर के रस लफ्फान स्थित गैस प्लांट में हुए भीषण विस्फोट में सूरत के डुमस क्षेत्र के मोटो मोहल्ला निवासी सनी पटेल की मौत की आधिकारिक पुष्टि हो गई है। हादसे के बाद से उनके सुरक्षित लौटने की उम्मीद लगाए बैठे परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पारिवारिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सनी पटेल के भाई रवि पटेल ने कतर में उनके पार्थिव शरीर की पहचान कर ली है। भारतीय दूतावास की औपचारिकताएं पूरी होने के बाद शव परिवार को सौंपा जाएगा। सनी का पार्थिव शरीर बुधवार को कतर से अहमदाबाद लाया जाएगा, जहां से उसे सूरत पहुंचाया जाएगा।

# राहुल गांधी ने उठाया मुजफ्फरनगर में बंधुआ मजदूरी का मामला

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में बंधुआ मजदूरी के मामले पर बुधवार को रोष प्रकट किया है। राहुल का कहना है कि यह कोई आम आपराधिक घटना नहीं है - यह एक धराशही हुई अर्थव्यवस्था का मलबा है। उल्लेखनीय है कि मुजफ्फरनगर में बंधुआ मजदूरी की एर घटना समाने आयी है। यहां नौकरी का झूठा वादा कर 13 मजदूरों को पिछले दो साल से बंधक बनाकर रखा गया था। उन्हें लाठियों, बेल्टों से पीटा जाता था। साथ ही वहां रॉटवीलर कुत्ते से उन पर हमला करवाया गया। एक मजदूर के बंधन से निकल भागने बाद पुलिस को मामले का पता चला और बाकी मजदूरों को छुड़वाया गया।



राहुल गांधी ने इस घटना पर आज कहा कि मुज़फ्फरनगर में बंधुआ मजदूरी का मामला बेहद चौंकाने वाला है। उन्होंने कहा, 'बिना मज़दूरी दिए काम करवाने के अलावा, मजदूरों को कुत्तों से कटवाया गया, भाले से गोदा गया, कोड़े मारे गए और उन्हें मवेशियों का चारा खिलाया गया। यह इंसानी गरिमा पर हमला है।

# देश में एक जुलाई से वीबी-जी राम जी अधिनियम होगा लागू

▸ ग्रामीण विकास विभाग के सचिव रोहित कंसल की अध्यक्षता में हुई बैठक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्र सरकार आगामी 01 जुलाई 2026 से विकसित भारत- रोज़गार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम- 2025 यानी (वीबी-जी राम जी अधिनियम) लागू करने जा रही है। यह अधिनियम हर वित्त वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कम से कम 125 दिनों के रोज़गार की वैधानिक गारंटी प्रदान करता है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के मुताबिक इसके तहत गांवों के विकास के लिए अलग-अलग मंत्रालयों और सरकारी योजनाओं को एक साथ जोड़कर काम किया जाएगा, ताकि विकास कार्य तेजी से और बेहतर तरीके से पूरे हो सकें। इसी तैयारी के तहत बुधवार को ग्रामीण विकास विभाग के सचिव रोहित कंसल की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें 18 मंत्रालयों और विभागों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सरकार की योजना है कि हर गांव अपनी जरूरतों के अनुसार विकास योजना तैयार करें। इसके बाद केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के धन और संसाधनों को जोड़कर उन कामों को पूरा किया जाएगा। इसे 'एक योजना, कई स्रोतों से फंड' मॉडल कहा गया है। नई व्यवस्था के तहत ग्राम सभाएं और पंचायतें विकास की प्राथमिकताएं तय करेंगी। इनमें पानी की उपलब्धता, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाएं, रोजगार और आजीविका बढ़ाने के काम तथा बाढ़, सूखा और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के उपाय शामिल होंगे। ग्रामीण विकास मंत्रालय के मुताबिक सरकार ने ऐसे 318 प्रकार के कार्यों की सूची तैयार की है, जिन पर इस योजना के तहत काम किया जा सकेगा। इनमें जल संरक्षण, सिंचाई, ग्रामीण सड़कें, सामुदायिक भवन, रोजगार से जुड़े संसाधन और जलवायु परिवर्तन से निपटने वाले कार्य शामिल हैं। इस नई व्यवस्था से सरकारी योजनाओं में तालमेल बढ़ेगा, पैसे का बेहतर उपयोग होगा और गांवों में विकास कार्यों को ज्यादा गति मिलेगी। साथ ही पंचायतों की भूमिका भी पहले से अधिक मजबूत होगी।




### आमता बम विस्फोट मामले में दो गिरफ्तार

**एजेंसी, कोलकाता।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पश्चिम बंगाल के हावड़ा ग्रामीण जिले के आमता क्षेत्र में वर्ष 2022 में हुए बम विस्फोट मामले में दो मुख्य आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस विस्फोट में बम बनाने वाले एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हुए थे। एनआईए ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि मंगलवार रात आमता क्षेत्र के रहने वाले असफार मिद्या और एंताजुल मिद्या को गिरफ्तार किया। इससे पहले जांच एजेंसी ने आरोपितों के संदिग्ध ठिकानों पर तीन स्थानों पर छापेमारी की थी। जांच एजेंसी के अनुसार, दोनों आरोपित इस मामले के मुख्य आरोपित हैं।

# तेजस एक्सप्रेस में बिरयानी में मक्खी मिलने पर ठेकेदार पर एक लाख रुपये जुर्माना

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल तेजस एक्सप्रेस में एक यात्री को परोसी गई वेज बिरयानी में मक्खी मिलने की शिकायत पर रेलवे प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए संबंधित कैटरिंग सेवा प्रदाता पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही सेवा प्रदाता को लाइसेंस समाप्त करने के लिए कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। रेलवे के अनुसार यात्री ट्रेन संख्या 82902 अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल तेजस एक्सप्रेस से यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान उसे कॉम्बो मील में परोसी गई वेज बिरयानी में मक्खी मिली, जिसकी शिकायत उसने तत्काल की। शिकायत मिलते ही ट्रेन कैप्टन और ऑनबोर्ड कैटरिंग मैनेजर ने यात्री से मुलाकात कर असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया। यात्री को भोजन बदलकर देने की पेशकश भी की गई, लेकिन उसने नया भोजन लेने से इनकार कर दिया। जांच के बाद रेलवे ने संबंधित विक्रेता पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया तथा उसके लाइसेंस को समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया। विक्रेता को ताजा कच्चा माल खरीदने, खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की अनिवार्य जांच करने तथा चावल, दाल, आटा और मसालों के भंडारण के लिए इस्तेमाल होने वाले एयरटाइट कंटेनरों की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा खाद्य सुरक्षा मानकों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



▸ लाइसेंस समाप्ति का नोटिस

**सराहना** | ब्रिक्स देशों के लिए 'स्पेस इकोनॉमी' का प्रस्ताव

# डॉ. जितेंद्र सिंह ने अंतरिक्ष सहयोग को बताया वैश्विक विकास का नया आधार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान तथा अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने ब्रिक्स देशों से मिलकर एक मजबूत 'स्पेस इकोनॉमी' विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र आने वाले वर्षों में वैश्विक आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण केंद्र बनने जा रहा है और ब्रिक्स देशों के पास इसे नई दिशा देने की क्षमता मौजूद है। बेंगलुरु में आयोजित ब्रिक्स देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों के प्रमुखों की बैठक के समापन सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था का भविष्य किसी एक देश के प्रयासों से नहीं बल्कि साझेदारी, साझा नवाचार और सामूहिक महत्वाकांक्षा से तय होगा। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देशों के पास विशाल जनसंख्या, मजबूत वैज्ञानिक आधार, उन्नत तकनीकी क्षमताएं और औद्योगिक संसाधन हैं, जिनके बल पर वे वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था के प्रमुख स्तंभ बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज अंतरिक्ष तकनीक केवल रॉकेट और उपग्रहों तक सीमित नहीं है बल्कि यह संचार, नेविगेशन, कृषि, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, आपदा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदाएं, खाद्य एवं जल सुरक्षा और सतत शहरीकरण जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए अंतरिक्ष आधारित समाधान पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गए हैं। चंद्रयान-3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग, आदित्य एल 1 के माध्यम से सूर्य के अध्ययन तथा मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान की प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि इन मिशनों ने भारत को वैश्विक अंतरिक्ष समुदाय में नई पहचान दिलाई है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि ब्रिक्स देशों को केवल विचार-विमर्श तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि सह-विकास, सह-नवाचार और सह-निर्माण की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, उद्योगों, स्टार्टअप्स और युवा नवोन्मेषकों को एक मंच पर लाकर ब्रिक्स देश वैश्विक चुनौतियों के समाधान विकसित कर सकते हैं, नई आर्थिक संभावनाएं पैदा कर सकते हैं और साझा समृद्धि का मजबूत आधार तैयार कर सकते हैं।



# भाजपा कार्यालय पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मरण व सेवा पखवाड़ा तैयारी बैठक संपन्न

- 2 जुलाई को होगा जिला सम्मेलन व शहर के किसी चौराहे, उद्यान व मार्ग का भी होगा नामकरण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**




भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक तथा प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संस्मरण पक्ष सेवा पखवाड़ा की तैयारी बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने किया और कहा की डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को राष्ट्र निर्माण सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की चेतन को जागृत करने और भारत की अखंडता के प्रतीक के रूप में जाना जाता है। वह एक प्रख्यात शिक्षाविद कुशल प्रशासक दूरदर्शी राजनेता और प्रखर राष्ट्रभक्त थे। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू और कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने तथा भारत के अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर से धारा 370 समाप्त करके डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को साकार करने का ऐतिहासिक कार्य किया। राष्ट्र प्रथम अब केवल भावना नहीं है यह भारत की जीवन धारा बन चुकी है। सभी देशवासी प्रधानमंत्री के प्रति कृतज्ञ हैं बताया की डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी संस्मरण पक्ष का आयोजन 23 जून 2026 (बलिदान दिवस) से 6 जुलाई 2026 (जन्म दिवस) तक मनाया जाएगा। यह वर्ष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर सभी बूथों पर बूथ सीमित के सदस्यों कार्यकर्ताओं के उपस्थिति में 28 जून को मन की बात कार्यक्रम/ चित्र पर माल्यार्पण/ वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया जाएगा। तथा 2 जुलाई को जिला सम्मेलन का आयोजन होगा साथ ही शहर के किसी चौराहे, उद्यान व मार्ग का नामकरण भी किया जाएगा।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा अथवा चित्र का अनावरण भी होना है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री रणविजय सिंह ने किया।

उक्त अवसर पर जिला महामंत्री सुनील श्रीवास्तव, सूबेद वर्मा ,जिला उपाध्यक्ष डिंपल जैन, कन्हैया सोनी, जिला मंत्री एकता जायसवाल, अजय सिंह, हरेन्द्र सिंह, प्रियंका रावत, जिला मीडिया प्रभारी शिवांकर शुक्ला, मंडल अध्यक्ष व मंडल प्रभारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पिता ने नाबालिग बेटी का कराया बाल विवाह

- पति की प्रताड़ना से किशोरी बेहोश, जिला अस्पताल में भर्ती



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** सुजौली थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की का उसके पिता ने बाल विवाह करा दिया। ससुराल में पति द्वारा प्रताड़ित किए जाने के बाद पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान वह बेहोश हो गई, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता ने बताया कि उसके पिता ने उसकी मर्जी के खिलाफ उससे काफी अधिक उम्र के व्यक्ति से उसकी शादी कर दी थी। शादी के बाद उसे ससुराल भेज दिया गया, जहां उसके पति ने उसके साथ कथित तौर पर गंभीर अत्याचार किया और विरोध करने पर उसकी पिटाई भी की। लगभग 15 दिनों तक ससुराल में रहने और लगातार प्रताड़ना झेलने के बाद, पीड़िता किसी तरह अपने मायके पहुंची। वहां से उसने सीधे सुजौली थाने जाकर अपनी आपबीती बताई। पुलिस ने उसकी तहरीर पर पिता और पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# ब्राह्मण महासंघ का फूटा आक्रोश, दोषियों की गिरफ्तारी की करी मांग

- भरत तिवारी हत्याकांड के विरोध में सड़कों पर उतरे सैकड़ों कार्यकर्ता

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**




भरत तिवारी की नृशंस हत्या के विरोध में विशेश्वरगंज क्षेत्र में ब्राह्मण समाज का आक्रोश खुलकर सामने आया। प्रदेश अध्यक्ष सतेंद्र शुक्ला, महामंत्री प्रदीप तिवारी एवं मंडल अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा के नेतृत्व में विशेश्वरगंज बस स्टॉप से पुरैना मोड़ तक विशाल श्रद्धांजलि सभा एवं कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्राह्मण महासंघ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भरत तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए हत्या की कड़ी निंदा की तथा दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी से कड़ी सजा की मांग की। कैंडल मार्च में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष सतेंद्र शुक्ला ने कहा कि यदि दोषियों के खिलाफ जल्द सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन प्रदेशव्यापी आंदोलन करने को बाध्य होगा। श्रद्धांजलि सभा के दौरान पूरे क्षेत्र में गम और आक्रोश का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अंकित त्रिपाठी, सत्यम पाठक, राहुल शुक्ला, आलोक तिवारी, राहुल सिंह, अविनाश मिश्रा, अर्पित तिवारी, विकास शुक्ला सहित ब्राह्मण महासंघ के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## दो माह में तीन बार फुंका ट्रांसफार्मर, 75 घरों में अंधेरा

**समृद्धि न्यूज़, रेहराबाजार /बलरामपुर।** विद्युत उपकेंद्र रेहराबाजार के अंतर्गत सरायखास बाजार डीह (बड़ी सरैया) में बिजली संकट गंभीर रूप ले चुका है। यहां लगा 25 केवी का ट्रांसफार्मर पिछले दो महीनों से बार-बार खराब हो रहा है, जिससे करीब 75 घरों में अंधेरा पसरा हुआ है। समस्या से नाराज ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग स्थायी समाधान के बजाय केवल खानापूरी कर रहा है। ओवरलोड के चलते ट्रांसफार्मर बार-बार फुंक जा रहा है। पिछले दो महीनों में विभाग तीन बार ट्रांसफार्मर बदल चुका है, लेकिन हर बार कम क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाए जाने से समस्या जस की तस बनी हुई है।

# सीडीओ ने तेजवापुर में संचालित गजपतिपुर पेयजल योजना का किया औचक निरीक्षण

## घर-घर पहुंचकर जमीनी हकीकत से हुए रूबरू

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**






मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने 'जल जीवन मिशन' के तहत विकास खण्ड तेजवापुर में संचालित गजपतिपुर पेयजल योजना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने योजना के अंतर्गत नवनिर्मित पंप हाउस, क्लोरिनेशन सिस्टम और पानी की टंकी की कार्यप्रणाली का बारीकी से जायजा लेते हुए परिसर के अन्दर कोई भी अनुचित गतिविधि न होने पाये व स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने कार्यदायी संस्था को कड़े निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने केवल संयंत्र तक सीमित न रहकर ग्राम के विभिन्न मजरों (टोलो) का सघन दौरा किया। उन्होंने खुद ग्रामीणों के दरवाजे पर जाकर पानी की आपूर्ति की जमीनी हकीकत जानी और उनकी समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक बताया कि गांव में सुबह और शाम, दोनों वक्त सुचारू रूप से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इस अवसर पर जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता, डी.पी.एम.यू के जिला समन्वयक, टी.पी.आई. की टीम, कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर, ग्राम प्रधान तथा भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### 1200 मतदाताओं के मानक पर होगा मतदेय स्थलों का सम्भाजन, निर्वाचन आयोग ने जारी की समय-सारणी

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** आगामी निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से पूर्व मतदेय स्थलों के सम्भाजन (Rationalization) की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी, गोण्डा द्वारा जनपद के समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मतदेय स्थलों का सम्भाजन 1200 मतदाताओं के मानक के आधार पर किया जाएगा। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 24 जून से 28 जून 2026 तक मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन, पुनर्निधारण तथा नए मतदेय स्थलों हेतु भवनों का चिन्हांकन किया जाएगा। इसके उपरांत 29 जून से एक जुलाई तक मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मतदेय स्थलों के प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 4 जुलाई को मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची प्रकाशित की जाएगी तथा 4 जुलाई को उक्त सूची मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाएगी। सांसदों, विधायकों एवं राजनीतिक दलों से प्राप्त सुझावों एवं आपत्तियों के निस्तारण के उपरांत 18 जुलाई तक सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके बाद 25 से 28 जुलाई तक जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को भेजे जाएंगे तथा 31 जुलाई तक आयोग के अनुमोदन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि मतदेय स्थलों का सम्भाजन शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन के आधार पर किया जाए। सत्यापन के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि संबंधित मतदेय स्थल भवन के आसपास ही उससे संबद्ध निर्वाचक नामावली के मतदाता निवास करते हों तथा भवन मतदान हेतु सभी आवश्यक मानकों को पूरा करता हो। यह कार्य जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्राधिकृत जनपद स्तरीय अधिकारियों की टीम के माध्यम से कराया जाएगा, जबकि संपूर्ण प्रक्रिया की जिम्मेदारी जिला निर्वाचन अधिकारी की होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं मानकों का पूर्ण अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाए।

### हत्या व दहेज उत्पीड़न की सजा काट रहे आरोपी को मिली जमानत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** प्राप्त विवरण के अनुसार मामला जनपद का है आवास



विकास निवासी शांतनु उपाध्याय द्वारा 2021 में एक प्रार्थना पत्र देकर प्रशांत दुबे, अभिषेक दुबे व मधुबाला समेत अन्य लोगों पर अपनी बहन पुनीता की हत्या का लगाया था आरोप जिस मामले मे हत्या,दहेज उत्पीड़न से सम्बंधित कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोपी प्रशांत दुबे निवासी पूरे शिवा बख्तावर कोतवाली नगर विगत पांच वर्ष से जिला कारागार मे बंद थे। ससुरालियों द्वारा पत्नी पुनीता उपाध्याय की हत्या के आरोप में दर्ज मु0 अप0 संख्या 308 / 2021 में धारा 498 ए 120 बी 302व 3/4 आईपीसी के तहत कोतवाली नगर दर्ज वाद के मामले में तमाम साक्ष्य ,गवाह व तर्कों के आधार पर वरिष्ठ फौजदारी अधिवक्ता शमीम अतहर उनके सहयोगी विवेक श्रीवास्तव, आनंद प्रकाश, मारिया खातून, सरदार सिंह के साथ मुंशी के0के0 शुक्ला के अथक प्रयास व मेहनत के परिणाम स्वरूप एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज एफ0टी0सी0द्व2 ने प्रशांत दुबे को आदेश दिनांक 20जून 2026 मे 50000 के मुचलके पर दी जमानत।जिसकी सूचना मिलते ही प्रशांत दुबे व उनके परिजन खुशी मनाते हुए एक दूसरे को दी ढेरों शुभकामनाएं जबकि वरिष्ठ अधिवक्ता शमीम व उनके सहयोगियों ने भी एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर दी शुभकामनाएं । उक्त मामले में प्रशांत दुबे द्वारा कहा गया कि मेरे अधिवक्ता शमीम अतहर व उनकी पूरी टीम की कड़ी मेहनत व मां भगवती का आशीर्वाद था कि मैं व मेरा परिवार जनपद की अदालत से जमानत पर हुए रिहा।

### खाई में पलटी तेज रफ्तार कार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** गोंडा में नवाबगंज से मनकापुर जाने वाली रोड पर एक तेज रफ्तार कार बिल्ली से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा पलटी। हादसे में कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना मनकापुर-नवाबगंज रोड पर स्थित माधवपुर के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार की रफ्तार काफी तेज थी। अचानक सामने आई बिल्ली को बचाने के चक्कर में ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और कार सड़क से उतरकर खाई में जा गिरी। **तीन खंभे टूटे, कई गांव अंधेरे में**-हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे लगे बिजली के तीन खंभों को बुरी तरह तोड़ दिया। खंभे टूटने से आस-पास के कई गांवों की बिजली रात से ही गुल है और पूरा इलाका अंधेरे में डूबा हुआ है। इस हादसे में कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक तीनों की हालत गंभीर बनी हुई है।

# सड़क निर्माण में अनियमितता: ग्रामीणों ने काम रोका

- 6 इंच की जगह 4 इंच सड़क, मोरंग की जगह पत्थर की धूल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिले के नानपारा इलाके के नील कोठी- तायपुर टेडिया संपर्क मार्ग के निर्माण में अनियमितता की शिकायत के सामने आई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सड़क 6 इंच की निर्धारित मोटाई के बजाय केवल 4 इंच बनाई जा रही है। और मौरंग की जगह पत्थर की धूल का इस्तेमाल किया जा रहा है। इन शिकायतों के बाद अवर अभियंता ने निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से रुकवा दिया है। ग्रामीणों को कहना है की गिट्टी तारकोल की जगह आरसी सड़क का निर्माण हो रहा है। जिसमें गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है। निर्माण की खराब गुणवत्ता को लेकर



नील कोठी के निवासी दिवाकर मिश्रा, शिवकुमार पासवान, रूपेश कुमार, दीपक जायसवाल, अमरेंद्र सिंह, वेद प्रकाश ,अमित सिंह, सुधांशु जायसवाल, मोनू यादव और पंकज जायसवाल सहित दर्जनों ग्रामीणों ने मीडिया के सामने आकर विरोध प्रदर्शन किया और काम रुकवा दिया। यह मार्ग कई वर्षों से ग्रामीणों की मांग थी। जिसे नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा के प्रयास से स्वीकृत किया गया था। विधायक ने ही सड़क का शिलान्यास किया था अब घटिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। सड़क निर्माण कर रहे ठेकेदार ने आरोपो को खारिज करते हुए कहा कि सड़क का निर्माण मानक के अनरूप ही किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि किसी को संदेह है तो सड़क खोज कर जांच करवा सकते हैं। वही अवर अभियंता इलियास हसन ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत मिलते ही निर्माण कार्य रोक दिया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि सड़क का निर्माण शासन की गाइडलाइन के अनुसार ही कराया जाएगा। मोटाई और सामग्री की गुणवत्ता की जांच की जाएगी और मानकों से कोई समझौता नहीं होगा। कई सालों की प्रतीक्षा के बाद शुरू हुए इस सड़क निर्माण में गुणवत्ता को लेकर उठे सवालों के बाद अब जांच का इंतजार है।

या देखना होगा की जांच के बाद सड़क का निर्माण कब तक निर्धारित मानकों के अनुसार पूरा होता है।

# पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

## कैसरगंज में .315 बोर का देशी तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस ने अवैध हथियार रखने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। कैसरगंज थाना पुलिस ने आरोपी के कब्जे से .315 बोर का एक देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। यह कार्रवाई अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। यह गिरफ्तारी मंगलवार, 23 जून 2026 को की गई। अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी कैसरगंज के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय के नेतृत्व में कैसरगंज पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान जगत राम यादव (42 वर्ष) के रूप में हुई है। वह स्वामी दयाल यादव का पुत्र तथा सरदवन पुरवा चुलम्भा, थाना कैसरगंज, जनपद बहराइच का निवासी है।अभियुक्त के पास से .315 बोर का एक देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने उसके विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे माननीय न्यायालय में पेश किया।

# परिवार नियोजन के छह माह बाद गर्भवती हुई महिला

- सीएचसी पर लापरवाही का आरोप, मुआवजे की मांग
- चार बच्चों की मां ने कराया था ऑपरेशन

**बहराइच समृद्धि न्यूज़**



जिले के शिवपुर विकासखंड की रामपुर धोबिया ग्राम पंचायत के सम्मनपुरवा पुरवा मजरे में परिवार नियोजन के बावजूद एक महिला के गर्भवती होने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाया है हालांकि स्वास्थ्य विभाग का कहना है की दुर्लभ मामलों में परिवार नियोजन की प्रक्रिया के बाद भी गर्भधारण संभव है।

सम्मनपुरवा निवासी खुशबू देवी ने बताया कि उन्होंने करीब 6 माह पहले नानपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन की प्रक्रिया कराई थी।

उनके पहले से ही दो बेटियां और दो बेटे हैं। परिवार पूरा होने के बाद उन्होंने अगले संतान न होने के उद्देश्य यह कदम उठाया था।

**अब 5 माह की गर्भवती**

खुशबू देवी का कहना है कि परिवार नियोजन के बावजूद वह अब 5 माह की गर्भवती है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऑपरेशन या प्रक्रिया सही ढंग से नहीं की गई जिसके कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है।

उन्होंने मामले की जांच और उचित मुआवजे की मांग की है।

**स्वास्थ्य विभाग में क्या कहा**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा के प्रभारी डॉ नागिन रजा ने बताया कि परिवार नियोजन की प्रक्रिया के बाद गर्भधारण की संभावना बहुत कम होती है। लेकिन कुछ मामलों में ऐसा हो सकता है।

उन्होंने कहा कि यदि महिला अपने सभी चिकित्सकीय दस्तावेज और साक्ष्य लेकर कार्यालय आती है तो मामले की जांच कर कर शासन की ओर से निर्धारित नियमों के तहत उन्हें मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

**जांच के बाद होगी आगे की कार्रवाई**

स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि महिला के दस्तावेजों और चिकित्सकीय रिकॉर्ड की जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मामला चिकित्सा लापरवाही का है या परिवार नियोजन की प्रक्रिया सफल होने का सामान्य मामला। फिलहाल विभाग ने पीड़िता से आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा है।

# 10 हजार के मोबाइल पर कवर, लेकिन खुद के लाल के सिर पर हेलमेट नहीं

- पुलिस की अभिभावकों को कड़ी चेतावनी, बदलें अपनी ये घोर लापरवाही



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में नाबालिग बच्चों की बाइक हादसों में मौत की खबरें सुनकर और पढ़कर दिल दहल जाता है। ऐसे में अपने बच्चों को रेसर बाइक देने से पहले अभिभावकों को सौ बार सोचना चाहिए। तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में युवाओं की जान जा रही है, जिसके बाद परिवारों में मातम और कोहराम मच जाता है। अक्सर देखा जाता है कि नाबालिग बच्चे बिना हेलमेट के बाइक चलाते हैं और यातायात नियमों की अनदेखी करते हैं। दुर्घटनाओं में होने वाली कई मौतों का प्रमुख कारण सिर पर हेलमेट न होना भी होता है।नाबालिग बच्चों को बाइक देना और उन्हें बिना सुरक्षा उपकरणों के वाहन चलाने की अनुमति देना अभिभावकों की गंभीर लापरवाही मानी जा सकती है। ऐसे में माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें, हेलमेट पहनने की सख्त हिदायत दें और यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। आखिर हम अपनी जिम्मेदारियों से क्यों पीछे हटते हैं? जो हमें सबसे प्यारा है, उसकी सुरक्षा को लेकर हम लापरवाह क्यों हो जाते हैं? हम दस हजार रुपये का मोबाइल खरीदते हैं और उस पर कवर चढ़वाते हैं ताकि वह गिरकर टूट न जाए, लेकिन जब बच्चों को बाइक देकर भेजते हैं तो यह नहीं कहते कि हेलमेट जरूर पहन लो। पति, भाई, बेटा, बेटी या बहन–परिवार के सभी सदस्यों की यह जिम्मेदारी है कि घर से निकलने से पहले अपने प्रियजनों को हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करने की याद दिलाएं। उन्हें यह जरूर कहें कि हेलमेट लगाकर और सीट बेल्ट बांधकर ही वाहन चलाएं। कई यातायात पुलिसकर्मियों से बातचीत में पता चला कि पहले जहां तीन सवारी बैठाने का चलन था, वहीं अब चेकिंग के दौरान कई लोग एक ही बाइक पर चार-चार लोगों को बैठाकर चलते हुए मिलते हैं। ऐसे मामलों में पुलिस को चालान करना पड़ता है। कई बार एक बाइक पर माता-पिता और दो बच्चे तक सवार होकर निकलते हैं। यह घोर लापरवाही है, जो दुर्घटनाओं का कारण बनती है। इसके बाद अखबारों में तस्वीरें छपती हैं और खबरें आती हैं कि हादसे के बाद घर में कोहराम मच गया। सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए आवश्यक है कि नाबालिगों को बाइक न दी जाए और उन्हें तेज रफ्तार रेसर बाइकों से दूर रखा जाए। थोड़ी सी सावधानी किसी परिवार को जीवनभर के दुख और पछतावे से बचा सकती है।

# रेलवे टिकट में हेरा-फेरी कर यात्रियों को बेचे जाने वाले दलालों को रेलवे पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**



मंडल मुख्यालय से प्राप्त इनपुट आईडी तथा वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त लखनऊ महोदय के आदेशानुसार कार्यवाही के दौरान ज्ञात हुआ कि रेलवे टिकट दलालों द्वारा आधार कार्ड में नाम व त्क्रकोड एवं टिकट में नाम बदलकर संगठित तरीके से महंगे दामों पर फर्जी टिकट बिक्री का मामला सामने आया प्रभारी निरीक्षक बस्ती एवं निरीक्षक अजमेर सिंह यादव मंडल रिजर्व, निरीक्षक अनिरूद्ध राय/ गोंडा के प्रवेक्षण में उनि प्रशांत सिंह यादव के तकनीकी सहयोग पर आज दिनांक 23/24.6.2026 को गाड़ी संख्या 20104 कोच में बड़ी सफलता हासिल की। टीम ने गाड़ी संख्या 20104 के स्1 कोच की बर्थ संख्या 2,3,5,6 एवं 40 तथा स्3 में बर्थ न 32 पर यात्रा कर रहे सभी 6 यात्रियों को छद्म नामों से यात्रा करते पकड़ा। जांच में पता चला कि ये यात्री ओपनिंग श्रेणी के रिजर्वेशन ई टिकट पर यात्रा कर रहे थे, लेकिन ई टिकट मूल रूप से अन्य व्यक्तियों के नाम पर बुक था। यात्रियों द्वारा प्रस्तुत आधार कार्डो को चेक करने पर नाम और कोड एडिट/परिवर्तित पाए गए।

## बेंगलुरु से ढाई साल बाद घर लौटे युवक की संदिग्ध मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** धानेपुर थाना क्षेत्र के त्रिभुवन नगर ग्रंट के पूरे छोटकाई डीह गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। बेंगलुरु से ढाई साल बाद घर लौटे राजदीप का शव जमीन पर बैठी हुई अवस्था में मिला, जिसके गले में फांसी का फंदा लगा था। शव की स्थिति को लेकर परिजनों और पुलिस के दावों में विरोधाभास है। **शव की स्थिति ने खड़े किए सवाल**-राजदीप का शव गांव में जमीन पर बैठी हुई अवस्था में मिला। उसके गले में फांसी का फंदा लगा हुआ था। शव की इस अजीब स्थिति को देखकर मामला हत्या और आत्महत्या के बीच उलझ गया है। मृतक राजदीप के घरवालों का सीधा आरोप है कि उसकी हत्या की गई है।

# केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास की विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की

## प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के व्यापक क्रियान्वयन के दिए निर्देश

- प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से अधिक से अधिक युवाओं और महिलाओं को पात्र स्ट्रीट वेंडर्स से जोड़ने के लिए चलाया जाए विशेष अभियान
- ब्लॉक और ग्राम स्तर पर विशेष शिविर आयोजित कर युवाओं और महिलाओं को किया जाए जागरूक



**डबल इंजन की सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए कटिबद्ध**

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जनपदों के अधिकारी ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित करें, ताकि योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। साथ ही विभागीय स्तर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सहभागिता स्पष्ट रूप से निर्धारित की जाए तथा अभियान की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना केवल आर्थिक सहायता प्रदान करने की योजना नहीं है, बल्कि यह आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी का सपना आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करना है और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा आवश्यक सभी कदम उठाए जा रहे हैं। श्री मौर्य ने कहा कि डबल इंजन सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं, महिलाओं एवं छोटे उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र स्ट्रीट वेंडर्स को जोड़ने के लिए विशेष अभियान संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। पंजीकरण व सहायताः योजनाओं में पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाते हुए मौके पर ही सहायता और परामर्श दिया जाए। वित्तीय साक्षरताः ऋण प्रक्रियाओं और बैंकिंग सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देकर उनकी झिझक को दूर किया जाए। परामर्श केंद्रः युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार अपनाने के लिए सही मार्गदर्शन और परामर्श उपलब्ध कराया जाए। सभी जिलों के मुख्य विकास अधिकारी और संबंधित अधिकारी ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर नियमित रूप से कार्यक्रमों और शिविरों का आयोजन सुनिश्चित कराएं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं एवं महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाए।

# लेफ्टिनेंट जनरल की सेवानिवृत्ति पर गार्ड ऑफ ऑनर आयोजित किया गया



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** आर्मी मेडिकल कोर (एएमसी) सेंटर एवं कॉलेज के कमांडेंट एवं अभिलेख प्रमुख एवं एएमसी के कर्नल कमांडेंट, लेफ्टिनेंट जनरल शिविंदर सिंह ने 24 जून 2026 को लखनऊ छावनी स्थित एएमसी सेंटर एवं कॉलेज के युद्ध स्मारक 'श्रद्धांजलि' पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने आर्मी मेडिकल कोर में अपनी ड्यूटी के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया था। अपने 38 वर्षों से अधिक की शानदार सैन्य सेवा पूरी करने के बाद लेफ्टिनेंट जनरल शिविंदर सिंह आगामी 30 जून 2026 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनकी सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में 24 जून 2026 को ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज परेड ग्राउंड में उनको गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जनरल ऑफिसर ने सम्मान परेड कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल अमित चोपड़ा और द्वितीय परेड कमांडर कैप्टन अभिनीत सिंह सेंगर के नेतृत्व वाले टुकड़ी का निरीक्षण किया। इन दोनों समारोहों में एएमसी सेंटर एवं कॉलेज के अधिकारी, जूनियर कमीशन्ड अधिकारी, अन्य रैंक एवं रिक्रूट शामिल हुए।

## खबरें एक नजर में

### चारबाग के निवाज खेड़ा में निर्माण कार्य पर उठे सवाल, स्थानीय लोगों ने कार्रवाई की मांग की

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** चारबाग क्षेत्र के मोती नगर स्थित निवाज खेड़ा में चल रहे एक बहुमंजिला निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय लोगों में सवाल उठ रहे हैं। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि निर्माण कार्य तेजी से जारी है, जबकि इसकी वैधता और स्वीकृत नक्शे को लेकर स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक नहीं है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि निर्माण नियमों के अनुरूप नहीं है तो संबंधित विभागों द्वारा अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं की गई। लोगों ने यह भी मांग की है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) और संबंधित प्रशासनिक विभाग मौके का निरीक्षण कर यह स्पष्ट करें कि निर्माण कार्य स्वीकृत मानकों के अनुरूप है या नहीं। क्षेत्र में चर्चा का विषय यह भी बना हुआ है कि प्रदेश में अवैध निर्माणों पर बुलडोजर कार्रवाई की नीति के बावजूद इस निर्माण पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं दिखाई दे रही है। हालांकि अभी तक संबंधित अधिकारियों की ओर से इस विशेष निर्माण को अवैध घोषित किए जाने की कोई आधिकारिक सूचना सामने नहीं आई है। लखनऊ में अवैध निर्माणों के खिलाफएलडीए द्वारा समय-समय पर सीलिंग और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाती रही है तथा चारबाग क्षेत्र में भी पूर्व में अवैध निर्माणों पर कार्रवाई के मामले सामने आ चुके हैं।

### एफडी घोटाले पर तीसरे दिन भी हंगामा, बैंक ऑफ बड़ौदा में खाताधारकों का प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी के मोहन रोड स्थित शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय परिसर में संचालित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में कथित करोड़ों रुपए के एफडी घोटाले को लेकर खाताधारकों का विरोध प्रदर्शन बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। बड़ी संख्या में पीड़ित बैंक पहुंचे और जमा पूंजी वापस दिलाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया, जिससे शाखा का कामकाज प्रभावित रहा। खाताधारकों का आरोप है कि बैंक मित्र शिवा राव और उसके सहयोगी दीपक ने अधिक ब्याज का लालच देकर एफडी के नाम पर लाखों रुपये जमा कराए। मामले के खुलासे के बाद दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, लेकिन पीड़ितों को अब तक उनकी जमा राशि नहीं मिल सकी है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। प्रदर्शन को देखते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा के डिप्टी रीजनल मैनेजर अनीश कुमार भारती मौके पर पहुंचे और खाताधारकों से बातचीत की। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि बैंक स्तर पर मामले की गंभीरता से समीक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि कुछ खाताधारकों का भुगतान एक सप्ताह के भीतर कराने का प्रयास किया जाएगा और बैंक प्रबंधन पीड़ितों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। हालांकि, खाताधारक इस आश्वासन से संतुष्ट नहीं हुए। उनका कहना था कि उन्हें पहले भी कई बार ऐसे आश्वासन दिए जा चुके हैं, लेकिन अब तक किसी भी पीड़ित को उसकी पूरी रकम वापस नहीं मिली है। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी जमा पूंजी वापस नहीं हो जाती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।प्रदर्शन के दौरान बैंक परिसर में लगातार नारेबाजी होती रही, जिसमें खाताधारकों ने बैंक प्रबंधन के खिलाफअपना रोष व्यक्त किया। स्थिति को देखते हुए पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी करता रहा। बैंक अधिकारियों ने एक बार फिर भरोसा दिलाया कि मामले के निस्तारण के लिए उच्च स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** बुधवार सुबह आम के बाग में युवक का शव पेड़ से रस्सी के सहारे लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पूरा मामला नगराम थाना क्षेत्र का है। परिजनों का कहना है कि पति-पत्नी का लंबे समय से विवाद चल रहा था। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान 27 वर्षीय वसंत निवासी छन्दरौली, थाना लोनीकटरा (बाराबंकी) के रूप में हुई है। वसंत की शादी नगराम कस्बा निवासी शालिनी से हुई थी। दंपती के दो छोटे बच्चे हैं, जिनमें चार वर्षीय बादल और डेढ़ वर्षीय दिव्यम शामिल हैं। परिजनों के मुताबिक, पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था, जिसके चलते शालिनी करीब एक माह से अपने मायके में रह रही थी। बताया जा रहा है कि वसंत बुधवार को अपनी ससुराल आया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि वह नशे की हालत में था। बुधवार सुबह उसका शव कस्बे के बाहर स्थित आम की बाग में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी विवेक कुमार चौधरी ने बताया कि युवक का शव फंदे से लटका मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# लखनऊ अग्निकांडः ब्रजेश पाठक ने जन्मदिन न मनाने का किया ऐलान

- जब घरों के चिराग बुझ गए हों तो उत्सव कैसा



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** लखनऊ के कोचिंग सेंटर में हुए भीषण अग्निकांड में कई मासूम छात्रों की मौत से पूरे प्रदेश में शोक का माहौल है। इस दर्दनाक हादसे के बीच उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने संवेदनशील पहल करते हुए 25 जून को अपना जन्मदिन नहीं मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि जब अनेक परिवार अपने बच्चों को खोने के असहनीय दुःख से गुजर रहे हों और कई घरों के चिराग बुझ गए हों, तब व्यक्तिगत उत्सव मनाना उचित नहीं है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपना जन्मदिन दिवंगत बच्चों की स्मृति और शोकाकुल परिवारों के प्रति श्रद्धांजलि व संवेदना को समर्पित करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा है कि लखनऊ के कोचिंग सेंटर में हुए भीषण अग्निकांड ने मन को भीतर तक उद्वेलित और व्यथित कर दिया है। इस दुःखद घटना में अनेक मासूम बच्चों की असामयिक मृत्यु ने पूरे प्रदेश को शोक और पीड़ा से भर दिया है। उन्होंने लिखा कि जब कई परिवारों के घरों के चिराग बुझ गए हों, तब अपने जन्मदिन का उत्सव मनाना उचित प्रतीत नहीं होता। इसी गहन संवेदना और शोक के भाव के साथ मैंने निर्णय लिया है कि कल, 25 जून को, मैं अपना जन्मदिन नहीं मनाऊँगा। यह दिन उन दिवंगत मासूम बच्चों की पावन स्मृति तथा उनके शोकाकुल परिजनों के प्रति श्रद्धांजलि और संवेदना को समर्पित रहेगा। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लिखा कि प्रभु श्रीहरि से प्रार्थना है कि वे इस अत्यंत हृदयविदारक, पीड़ादायक एवं दुर्भाग्यपूर्ण घटना में दिवंगत सभी बच्चों को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें, शोक संतप्त परिवारों को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति दें तथा घायलों को शीघ्र पूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। गौरतलब है कि लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में स्थित एक बहुमंजिला इमारत में हुए भीषण अग्निकांड ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया। हादसे में 15 बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पांच अन्य बच्चे घायल हो गए, जिनका विभिन्न अस्पतालों में उपचार चल रहा है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इमारत के भूतल पर पेट शॉप संचालित थी, जबकि ऊपरी मंजिल पर गेमिंग जोन चल रहा था। आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ ही अस्पताल पहुंचकर घायलों और उनके परिजनों से भी बातचीत की है।

जांच एजेंसियां सुरक्षा मानकों, भवन की वैधता और संभावित लापरवाही समेत सभी पहलुओं की गहनता से पड़ताल कर रही हैं।

# अग्निकांड में घायल मरीज को देखने पहुंचीं महापौर पीड़ित परिवारों से घर जाकर की मुलाकात



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** अलीगंज अग्निकांड में घायल छात्र जयंत गुप्ता से बुधवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर पहुंचकर मुलाकात की। उन्होंने जयंत का हालचाल जाना और डॉक्टरों से उसके हेल्थ की जानकारी ली। इसके बाद मेयर ने हादसे में जान गंवाने वाले छात्रों और युवाओं के परिजनों से उनके घर जाकर मुलाकात की तथा उन्हें सांत्वना दी। महापौर ने गुडम्बा के मायापुरी में दिवंगत सागर पंत, कमता चिनहट में ज्योति, गौतमपल्ली के मार्टिनपुरवा में नीलेश कुमार, आलमबाग के आदर्श नगर में सुखमणी सिंह तथा उतरठिया के शांति नगर में अनुक्षा राई के परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि इस हादसे ने कई परिवारों की खुशियां छीन ली हैं और पूरा शहर इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। महापौर ने दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए भरोसा दिलाया कि जरूरत पड़ने पर हर संभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक होनहार युवा या बेटी का असमय निधन पूरे समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। महापौर ने विश्वास जताया कि एसआईटी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करेगी और पीड़ित परिवारों को न्याय मिलेगा।

# अर्णव को 56,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**



सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस के कैम्ब्रिज सेक्शन के छात्र अर्णव अग्रवाल ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता की बदौलत उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की प्रतिष्ठित फ्लोरिडा टेक यूनिवर्सिटी से 56,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। इस प्रकार, सी.एम.एस. के एक और छात्र ने विश्व प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में स्कॉलरशिप अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। अर्णव को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्च शिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने सी.एम.एस. छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि अर्णव ने अपनी सफलता का सम्पूर्ण श्रेय सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। खास बात यह है कि सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्र को अमेरिका की ही यूनिवर्सिटी ऑफ मिनेसोटा, यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो बोल्डर के साथ ही नीदरलैंड की डेल्फ्ट यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी ने भी स्कॉलरशिप के साथ उच्चशिक्षा हेतु आमन्त्रित किया है। श्री खन्ना ने बताया कि प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं। इस वर्ष अभी तक सी.एम.एस. के 110 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम रोशन किया है। श्री खन्ना ने आगे बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।

**(ऋषि खन्ना), हेड, कम्यूनिकेशन्स, सिटी मोन्टेसरी स्कूल, लखनऊ**

# सरकारी कामकाज में राजभाषा के अधिकतम प्रयोग-प्रसार के लिए हुए सम्मानित



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान द्वारा आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-3) लखनऊ की वर्ष 2026 की प्रथम छमाही बैठक में आज डा.एस.एन.सुशील अध्यक्ष 'नराकास' एवं निदेशक 'भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान' की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरा डा.एस.एन.सुशील द्वारा मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ को अक्टूबर 2025-मार्च 2026 छमाही अवधि में सरकारी कामकाज में राजभाषा के अधिकतम प्रयोग-प्रसार में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु द्वितीय पुरस्कार एवं पत्रिका प्रकाशन में चतुर्थ पुरस्कार स्वरुप शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा सर्वाधिक हिंदी कार्यशाला आयोजन में प्रथम पुरस्कार के रूप में प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल ने शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने के उपरान्त बैठक में उपस्थित स्थानीय केन्द्रीय सरकार के 74 कार्यालयों के प्रमुख एवं अन्य अधिकारीगण को सम्बोधित करते हुए कहा कि मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ में सरकारी कामकाज नियमानुसार हिंदी अथवा द्विभाषी रूप में ही संपन्न हो रहे हैं। यह स्थिति हमने सतत् निगरानी रखते हुए, अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रेरित करके प्राप्त की है। हमने आलोच्य छमाही में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दोनों तिमाही की नियमित बैठकें, हिंदी में 05 तकनीकी संगोष्ठी, 31 हिंदी कार्यशालाएं तथा 01 साहित्यिक संगोष्ठी आयोजित की। लखनऊ मंडल कार्यालय एवं मंडल के विशिष्ट स्टेशनों पर साहित्यकारों की जयंतियों, तकनीकी संगोष्ठियों का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है। इसके अलावा इस छमाही में हिंदी पत्रिका 'प्रगति' और हिंदी समाचार बुलेटिन 'लखनऊ दर्पण' का नियमित प्रकाशन कराया गया। हम अपनी इस उपलब्धि को भविष्य में भी बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता कायम रखेंगे।

# 'सेवा से समृद्धि' क्षेत्रीय कार्यशाला में यूपी के दो सीएससी-वीएलई सम्मानित

- लखनऊ की डॉ. रंजना सिंह व सोनभद्र के संतोष कुमार को मिला उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मान

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत-आधारित डिजिटल सेवा वितरण को सुदृढ़ बनाने तथा अंतिम छोर तक नागरिक सेवाओं की प्रभावी पहुँच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पंचायती राज मंत्रालय एवं कॉमन सर्विस सेंटर स्पेशल पर्पस व्हीकल इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में श्रीनगर जम्मू-कश्मीर में 'सेवा से समृद्धि पंचायत-आधारित सेवा वितरण' विषय पर क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने किया। इस अवसर पर जम्मू-कश्मीर के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री जावेद अहमद डार, पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज, सीएससी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रवीण चंदेकर, संयुक्त सचिव पलका साहनी तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, जम्मू-कश्मीर के सचिव मोहम्मद एजाज असद सहित राज्यों के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि एवं कॉमनसर्विस सेंटर के विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर उपस्थित रहे।कार्यशाला में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, उत्तराखण्ड एवं यूपी सहित सात राज्यों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता करते हुए पंचायत आधारित सेवा वितरण के नवाचारों, डिजिटल गवर्नेस, नागरिक सहभागिता तथा सुशासन के प्रभावी मॉडलों पर विचार-विमर्श किया। तकनीकी सत्रों, पैनल चर्चाओं एवं अनुभव-साझाकरण के माध्यम से राज्यों की सफल कार्यप्रणालियों का आदान-प्रदान किया गया।

### विश्वविद्यालय में धरना दे रहा युवक बेहोश होकर गिरा

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में पिछले 22 दिनों से छात्रों का धरना जारी है। बुधवार को धरना दे रहे छात्र प्रेम प्रकाश की अचानक तबीयत बिगड़ गई। वह बेहोश होकर गिर गया। बेहोशी की हालत में साथी छात्रों ने उन्हें तत्काल बलरामपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया। डॉक्टरों के अनुसार फिलहाल छात्र की हालत स्थिर है। छात्रों का आरोप है कि घटना के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में एंबुलेंस उपलब्ध होने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई मदद नहीं दी गई। उनका कहना है कि प्रेम प्रकाश को अस्पताल ले जाने के लिए उन्हें खुद व्यवस्था करनी पड़ी, जबकि कैंपस में दो एंबुलेंस मौजूद थीं।

**गोलमाल**

## राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण में 'काकभुशुन्डि' गायब

# बिना एफआईआर गठित एसआईटी बगैर तीर की कमानः अखिलेश

- 'जांच' से ज्यादा 'ढांक' के लिए बनी है या फिर 'बांट' के लिए एसआईटी

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**



अयोध्या स्थित राम मंदिर में चढ़ावे और दान से जुड़े कथित अनियमितताओं के विवाद के बीच समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अब 'कागभुसुंडि' के गायब होने का मामला उठाते हुए राज्य सरकार और जांच प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि बिना एफआईआर गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) 'बिना तीर की कमान' के समान है। उन्होंने आरोप लगाया कि राममंदिर में चढ़ावे, चंदे और दान से जुड़ी कथित गड़बड़ियों के नए-नए खुलासे सामने आ रहे हैं, जिससे श्रद्धालुओं में आक्रोश बढ़ रहा है। सपा प्रमुख ने एसआईटी की मंशा और प्रभावशीलता पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह जांच से ज्यादा मामले को ढंकने का प्रयास प्रतीत होती है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक बार फिर राम मंदिर चढ़ावा को लेकर लिखा कि एफआईआर के बिना एसआईटी बिना तीर की कमान है। उन्होंने आगे लिखा कि अब दान में दिये गये 'कागभुसुंडि' के गायब हो जाने की निंदनीय खबर आई है। उन्होंने कहा कि जिस तरह हर दिन 'चढ़ावा-चंदा-दान' चोरी का नया भंडाफोड़ हो रहा है और सनातनी आस्थावानों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है, उसे देखकर नेपाल और बाकी बार्डर बंद कर देने चाहिए, जिससे आरोपी फ़रार न हो सकें। अखिलेश यादव ने लिखा कि जब अभी खुलासे हो ही रहे हैं तो एसआईटी की जाँच क्या हासिल कर लेगी और खासतौर से तब जब ये 'जांच' से ज्यादा 'ढांक' के लिए बनी है या फिर 'बांट' के लिए। उल्लेखनीय है कि राम मंदिर चढ़ावा और दान राशि में कथित अनियमितताओं के आरोप सामने आने के बाद राज्य सरकार ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था। एसआईटी में लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, लखनऊ जोन की पुलिस महानिरीक्षक किरन एस और विशेष सचिव वित्त नीलरतन को शामिल किया गया था। जांच दल ने बीते दिनों अयोध्या में विभिन्न पक्षों से पूछताछ करने के साथ ही संबंधित दस्तावेजों और वित्तीय अभिलेखों की भी गहन पड़ताल की। जांच पूरी करने के बाद एसआईटी ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट शासन को सौंप दी है। हालांकि सरकार ने स्पष्ट किया है कि जांच प्रक्रिया अभी जारी है और आवश्यकता पड़ने पर आगे भी तथ्यों की पड़ताल तथा संबंधित लोगों से पूछताछ की जाएगी। मामले में अंतिम निर्णय जांच के सभी पहलुओं के परीक्षण के बाद लिया जाएगा।

# स्मारक मित्रों के सहयोग से पर्यटक सुविधाओं का विकासः जयवीर



- 26 स्मारक मित्रों के नामित करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राज्य पुरातत्व निदेशालय द्वारा प्रदेश की सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण, संर्वधन एवं आम लोगों की भागीदारी के उद्देश्य से संचालित एडॉप्ट ए हेरिटेज पॉलिसी के अंतर्गत अब तक 5 स्मारकों-कुसुमवन सरोवर, मथुरा, रसखान की समाधि, मथुरा,पोतराकुण्ड, मथुरा, लक्ष्मी मंदिर, झांसी तथा हुलासखेड़ा लखनऊ के लिए स्मारक मित्रों का चयन किया गया है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप अगले चरण में 26 अन्य संरक्षित स्मारकों एवं प्राचीन स्थलों के लिए स्मारक मित्रों चयन हेतु रूचि की अभिव्यक्ति एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट आमंत्रित करने के लिए कार्यवाही हो रही है। निदेशालय का उद्देश्य प्रदेश की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान करना तथा निजी एवं सामाजिक संस्थाओं की सहभागिता है। योजना के माध्यम से कॉर्पोरेट संस्थान, शैक्षणिक संस्थान, गैर-सरकारी संगठन तथा अन्य इच्छुक संस्थाएं स्मारकों के संरक्षण एवं पर्यटक सुविधाओं के विकास में सहभागिता कर सकेंगी। उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय द्वारा प्रदेश के शेष संरक्षित स्मारकों एवं पुरास्थलों पर भी स्मारक मित्र नामित किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इस संबंध में इच्छुक संस्थाओं, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, सामाजिक संगठनों एवं अन्य पात्र हितधारकों से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर हमारी समवेत चेतना के केन्द्र है। यह स्मारक हमारे गौरवशाली इतिहास को समेटे हुए है। इनके संरक्षण के प्रति जनमानस में चेतना जगाना आवश्यक है। इसी दृष्टिकोण को अपनाते हुए पुरातत्व निदेशालय स्मारक मित्रों को जोड़कर इनके अस्तित्व को बचाये रखने का कार्य किया जा रहा है। एडॉप्ट ए हेरिटेज पॉलिसी के अंतर्गत प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन करते हुए पर्यटन विकास के क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### दो इनामी गौकश मुठभेड़ में गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली

**कांट, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र में पुलिस और गौकशो के बीच मुठभेड़ हो गई इस दौरान दस-दस हजार के दो इनामी गौकशो को गिरफ्तार लिया गया। एक गौकश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि उनके दो साथी फरार हो गए। घायल गौकश को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक नगर देवेंद्र कुमार ने बताया कि कांट पुलिस को सूचना मिली कि गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित गौकश कांट-मदनापुर रोड पर जिन्दों की पुलिया के पास गौकसी करने के इरादे से खड़े थे कांट पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पुलिस को देख दो गौकश मोटरसाइकिल से फरार हो गये जबकि उनके दो अन्य साथियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम की जवाबी कार्रवाई में जनपद बरेली निवासी मोहम्मद शाकिर के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने मोहम्मद शाकिर और धर्मवीर को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया एसपी सिटी ने बताया की दोनों गौकश गैंगेस्टर एक्ट के एक मामले में वांछित थे। पुलिस को इनकी तलाश थी और दोनों गौकशो पर दस दस हजार का भी इनाम रखा गया था। उन्होंने बताया की गौकशो ने भागने वाले अपने दोनों साथियों के नाम पुलिस को बताए है जो कि बरेली निवासी मोहम्मद सानू तथा पीलीभीत निवासी अनीस है। यह सभी गौकश गौकशी करने के इरादे से आये थे। लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### विश्वविद्यालय में शोध कार्यों के सुचारु संचालन हेतु शोध निदेशालय का गठन

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय में शोध कार्यों को प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग निष्पादित करने के उद्देश्य से शोध निदेशालय का गठन किया गया है। कुलपति प्रो पुष्पेंद्र बहादुर सिंह के आदेश से विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी कार्यालय ज्ञाप के अनुसार शोध निदेशालय में वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष प्रो. अनुराग अग्रवाल को निदेशक का दायित्व प्रदान किया गया है। वहीं प्रो. देवेंद्र सिंह (वाणिज्य संकाय) को सह-निदेशक नियुक्त किया गया है। समिति में डॉ. अरुण कुमार यादव (अंग्रेजी विभाग) एवं डॉ. राजीव कुमार (समाजशास्त्र विभाग) को सहायक निदेशक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त श्री अवनीश कुमार सिंह को तकनीकी सहायक के रूप में नामित किया गया है। शोध निदेशालय विश्वविद्यालय में शोधार्थियों को बेहतर शैक्षणिक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के साथ साथ शोध की गुणवत्ता बढ़ाने, शोध प्रक्रियाओं को व्यवस्थित करने तथा उच्च स्तरीय शैक्षिक वातावरण विकसित करने की दिशा में कार्य करेगा। अब स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थी विभिन्न विषयों में यहाँ से पीएच.डी. कर सकेंगे। प्रो अनुराग ने बताया कि शीघ्र ही शिक्षकों को शोध पर्यवेक्षक बनाने तथा शोधार्थियों के प्रवेश हेतु नियम जारी किए जाएंगे।

### योग-आयुर्वेद से जनमानस को अधिकतम लाभ पहुंचाना लक्ष्यः डॉ. मुकेश कुमार



**शाहजहाँपुर।** गाजियाबाद से स्थानांतरित होकर जनपद शाहजहाँपुर आए आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. मुकेश कुमार ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी नगर का कार्यभार ग्रहण किया। उनके आगमन पर आयुष विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. अंचला गुप्ता व मृदुल कुमार गुप्ता मुख्य योग प्रशिक्षक नगर ने डॉ. मुकेश कुमार को सप्रेम स्मृति-चिह्न भेंट कर उनका स्वागत किया तथा नई जिम्मेदारी के सफल निर्वहन हेतु शुभकामनाएं दीं। साथ ही राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, पुराना जिला चिकित्सालय नगर के समस्त चिकित्साधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया।कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत डॉ. मुकेश कुमार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आयुष विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना तथा गुणवत्तापूर्ण आयुर्वेदिक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने विभागीय टीम के सहयोग से जनपद में आयुष सेवाओं को और अधिक प्रभावी, सुलभ एवं जनहितकारी बनाने का संकल्प व्यक्त किया। डॉ. मुकेश कुमार ने कहा कि आयुर्वेद एवं योग चिकित्सा के समन्वित प्रयासों के माध्यम से अधिक से अधिक जनमानस को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना उनका प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि नगर के मुख्य योग प्रशिक्षक मृदुल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में योग एवं आयुर्वेद आधारित स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों को और गति प्रदान की जाएगी। आयुर्वेद और योग के माध्यम से स्वस्थ, निरोग एवं जागरूक समाज के निर्माण हेतु व्यापक अभियान चलाया जाएगा। स्वागत समारोह कार्यक्रम में स्टाफ नर्स रामदेवी, पूजा, अनुपमा, शैलेंद्र गुप्ता, श्रवण व राहुल आदि रहे।

# मोहर्रमः संवाद स्थापित कर समन्वय के साथ पर्व को सकुशल संपन्न कराएं

- ताजियों की ऊंचाई निर्धारित मानकों के अनुरूप ही रखी जाए

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**





एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।एडीएम प्रशासन ने बताया कि इस वर्ष मोहर्रम पर्व 15 जून से प्रारंभ होकर मुख्य पर्व 25, 26 एवं 27 जून को जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में संपन्न होगा। उन्होंने कहा कि यह पर्व संवेदनशील होने के साथ-साथ कई स्थानों पर मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में आयोजित होता है, इसलिए विशेष सतर्कता एवं प्रभावी निगरानी बनाए रखना आवश्यक है। मोहर्रम के अवसर पर विभिन्न निर्धारित स्थलों एवं घरों में ताजिए स्थापित किए जाते हैं तथा बाद में ताजियों को जुलूस के रूप में स्थानीय कर्बला तक ले जाकर प्रतीकात्मक रूप से दफन किया जाता है। उन्होंने निर्देश दिए कि मोहर्रम पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर एवं जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में आयोजित होने वाले ताजिया जुलूसों तथा अन्य कार्यक्रमों की निगरानी हेतु अधिकारियों की थानावार ड्यूटी लगाई गई है। सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता एवं सतर्कता के साथ सुनिश्चित करें।

बैठक में एडीएम प्रशासन ने निर्देशित किया कि ताजियों की ऊंचाई निर्धारित मानकों के अनुरूप रहे तथा इसकी पूर्व से जांच सुनिश्चित की जाए। संबंधित अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्रों का निरीक्षण कर विद्युत तारों को आवश्यकतानुसार ऊंचा कराने के निर्देश दिए। नगर निगम के अधिकारियों को जुलूस मार्गों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था तथा मार्गों से ईंट, पत्थर एवं अन्य अवरोधों को हटाने की कार्रवाई पूर्व में ही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्गों एवं प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा की दृष्टि से हाईवे और मुख्य मार्गों से लगभग 500 मीटर पूर्व बैरिकेडिंग लगाए जाने के निर्देश भी दिए। एसपी सिटी देवेंद्र कुमार ने संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे पूर्व में संबंधित अधिकारियों के साथ संवाद स्थापित करें समन्वय के साथ पर्व को सकुशल संपन्न कराएं। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत, एसडीएम सदर संजय पांडेय, सीओ सिटी देवव्रत बाजपेयी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नाजिया इलाही की सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर मोमिनो ने दिया एसडीएम को ज्ञापन

- मुकदमा दर्ज करने की उठी मांग



**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कथित रूप से इस्लामिक पैगंबर और उनकी पत्नी के संबंध में विवादित एवं अश्लील टिप्पणियां तथा वीडियो वायरल करने के मामले में स्थानीय मोमिनों ने एसडीएम जीत सिंह राय को ज्ञापन सौंपते हुए रिपोर्ट दर्ज कराये जाने की मांग की है। सपा नेता मोबिन हुसैन के नेतृत्व में मुश्किल समाज के तमाम लोग बुधवार को नारेबाजी करते हुए एसडीएम जीत सिंह राय के कार्यालय पहुंचे। उन्होने आरोप लगाया कि एक्स-मुस्लिम महिला नाजिया इलाही खान द्वारा लगातार सोशल मीडिया और एक्स/ट्विटर पर इस्लामिक पैगंबर एवं उनकी पत्नी के बारे में विवादित, अभद्र, अश्लील, मनगढ़ंत और काल्पनिक टिप्पणियां कर वीडियो वायरल किए जा रहे हैं। उनका कहना है कि इससे मुस्लिम समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं तथा समाज में तनाव का माहौल उत्पन्न हो रहा है। यह भीआरोप लगाया कि उक्त महिला द्वारा देश की सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था को प्रभावित करने तथा समाज में दरार और द्वेष पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। मुस्लिम समाज के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर संबंधित महिला के खिलाफ उचित धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई जाए तथा दर्ज एफआईआर की प्रति उपलब्ध कराई जाए।

## खनन माफियाओं पर पुलिस का शिकंजा, कार्रवाई से मचा हड़कंप

**कांट, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायतों में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खनन कार्य में प्रयुक्त एक ट्रैक्टर और मशीन को पकड़कर थाने में कर दिया दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव बरेडा ,जमुनिया में शाम ढलते ही , ट्रैक्टर एवं अन्य मशीनों के माध्यम से मिट्टी खनन किए जाने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। इस दौरान मिट्टी उठाने के लिए पहुंचे ट्रैक्टर और मशीन को कब्जे में लेकर थाने लाया गया। प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह ने बताया कि कार्रवाई के दौरान एक ट्रैक्टर एवं मशीन को पकड़कर कार्रवाई की गई है।

## स्वामी विवेकानंद स्कूल लोदीपुर में श्रीराम कथा का शुभारंभ

**शाहजहांपुर।** लोदीपुर स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल में आयोजित श्रीराम कथा के प्रथम दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही। कथा व्यास एवं मानस प्रवक्ता पंडित रामसुरेश शुक्ल जी महाराज ने भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी के दिव्य चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया।

अपने प्रवचन में पंडित रामसुरेश शुक्ल ने बताया कि किस प्रकार हनुमान जी अपने अद्भुत बल और सामर्थ्य को भूल गए थे तथा जामवंत



जी के स्मरण कराने पर उन्हें अपने बल का बोध हुआ। इसके पश्चात हनुमान जी ने समुद्र लांघकर माता सीता की खोज कर प्रभु श्रीराम के कार्य को सफल बनाया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के भीतर अपार शक्ति निहित होती है, आवश्यकता केवल उसे पहचानने और जागृत करने की है। कथा के दौरान भजनों एवं संगीतमय प्रस्तुति से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु हनुमान जी की वीरता, भक्ति और समर्पण की कथा सुनकर भाव-विभोर हो उठे। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से प्रतिदिन सायं 6 बजे से 9 बजे तक आयोजित होने वाली श्रीराम कथा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।

## दस्तावेजों की अधिकृत संस्थाओं के माध्यम से ई रजिस्ट्री करवाए जाने के विरुद्ध अधिवक्ताओं की हड़ताल 13वें दिन भी जारी

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

कलान तहसील में बार एसोसिएशन की ओर से दस्तावेजों का पंजीकरण अधिकृत संस्थाओं के माध्यम से ई रजिस्ट्री करवाए जाने के आदेश के विरुद्ध धरना प्रदर्शन 13वें दिन भी जारी रहा। अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन की ओर से प्रदेश के राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार सगीर अहमद को देकर मांग की है कि सरकार को दस्तावेजों के ई पंजीकरण आदेश को तत्काल वापस लिए जाने की मांग की। तहसील प्रांगण में धरना दे रहे अधिवक्ताओं ने कहा कि सरकार के इस तुगलकी आदेश से स्टाम्प विक्रेता,दस्तावेज लेखक,जूनियर अधिवक्ताओं के समक्ष



रोजी रोटी का संकट उत्पन्न हो जाएगा। इसलिए सरकार को अधिवक्ताओं के हित यह आदेश तत्काल वापस ले लेना चाहिए। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामचंद्र शाक्य ने कहा कि दस्तावेजों का अधिकृत रजिस्ट्रीकरण संस्थाओं के माध्यम से दस्तावेजों के ई पंजीकरण में अनुभव की कमी के चलते तमाम कमियां/गलतियां रहेंगी। जिनके संशोधन के लिए अधिकारियों/न्यायालयों के पोर्टल पर शिकायतों का अंबार लग जाएगा। जिससे आमजन परेशान होंगे। ज्ञापन में बार एसोसिएशन के महासचिव ओमशरण यादव,वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह यादव,कनिष्ठ उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह यादव, संयुक्त सचिव सुधाकर यादव, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार यादव,आय व्यय निरीक्षक अनूप कुमार मौर्य व पुस्तकालय अध्यक्ष अमित कुमार यादव आदि ने सरकार से मांग की है कि यदि शीघ्र ही सरकार ने यह आदेश वापस नहीं लिया तो अधिवक्तागण सड़कों पर उतरने को बाध्य होंगे।

## नगरोदय योजना के अंतर्गत शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का भूमि पूजन संपन्न



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** आज नगर पंचायत खुदागंज में नगरोदय योजना के अंतर्गत प्रस्तावित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य का विधि-विधान से भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह अधिशासी अधिकारी नूरजहाँ सभासदगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूजन के दौरान सुधीर सिंह ने कहा कीशॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण से स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानिय एवं बहारी आवागमन करने बाले नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।यह परियोजना नगर के विकास एवं सौंदर्यीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित जनों ने नगर के सर्वांगीण विकास एवं जनकल्याण की कामना की इस अवसर पर सभासद सौरभ गुप्ता, प्रकाश राठौर, विनोद सिंह, बालकृष्ण राठौर, परवेज़ ख़ान, मुकेश कश्यप, रमेश कोठारी, मानवेंद्र सिंह, अभिजीत मिश्रा, नीरज कुमार, आकाश कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे।

# रेड क्रॉस की पहल पर सहयोग संस्था ने निभाई मानवता की मिसाल

- अग्निपीड़ित परिवार को प्रदान की सहायता सामग्री

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

मानव सेवा एवं पीड़ित सहायता के क्षेत्र में कार्यरत इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के आग्रह पर सहयोग संस्था ने एक जरूरतमंद अग्निपीड़ित परिवार की सहायता कर मानवता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। ज्ञातव्य है कि विकलांग जन कल्याण समिति महिला मोर्चा की अध्यक्ष मीनू मिश्रा के आवास पर आग लग जाने से घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया था, जिससे परिवार को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इस स्थिति में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी ने अपने स्तर से यथासंभव सहयोग प्रदान किया तथा अतिरिक्त सहायता हेतु सहयोग संस्था के संस्थापक शहनवाज खान एडवोकेट से अनुरोध किया। रेड क्रॉस दिवस के अवसर



पर रेड क्रॉस कार्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शहनवाज खान एडवोकेट से अग्निपीड़ित परिवार की सहायता का अनुरोध किया गया था। उन्होंने तत्काल सहयोग का आश्वासन दिया। इसी क्रम में आज सहयोग संस्था के पदाधिकारियों ने अपने निजी कार्यालय कच्चा कटरा स्थित मिलन मैरिज लॉन में मीनू मिश्रा को एक बक्सा एवं सीलिंग फैन, वाटर कूलर, विस्तर, कुछ जोड़ी कपड़े, छाता आदि भेंट कर सहायता में प्रदान की। इस अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. विजय जौहरी ने कहा कि जिस संस्था का नाम ही सहयोग है, वह वास्तव में अपने नाम के अनुरूप समाज के पीड़ित एवं जरूरतमंद लोगों के साथ खड़ी दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि सभी सामाजिक संस्थाओं को सहयोग संस्था से प्रेरणा लेते हुए एक-दूसरे के दुःख-दर्द में सहभागी बनना चाहिए। पीड़ित मानवता की सेवा ही सच्ची सामाजिक सेवा है। डॉ. जौहरी ने इस मानवीय सहयोग के लिए सहयोग संस्था, उसके संस्थापक श्री शहनवाज खान एडवोकेट एवं समस्त पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सहयोग संस्था संस्थापक के मोहम्मद शाहनवाज खान (एडवोकेट), अनिल कुमार गुप्ता (प्रधान ) जिला प्रभारी विकास सक्सेना, अध्यक्ष स्तुति गुप्ता महासचिव हरजीत सिंह, उपाध्यक्ष शिवम वर्मा, (एडवोकेट) डायरेक्टर, सोमेश यादव, जितेंद्र सिंह, सैय्यद अनवर शालू यादव रजनी गुप्ता, सचिव सुमन गुप्ता दिव्यांगजन कल्याण समिति के बालकृष्ण पांडेय मीनू मिश्रा बृजेश गुप्ता राखी बनकोटी अनुज जोहरी अग्रज जोहरी अवनीश सक्सेना आदि मौजूद थे अंत में रेड क्रॉस सचिव ने सभी का आभार प्रकट करते हुए मानव सेवा में सभी से सहयोगी भूमिका की अपेक्षा की।

# ससुराल में पत्नी बच्चों से मिलकर लौट रहे कारीगर की ट्रेन गिरकर मौत

- मुरादाबाद के बिलारी गांव हरौरा निवासी राहुल के रूप में हुई शिनाख्त

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

ननिहाल में छुट्टी बिताने गए पत्नी बच्चों से मिलकर लौटने के दौरान कैटरिंग कारीगर की संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से गिरकर मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की जेब से निकले एक विजीटिंग कार्ड के जरिए परिजनों से संपर्क कर पुलिस ने घटना की सूचना दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। बुधवार सुबह करीब साढ़े दस बजे स्टेशन मास्टर



द्वारा कोतवाली पुलिस को रेलवे ट्रैक पर एक शव पड़े होने की सूचना दी गई। जिस पर कोतवाल प्रिंस शर्मा ने एसआई रमेश कुमार वर्मा को टीम के साथ मौके पर रवाना कर दिया। तिलहर रेलवे स्टेशन से पूरब दिशा में रुजवारी रेलवे क्रासिंग के समीप किलोमीटर 1253 के पोल नम्बर 9 से 11 के बीच एक युवक की अप लाइन ट्रैक के किनारे लहूलुहान शव की तलाशी में लखनऊ से मुरादाबाद की टिकिट व रवि आटा चक्की बिलारी मुरादाबाद का विजिटिंग कार्ड पर पड़े नम्बर पर पुलिस ने संपर्क किया तो मृतक की पत्नी निधि निषाद ने उसकी पति राहुल कश्यप 32 के रूप में शिनाख्त की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक की पत्नी ने बताया कि वह अपने मायके लखनऊ के चारबाग क्षेत्र के मोतीनगर में ही है। वह सुबह ही अपने घर मुरादाबाद के बिलारी क्षेत्र के गांव हरौरा के लिए निकले थे। मृतक अपने पीछे पत्नी निधि, सात वर्षीय बेटी जान्हवी व तीन वर्षीय बेटा राघव को बिलखता छोड़ गया है।

# मासूम बच्ची से अश्लीलता करने वाले बाल अपचारी पर रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर -शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

**पुलिस ने एक घंटे में ही आरोपी को धर दबोचा, आरोपी के परिजनों ने कोतवाली में काटा हंगामा**

छह वर्षीय मासूम बच्ची से अश्लील हरकते करने के मामले में पीड़ित पिता ने आरोपी बाल अपचारी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसे पिस ने एक घंटे के भीतर ही धर दबोचा। इससे बौखलाये आरोपी के परिजनों ने कोतवाली में जमकर हंगामा काटा। नगर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसकी छह वर्ष की बेटी है। जो घर के पडोस में परचूनी दुकान से खाने पीने की चीज लेने जाती है तभी रास्ते मे मोहल्ला मौजमपुर निवासी एक बाल अपचारी किशोर आये दिन उसकी बेटी को बहला फुसला व चीज दिलाने का लालच देकर बुरी नियत से शरीर को सहलाता था चूमता था। बेटी घर पर बताया तो उन्होंने बच्चा समझकर नजर अन्दाज कर दिया। आरोप है कि दिनांक 22 जून को शाम करीब छह बजे उसकी बेटी परचूनी की दुकान से चीज लेने गयी तभी रास्ते गली मे बेटी को अकेला देखकर उक्त बाल अपचारी ने पकड लिया। और अश्लील हरकतें करने लगा। उसके रोने पर वह छोड कर भाग गया। बदहवास बेटी ने घर आकर घटना बताई। जिसकी शिकायत करने गए दम्पति को आरोपी के परिवारी जन गालिया देते हुये झगडा व मारपीट उतारू हो गये। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने घटना का उच्चाधिकारियों को संज्ञान कराया। और एक घंटे के भीतर ही आरोपी बाल अपचारी को धर दबोचा। इस दौरा आरोपी के बौखलाए परिजन कोतवाली जा धमके और जमकर हंगामा काटने लगे। इस पर पुलिस ने सख्त रुख अख्तियार कर उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया। कोतवाल श्री शर्मा ने बताया कि पॉस्को एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर गई है। वहीं बाल अपचारी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

# बेटियां बोझ नहीं, घर की शानः अमृता दीक्षित

- कांट सीएचसी में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित
- कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ दिया जागरूकता संदेश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत शुक्रवार को ब्लॉक कांट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम डीएम व सीडीओ के निर्देशन में तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्विनी कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में पिछले 5 से 6 माह के



दौरान जन्मी 10 नवजात बालिकाओं की माताओं को सम्मानित किया गया। उन्हें बेबी किट देकर शुभकामनाएं दी गईं। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने कहा कि बेटियां बोझ नहीं, घर की शान होती हैं। समाज की सोच बदलने से ही लिंगानुपात सुधरेगा।

पीसीपीएनडीटी एक्ट व कन्या भ्रूण हत्या पर जानकारी दी गई। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर ने बताया कि गर्भधारण पूर्व व प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम 1994 के तहत लिंग परीक्षण कराना, करवाना व इसका विज्ञापन देना गंभीर अपराध है। इसमें 3 से 5 साल तक की जेल और 10 हजार से 1 लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है। दोषी डॉक्टर का रजिस्ट्रेशन भी रद्द किया जा सकता है। कन्या भ्रूण हत्या भारतीय दंड संहिता के तहत हत्या के समान दंडनीय अपराध है। इसके लिए उम्रकैद तक की सजा हो सकती है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना व बेटियों के टीकाकरण की जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम में मिशन कोर्डिनेटर अमृता दीक्षित, डॉ. रक्षा, बीसीपीएम मो. इरफान, जेंडर स्पेशलिस्ट रश्मि देवी ने बताया कि लिंग परीक्षण या कन्या भ्रूण हत्या मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना व बेटियों के टीकाकरण की जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, डॉ. रक्षा, बीसीपीएम मोहम्मद इरफान, जेंडर स्पेशलिस्ट रश्मि देवी, लेखा सहायक अभिषेक कुमार, ऋषि पाल सहित सीएचसी का स्टाफ उपस्थित रहा।

## खबरें एक नजर में

### ई पंजीकरण मॉड्यूल को लेकर वकीलों की हड़ताल जारी

**तिलहर-शाहजहांपुर।** पेपरलैस बैनामे व ई-पंजीकरण सेवा के सरकार के प्रस्ताव को लेकर वकीलों की हड़ताल बुधवार को भी जारी रही। मांग पूरी न होने पर वकीलों ने झालमुड़ी व मेलोडी टॉफी बेचकर विरोध जताने की चेतावनी दी। बुधवार को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह यादव एवं महासचिव राहुल देव सागर के नेतृत्व में वकील तहसील में एकत्र हुए। महासचिव राहुल देव सागर ने कहा कि वकीलों की हड़ताल के बाद भी अभी तक सरकार के द्वारा कोई ठोस निर्णय नहीं दिया गया है जिस कारण वकीलों की हड़ताल लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि सरकार इस फैसले को जल्द वापस ले तभी रजिस्ट्री ऑफिस तथा राजस्व कोर्ट का कार्य शुरू हो सकेगा। वकीलों ने अध्यक्ष राजेश्वर सिंह यादव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम जीत सिंह राय को दिया। इस दौरान कई वकील मौजूद रहे।

### भाजपा नामित सभासदों ने ईओ का जताया विरोध

**तिलहर-शाहजहांपुर।** शासन से नामित पालिका सभासदों ने बैठक की सूचना न दिए जाने पर नाराजगी जताते हुए डीएम से अधिशासी अधिकारी की सेवा पंजिका में आपत्ति दर्ज किए जाने की मांग की है। भाजपा नगर महामंत्री और नगर पालिका के नामित सभासद आशीष शर्मा ने जिला अधिकारी से नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी की शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि बीती 23 जून को नगर पालिका सभासदों की बैठक बुलाई गई । जिसकी नामित सदस्यों को बैठक की जानकारी तक नहीं दी गई। आशीष शर्मा ने अधिशासी अधिकारी पर नामित सभासदों के साथ भेदभाव किए जाने का आरोप लगाते हुए डीएम से उनकी सर्विस बुक में इस कृत्य के लिए निंदा दर्ज किए जाने की मांग की है। शिकायती पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में नामित सभासद सविता रानी, विमलेश राठौर, सेठी कश्यप और पवन कुमार शामिल हैं।

### नाबालिग से अश्लीलता करने वाले पर पॉस्को समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज, तलाश जारी

**तिलहर-शाहजहांपुर।** क्षेत्र के एक ग्रामीण ने उसकी नाबालिग बेटी से अश्लील हरकतें करने तथा उसके फोटो वीडियो बायरल कर धमकी देते हुए ब्लैकमेल की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। उक्त आरोपी की तलाश में एसपी के निर्देश पर पुलिस , एसओजी व सर्विलांस सेल को सक्रिय कर दिया गया है।कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने दर्ज रिपोर्ट में कहा ही कि उसकी करीब 16 वर्षीय बेटी को गाँव गुलामखेड़ा निवासी निरभय पुत्र तोताराम कोचिंग वा स्कूल आते जाते समय छेडखानी करता है। विरोध करने पर वह जान से मारने की धमकी देता है। आरोप है कि बीती 30 मई को निरभय ने जब उसकी बेटी के साथ छेडखानी की तो उसने घर पर आप बीती सुनाई। फिर भी उसने लोक लाज के कारण और गाँव वालो के कहने पर पुलिस में शिकायत नहीं की। फिर भी निरभय की हरकतें जारी रहीं। उलाहना देने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए बेटी के फोटो वीडियो बायरल करने की धमकी दी है। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि घटना की पॉस्को एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। आरोपी युवक ट्रक चालक है। उसे की सर्विलांस के जरिए लोकेशन ट्रेस की जा रही है।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाला गिरफ्तार

**रोजा, शाहजहांपुर।** थाना रोजा पुलिस ने नाबालिग को बहला–फुसलाकर भगा ले जाने के एक आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया हैं। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया हैं। 13 जून को क्षेत्र के एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसके गांव के एक युवक ब्रजेश का आना जाना था। 12 जून की ब्रजेश उसकी नाबालिग पुत्री को बहला–फुसलाकर कर भगा ले गया और उसकी मदद सियाराम ने की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि बुधवार की दोपहर चकभिटारा अड्डे से मुख्य आरोपी ब्रजेश को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया, जबकि दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही हैं।

### उदासीन आश्रम में हुई देव प्रतिमाओं की अचल प्राण प्रतिष्ठा

**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर के प्राचीनतम उदासीन आश्रम में मुख्य आचार्य पंडित अयोध्या प्रसाद शास्त्री के सानिध्य में विभिन्न देव प्रतिमाओं की बुधवार को हवन पूजन के साथ अचल प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के बाद विशाल भंडारा किया गया। जिसमें दे रात तक श्रद्धालुओं ने प्रसाद छका। रात्रि में भजन कीर्तन भी हुआ। नगर के पूरब दिशा में मोहल्ला मुस्तफाबाद में स्थित उदासीन आश्रम की शासन की बंधन योजना के अंतर्गत करोड़ों रुपए से काया कल्प होने के बाद आश्रम के महंत सुरेश मुनि जी महाराज की देखरेख व व्यवस्थापक संजीव गुप्ता, प्रदीप गुप्ता की ओर से यहां विभिन्न देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा का बीड़ा उठाया गया। इसी क्रम में 20 जून से पंच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के अंतिम दिन बुधवार को मुख्य आचार्य पंडित अयोध्या प्रसाद शास्त्री ने मंत्रोच्चार के साथ विधिविधान से यज्ञकर्म कराकर मान दुर्गा, श्रीशिव परिवार, श्रीराम दरबार, श्री राधा कृष्ण, शनिदेव आदि प्रतिमाओं का प्रथम गौ दर्शन कराकर देव प्रतिमाओं की आँखों की पट्टी को खुलबा दी। इस दौरान अचल प्रतिष्ठित प्रतिमाओ के भव्य दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शाम छह बजे से देर रात्रि तक चले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद छका। इस मौके पर संजीव गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, सोनू खन्ना, अरविंद गुप्ता, शिवम गुप्ता, सत्यम गुप्ता, मंथन गुप्ता समेत तमाम लोग शामिल रहे।

### हाइवे पर रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा गंभीर घायल, बस को पुलिस ने लिया कब्जे में

**तिलहर-शाहजहांपुर।** हाइवे क्रास करने के दौरान तेज रफ्तार रोडवेज बस की टक्कर लगने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसका साथी गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बुधवार को नगरिया मोड़ पुलिस चौकी के समीप स्प्लेंडर बाइक को सड़क क्रॉस करने के दौरान तेज रफ्तार रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने रोडवेज बस को कब्जे में ले लिया। दोनो घायलों को एंबुलेंस से जिला मेडिकल कॉलेज इलाज भिजवाया। जहां सुभाष नगर निवासी सत्यवीर को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि मीरानपुर कटरा के भोजपुर निवासी मुकेश दीक्षित गंभीर घायल है। समाचार भेजे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है।

### पैदल सड़क पार कर रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा, उपचार के दौरान मृत्यु

**रोजा, शाहजहांपुर।** थाना रोजा क्षेत्र में बरेली सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर अटसलिया ओवरब्रिज के पास बरेली की ओर पैदल हाईवे पार करते एक युवक को पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप में घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल को उपचार के लिये राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना सिंधौली के गांव कुरसंडा निवासी रामकुमार (35) पुत्र मंगली के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि बुधवार की शाम पीआरबी ने सूचना दी कि बरेली सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर अटसलिया ओवरब्रिज से पहले एक युवक गंभीर रूप से घायलावस्था में सड़क के किनारे पड़ा हुआ हैं,जिससे एंबुलेंस के द्वारा उपचार के लिये राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया हैं। उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज में उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। पुलिस ने बताया कि परिजनों के अनुसार मृतक नशे का आदी था। फिलहाल पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया हैं। वही रामकुमार की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ हैं।

# लखनऊ आग कांड के बाद एक्शन में प्रशासन, कोचिंग संस्थानों में चेकिंग

**सिटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में 6 संस्थानों में छापेमारी, चेताया गया**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



लखनऊ के अलीगंज स्थित कोचिंग सेंटर में आग से 15 जान जाने के बाद जिला प्रशासन भी हरकत में आ गया है। डीएम के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत के नेतृत्व में शहर के छह कोचिंग संस्थानों में चेकिंग कर मानकों को चैक किया गया। मानकविहीन कोचिंग संस्थानों के डायरेक्टरों को चेतावनी दी गई कि समय रहते मानकों पूरा करा ले। अगर कोई घटनाक्रम होता है, तो सीधे एक्शन लिया जाएगा। आपदा के दृष्टिगत सेफ्टी ऑडिट किया गया। टीम द्वारा आपदा स्थिति में निकास का जायजा लिया गया। सभी कोचिंग में लगे अग्निशमन यंत्रों का निरीक्षण किया गया एवं कोचिंग संस्थान के कार्मिकों से चलवाकर भी देखा गया तथा कोचिंग संचालकों को निर्देशित किया गया कि आपदा होने की स्थिति के दृष्टिगत निकास रास्ता अवरुद्ध न रहे। विद्युत वायरिंग को मजबूत कराने, ओवरलोड की स्थिति से बचने, एसी इत्यादि लगातार प्रयोग में न करने तथा एक कोचिंग संस्थान में कक्षा-कक्षों में लगे दरवाजों में आवश्यक सुधार तत्काल कराने हेतु निर्देशित किया गया। चेकिंग किए गए संस्थानों में आकाश इंस्टीट्यूट, एसएसवी स्टडी सर्कल, पीडब्लू विद्यापीठ कोचिंग, इनोवेटिव क्लासेज, एटीएनएस कोचिंग व पाल मैथ क्लासेस का शाम शामिल रहा। निरीक्षण टीम में सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत, डीआईओएस हरिवंश कुमार, सीओ सिटी एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## लखनऊ अग्निकांड के मृतकों को छात्र सभा ने दी श्रद्धांजलि, निकाला कैंडल मार्च



**शाहजहांपुर।** लखनऊ के अलीगंज स्थित कोचिंग सेंटर में हुए अग्निकांड में मृतक छात्र-छात्राओं की आत्मा की शांति के लिए समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया के नेतृत्व में शहीद पार्क से शहीद स्तंभ तक कैंडल मार्च निकाला गया। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने मोमबत्तियां जलाकर दिवंगतों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर प्रसून कुमार कनौजिया ने हादसे में जान गंवाने वाले छात्र-छात्राओं को श्रद्धांजलि देते हुए शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने सरकार से घटना की निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जांच कराने, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा शिक्षण संस्थानों एवं व्यावसायिक भवनों की अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की तत्काल समीक्षा कराने की मांग की। कार्यक्रम में छात्र सभा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हिन्दू युवा संगठन ने की अवैध लाइब्रेरी को बंद किए जाने की मांग

**हिन्दू युवा संगठन के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को दिया ज्ञापन**

**पुवायां, शाहजहांपुर।** नगर में अवैध तरीके से चल रही लाइब्रेरी को बंद कराने के लिए हिन्दू युवा संगठन ने एसडीएम को ज्ञापन दिया। दिए हुए ज्ञापन में बताया कि पन्द्रह दिन तक इन समस्याओं का समाधान नही हुआ तो तहसील मुख्यालय पर धरना करने के लिए बाध्य होंगे। बुधवार को हिन्दू युवा संगठन के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन दिया। दिए हुए ज्ञापन में बताया कि 12 जून को एक ज्ञापन ईओ को दिया गया था। जिसमे मांग की गई थी की नगर के मोहल्ला राजीव नगर में सरकारी बारात घर मे अवैध तरीके से चल रहे लाइब्रेरी को बंद किए जाने की मांग की गई थी। जिस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं कि गई। जिसको संज्ञान में लिया जाए, शाहजहांपुर पुवायां रोड़ पर भूड़ा मैंनारी गांव से एक लिंक मार्ग प्रसिद्ध स्थान टेड़े नाथ बाबा मंदिर तक जाता है जिस मार्ग पर लगभग करीब 5-6 गांव पड़ते है यह मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है जिस कारण आवागमन में दिक्कत आती है जिसे जनहित में बनवाया जाए। इन जनहित समस्याओं पर गम्भीरता पूर्वक कार्य नही किया गया तो वह लोग तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। कार्यकर्ताओं में अवनीश मिश्रा, सौरव पटेल, दीपू, ललित रावत, भारत राठौर, करन कश्यप, दीपक राजपूत, अजय, कमलकिशोर, मोहित राना, अजय, अनूप, राजपाल, राहुल समेत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वीरांगना दुर्गावती भारतीय इतिहास की अद्वितीय स्वाभिमान की प्रतीक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन पर गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाया गया। पार्टी के नेताओं, पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। एक गोष्ठी का आयोजन सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान की अध्यक्षता में किया गया और महारानी दुर्गावती के योगदान पर चर्चा की गई। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि वीरांगना महारानी दुर्गावती भारतीय इतिहास की अद्वितीय वीरता, साहस और स्वाभिमान की प्रतीक हैं। उन्होंने अन्याय और आक्रमण के सामने कभी घुटने नहीं टेके तथा मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व समाजवादी पार्टी उनके शौर्य और बलिदान को नमन करते हुए संकल्प लेती है कि कमजोर, वंचित और शोषित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी। सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव ने कहा कि महारानी दुर्गावती का बलिदान हमें अन्याय के विरुद्ध डटकर खड़े होने और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। रामसूरत यादव, संजीव कुमार वर्मा, लखन प्रताप सिंह, गायत्री वर्मा, हफीज अंसारी, जाफरीन, इमरान खान,तय्यब खान, श्लोक मौर्य, यश मौर्य, फराज इदरीसी, सुखपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## कोर्ट की कार्यप्रणाली के बारे में विधि छात्र-छात्राओं को दी गई जानकारी

शाहजहांपुर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा के दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपेक्षा सिंह की उपस्थिति में एसएस लॉ कालेज के विधि छात्र-छात्राओं का समर इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन 17 से 30 जून के मध्य किया जा रहा है। जिसके सम्बन्ध में बुधवार को जनपद न्यायालय में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट का भ्रमण किया। जिसमें मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्योति अग्रवाल द्वारा कोर्ट की कार्यप्रणाली के बारे में विधि छात्र-छात्राओं को जानकारी दी।

# राम मंदिर में दान-चढ़ावे के नाम पर हो रहे घोटाले की निष्पक्ष जांच हो

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा अयोध्या श्रीराम मंदिर के रामदान, दान एवं चढ़ावा घोटाले के मामले में राज्यपाल संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि श्रीराम मंदिर में हुए दान घोटाले की खबर ने रामभक्तों एवं आमजन की आस्था को गहरी चोट पहुंचाई है। सरकार द्वारा एसआईटी गठित किए जाने के बावजूद अभी तक एफआईआर दर्ज न किए जाने से जांच की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता मुन्ना ने कहा कि राम मंदिर में दान और चढ़ावे के नाम पर हो रहे घोटाले की निष्पक्ष जांच आवश्यक है। एसआईटी गठन के बावजूद एफआईआर न दर्ज होना संदेहास्पद है। हमारी मांग है कि तत्काल एफआईआर दर्ज कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। निर्वतमान प्रदेश सचिव तनवीर सफदर ने कहा कि श्री राम मंदिर करोड़ों रामभक्तों की आस्था का प्रतीक है। इस आस्था के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि सरकार निष्पक्ष जांच नहीं कराती है तो कांग्रेस पूरे प्रदेश में इस मुद्दे पर आंदोलन करेगी।जिला उपाध्यक्ष फुरकान अहमद कुरैशी ने कहा कि राम मंदिर दान घोटाला बेहद गंभीर मामला है। एसआईटी बनाकर सरकार केवल समय व्यतीत कर रही है। हम राज्यपाल महोदया से ये अपील करते हैं कि शीघ्रजा एफआईआर दर्ज कराकर पूरी घटना की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए और दोषियों को सजा दिलाई जाए।इस अवसर पर प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य कृष्ण विनोद मिश्रा, तनवीर सफदर, गौरव त्रिपाठी,युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामजी अवस्थी, अरुणोद मिश्रा, पूनम पांडेय बिंदेश्वरी राज, साफिया बेगम, गायत्री प्रकाश अवस्थी, दिनेश कुमार, संजय सक्सेना, सुशील प्रकाश शर्मा,अनिल श्रीवास्तव अदीब अहमद,तस्दीक अंसारी, सईद अंसारी, अजय पाठक, हशमुद्दीन,कृष्ण चंद तिवारी,अच्छन खान, आशीष तिवारी, आमिर खान, सुधांशु मिश्रा,फरमान खान सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जनपद रत्न एवं राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी विनोद दीक्षित का निधन



**शाहजहांपुर।** जनपद रत्न सम्मान से सम्मानित राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी एवं ओसीएफ से सेवानिवृत्त विनोद दीक्षित का सोमवार को निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही खेल जगत तथा क्षेत्रवासियों में शोक की लहर दौड़ गई। श्री दीक्षित अपने सेवाकाल के दौरान ओसीएफ की गरिमामयी पोस्ट पर सेवारत रहे। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले एवं प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया। खेल के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें ÷जनपद रत्न÷ सम्मान से भी सम्मानित किया गया था।

सरल स्वभाव, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पित श्री दीक्षित युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत रहे। उनके निधन पर खेल प्रेमियों, सामाजिक संगठनों एवं शुभचिंतकों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की कामना की।

# अलग-अलग गांवों में चोरों का आतंक, घरों में घुसकर जेवरात व नकदी किया चोरी

**खुदागंज शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

थाना खुदागंज क्षेत्र के ग्राम कुआडांडा और बमिहाना में अज्ञात चोरों ने दो अलग-अलग घटनाओं में घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। लगातार हुई इन चोरियों से क्षेत्र में दहशत का माहौल है, जबकि पीड़ित परिवारों ने पुलिस से जल्द खुलासा कर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम कुआडांडा निवासी शिवम सिंह पुत्र हरिकेश सिंह ने थाना खुदागंज में तहरीर देकर बताया कि 23 जून 2026 की रात लगभग एक बजे घर में आहट होने पर उनके भाई सौरभ सिंह की नींद खुल गई। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति घर के दरवाजे से निकलकर भागता दिखाई दिया। परिवार के लोगों ने शोर मचाया और घर की जांच की तो कमरों के दरवाजे खुले मिले तथा घर में रखी सेफ भी खुली हुई थी।

पीड़ित के अनुसार सेफ में रखे सोने का मंगलसूत्र, झुमके, दो जोड़ी चांदी की पायल सहित अन्य कीमती सामान गायब था। आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात चोर घर में घुसकर उक्त जेवरात चोरी कर ले गए।

वहीं दूसरी घटना ग्राम बमिहाना में सामने आई, जहां शिशुपाल सिंह ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि अज्ञात चोर रात के समय उनके कमरे की दीवार तोड़कर घर में घुस आए। चोरों ने कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। चोरी हुए सामान में झुमकी, चैन, दो कंठी माला, मांग टीका, कुंडल, नथ, दो जोड़ी पायल, कमर की कढ़नी समेत अन्य जेवर शामिल हैं। इसके अलावा चोरों ने घर में रखी गुल्लक तोड़कर उसमें रखे लगभग 500 रुपये भी निकाल लिए।



घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। साक्ष्य जुटाने के लिए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक नमूने एकत्र किए।

दोनों घटनाओं की सूचना तत्काल डायल-112 पर दी गई थी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। पीड़ितों ने लिखित शिकायत देकर चोरी का खुलासा करने और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्राधिकारी तिलहर इशिका सिंह ने बताया कि दोनों चोरी की घटनाओं की गंभीरता से जांच कराई जा रही है। पुलिस की टीमें गठित कर दी गई हैं और जल्द ही घटनाओं का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। लगातार सामने आ रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने तथा सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## नहाने गया युवक नदी में डूबा, तलाश जारी



**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र में गोमती नदी के पन्न घाट पर नहाने गए एक युवक के डूबने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि जेवा गांव निवासी 35 वर्षीय राजीव सिंह यादव नदी में नहा रहा था। इसी दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंच गए। युवक की तलाश के लिए नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नदी में मगरमच्छों की मौजूदगी भी रहती है, जिससे अनहोनी होने की आशंका और बढ़ गई है। फिलहाल पुलिस और राहत टीमें युवक की तलाश में जुटी हुई हैं। वही परिजनों ने बताया कि युवक सुबह 11:30 बजे घर से गोमती नदी के पन्न घाट में नहाने को बता कर गया था। जिसके बाद सूचना मिली कि वह गहरे पानी में डूब गया है।

# भरत तिवारी मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रजि.) तहसील इकाई पूरनपुर, जनपद पीलीभीत द्वारा बिहार के भोजपुर निवासी भरत तिवारी के कथित एनकाउंटर प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी पूरनपुर को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि भरत तिवारी की मृत्यु से संबंधित परिस्थितियां अनेक गंभीर प्रश्न खड़े करती हैं। विभिन्न माध्यमों से प्राप्त जानकारी के अनुसार आत्मसमर्पण की स्थिति के बाद एनकाउंटर किए जाने संबंधी बातें सामने आ रही हैं, जिससे पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच आवश्यक प्रतीत होती है।



महासभा ने अपने ज्ञापन में मांग की है कि मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराई जाए, ताकि घटना से जुड़े सभी तथ्यों का निष्पक्ष रूप से परीक्षण हो सके तथा सत्य जनता के सामने आ सके। साथ ही पीड़ित परिवार को न्याय, सुरक्षा एवं आवश्यक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि यदि जांच के दौरान कोई पुलिस अधिकारी अथवा प्रशासनिक कर्मचारी दोषी पाया जाता है तो उसके विरुद्ध विधिसम्मत एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। लोकतांत्रिक व्यवस्था में कानून का शासन, मानवाधिकारों का संरक्षण एवं न्यायिक प्रक्रिया का पालन सर्वोपरि है और किसी भी नागरिक को न्याय दिलाना शासन एवं प्रशासन की जिम्मेदारी है।

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने आशा व्यक्त की है कि इस संवेदनशील प्रकरण में निष्पक्ष जांच कराकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष हरगोविंद बाजपेई, तहसील महामंत्री नवनीत मिश्रा, तहसील उपाध्यक्ष गोपाल मिश्रा, सुनील मिश्रा, हरिओम पाण्डेय, संजय पाण्डेय, संजय मिश्रा, तहसील मंत्री रजनीश पाण्डेय, मानस शुक्ला, नगर अध्यक्ष गौरव पाण्डेय, नगर महामंत्री विवेक तिवारी, गौरव दीक्षित, अनुपम पाण्डेय, तनु मिश्रा व अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# बाबा नींव करौली महाराज की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

**भक्ति और आस्था में सराबोर हुआ महानगर**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

महानगर के चौक स्थित खत्री धर्मशाला के निकट दादी रानी सती मंदिर में बाबा नीम करौरी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों के बीच श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुई।



शहर के समाजसेवी एवं परी नमकीन परिवार से जुड़े विनय अग्रवाल के संयोजन में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर बाबा के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित कर प्रसाद ग्रहण किया। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोगों द्वारा रहगीरों के लिए विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जोकि देरशाम तक चला।

इस अवसर पर समाजसेवी विनय अग्रवाल ने कहा कि बाबा नीम करौली धाम की बड़ी महिमा है, आज नैनीताल स्थित बाबा के दरबार में रोजाना भक्तों का तांता दर्शन करने के लिए लगता है। लेकिन बहुत से लोग वहां किन्हीं कारणों से नहीं भी पहुंच पाते हैं, ऐसे लोगों के लिए चौक में बाबा का मंदिर बनने से उनको आसानी से बाबा के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हो सकेगा। यह सब कार्य आपसी सहयोग व मिलजुलकर ही संपन्न हो पाया है।

## सूचना

आधार कार्ड में मेरा नाम नासरीन खातुन NASRIN KHATUN दर्ज है, जोकि गलत है। हाईस्कूल, जन्म प्रमाण पत्र व अन्य अभिलेखों में कु. नासरीन खातून KM NASARINA KHATOON दर्ज है जोकि सही है। **कु. नासरीन खातून KM NASARINA KHATOON पत्नी इब्राहिम अंसारी निवासी 25/140 मो. अबुबकर नगर जनपद देवरिया**

## ऊंचे सपनों के साथ आखिर कब तक झुलसते रहेंगे हमारे मासूम युवा?

बड़े सपने देखने वाले छोटी उम्र के हमारे उन मासूम युवाओं को भला क्या मालूम था कि वह उनकी जिन्दगी का आखिरी दिन होगा! उत्तरप्रदेश के लखनऊ में कल 22 जून को एक बहुमंजिली इमारत में संचालित कोचिंग सेंटर में अचानक आग लगी और देखते ही देखते अपने ऊंचे सपनों के साथ वे बच्चे भी झुलसकर दुनिया से चले गए, जो अपनी जिन्दगी में कुछ बनने और कुछ ऊंचा कर दिखाने का ख्व्वाब लेकर पढ़ाई के लिए वहां गए थे। उनकी चीखें आग और धुएं में घुटकर रह गई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर गहरा दुरूख व्यक्त करते हुए तत्काल घटनास्थल का दौरा किया, पीड़ितों और उनके परिवारजनों से मुलाकात की। उन्होंने लखनऊ के अलीगंज में हुए इस हादसे पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसकी उच्च स्तरीय जांच के भी निर्देश दिए और कहा कि जांच में दोषी पाए जाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिवारों के लिए दो-दो लाख रूपए और प्रत्येक घायल के लिए 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता की घोषणा की है। गहन दुरूख की इस घड़ी में पीड़ितों और शोक संतप्त परिवारों के प्रति उन सबकी भावनाएं और संवेदनाएं अपनी जगह बिलकुल ठीक हैं। पीड़ित परिवारों को मुआवजा भी मिल जाएगा और दोषियों पर कार्रवाई भी हो जाएगी, लेकिन सवाल यह है कि जिन घरों के चिराग हमेशा के लिए बुझ गए, उन घरों में रौशनी अब कैसे होगी? यह दर्दनाक हादसा अपने पीछे यह सवाल छोड़ गया है कि जोखिम भरे कोचिंग सेंटरों में अपने ऊंचे सपनों के साथ हमारे मासूम युवा आखिर कब तक झुलसते रहेंगे? देश में ऐसे हादसे पहले भी हो चुके हैं। लगभग दो साल पहले जुलाई 2024 में दिल्ली के पुराने राजेन्द्र नगर स्थित एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में बरसात का पानी घुस गया था, जिसमें तीन अभ्यार्थियों की मौत हो गई थी, इस हादसे के तत्काल बाद प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर दिल्ली के कई कोचिंग सेंटरों की जांच की गई और उनमें से कई को सील भी किया गया। आगे क्या हुआ, इसकी जानकारी इन पंक्तियों के लेखक को नहीं है। आज से लगभग सात साल पहले मई 2019 में गुजरात के सूरत शहर की एक बहुमंजिली इमारत में चल रहे कोचिंग सेंटर में आग लगने पर झुलस जाने से 22 मौतें हुई थीं। मेरा ख्याल है कि स्कूल-कॉलेजों की नियमित पढ़ाई के अलावा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए युवाओं में कोचिंग के प्रति रूझान पिछले दस-बीस वर्षों में पागलपन की हद तक बढ़ गया है। हर युवा बड़े से बड़ा सरकारी अफसर बनना चाहता है। आज दसवीं-बारहवीं बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं में अस्सी, नब्बे, पंचानवे और निन्यानवे प्रतिशत अंकों से हजारों, लाखों बच्चे उत्तीर्ण हो रहे हैं। इसके बाद भी उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अलग से कोचिंग करनी पड़ती है। बताया जाता है कि उन परीक्षाओं का पाठ्यक्रम दसवीं-बारहवीं के पाठ्यक्रमों से अलग होता है। लेकिन ऐसा क्यों? इन कोचिंग सेंटरों में दाखिले के लिए बच्चे अपने स्कूल-कॉलेज की नियमित कक्षाएं भी छोड़ देते हैं, वहां से अपना ट्रांसफर सर्टिफिकेट भी ले जाते हैं।

# मोदी की व्यापार दृष्टि ने भारत को बदलने के लिए विश्व-स्तर पर अवसरों के द्वार खोले



पीयूष गोयल

यूके के साथ ऐतिहासिक व्यापार समझौता, जो 15 जुलाई से लागू होगा, भारतीय किसानों, एमएसएमई, मछुआरों, स्टार्टअप और कारीगरों के लिए वैश्विक अवसर और समृद्धि लाएगा। यह नौकरियां सृजित करेगा और भारतीय नागरिकों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले सामान को उचित कीमतों पर उपलब्ध कराएगा, जिससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 मिशन को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। भारत और यूके के बीच परिवर्तनकारी व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) भारतीय वस्तुओं के लिए यूके में सभी क्षेत्रों में, विशेष रूप से श्रम-प्रधान क्षेत्रों में, व्यापक बाजार पहुंच सुनिश्चित करेगा। दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद यह समझौता लगभग 100% व्यापार मूल्य को शामिल करते हुए लगभग 99% टैरिफ लाइनों पर तुरंत शुल्क समाप्त करेगा, जिससे भारतीय निर्यात के लिए अपार अवसर सृजित होंगे। सीईटीए एक जन-केंद्रित समझौता है, जिस पर पिछले साल प्रधानमंत्री मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये गये थे। यह समाज के हर हिस्से को फायदे देता है। किसानों को अपने घरेलू हितों से समझौता किए बिना उच्च मूल्य वाले निर्यात बाजारों तक पहुंच मिलेगी। मछुआरों को विशाल यूके बाजार में अधिक सीफ़ूड निर्यात से फायदा मिलेगा। श्रमिकों को श्रम-गहन क्षेत्रों में नई नौकरियों के अवसर मिलेंगे। महिला उद्यमी, युवा, स्टार्टअप्स और एमएसएमई को वैश्विक मूल्य-श्रृंखला तक बेहतर पहुँच मिलेगी। पेशेवरों को बेहतर आवागमन और मान्यता के अवसरों से फायदा मिलेगा।

**किसानों के लिए समृद्धि-** सीईटीए भारतीय किसानों के लिए प्रीमियम यूके बाजार खोलता है, जो दूसरे यूरोपीय देशों को मिलने वाले फायदों के बराबर या उनसे भी बेहतर है। हल्दी, काली मिर्च, इलायची और प्रसंस्कृत सामान जैसे आम का गूदा, अचार और दालों को शुल्?क-मुक्त पहुँच प्राप्त होगा। उच्च कृषि निर्यात से किसानों की आय बढ़ेगी और गुणवत्ता, पैकेजिंग और प्रमाणन के लिए और प्रोत्साहन मिलेगा। यह कृषि मूल्य श्रृंखला में कई नौकरियाँ भी पैदा करेगा। साथ ही, सीईटीए घरेलू किसानों - खासकर डेयरी उत्पाद, खाद्यान्न, मोटे अनाज, सेब, ओट्स और खाद्य तेल से जुड़े किसानों - की सुरक्षा के लिए भारत के सबसे संवेदनशील कृषि क्षेत्रों को अपने दायरे से बाहर रखता है। इन्हें समझौते से बाहर रखना, मोदी सरकार की खाद्य सुरक्षा, घरेलू



मूल्य स्थिरता और कमजोर कृषि समुदायों को प्राथमिकता देने की रणनीति को प्रतिबिंबित करती है।

**उद्योग को बढ़ावा-** यूके के विशाल बाजार तक तुरंत शुल्क-मुक्त पहुंच भारतीय निर्माण को बढ़ावा देगी, जिससे पारंपरिक कारीगर, बड़े कारखाने और क्षेत्रीय औद्योगिक केंद्र प्रभावी तरीके से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। छोटे व्यवसायों को फायदा होगा, क्योंकि भारतीय उत्पादों को अपने प्रतिद्वंद्वियों पर प्रतिस्पर्धा से जुड़ी स्पष्ट बढ़त मिलेगी। फुटबॉल, क्रिकेट गियर, रग्बी बॉल और खिलौने बनाने वाली कंपनियां, अन्य उत्पादों के साथ-साथ, यूके में अपने व्यवसाय को काफी विस्तार देने में सक्षम होंगी। शुल्कों को हटाने से खासकर श्रम-सघन क्षेत्रों में लंबे समय से चल रही टैरिफ बाधाओं का समाधान हुआ है, जिससे निर्यात प्रतिस्पर्धा और पैमाने में तुरंत लाभ होने की उम्मीद है। तिरुपुर के करघों से लेकर बेंगलुरु की लैब तक, सूरत के हीरे के कारीगरों से लेकर हैदराबाद के कोडर्स तक, यह समझौता असली अर्थव्यवस्था को छूता है।

**सेवाएँ और पेशेवर-** यूके ने सेवा क्षेत्र में अब तक की अपनी सबसे व्यापक प्रतिबद्धताओं में से एक प्रदान किया है, जिसमें भारत की निर्यात रुचि के सभी प्रमुख सेवा क्षेत्रों और 137 उप-क्षेत्रों को शामिल किया गया है। बेहतर बाजार पहुंच और नियामक सुनिश्चितता भारतीय सेवा प्रदाताओं को आईटी और आईटी-सक्षम सेवाओं, वित्तीय सेवाओं, पेशेवर सेवाओं, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, इंजीनियरिंग, दूरसंचार और परामर्श सेवाओं में सहायता करेगी। भारत ने कुशल पेशेवरों के लिए अनुकूल आवागमन प्रावधान सुनिश्चित किए हैं, जिनमें संविदा सेवा प्रदाता, व्यापार यात्री, निवेशक, योग प्रशिक्षक, संगीतकार और रसोइये शामिल हैं। इस समझौते में व्यापार आगंतुक, कर्मचारियों का अंतर-कॉर्पोरेट तबादला, संविदा सेवा आपूर्तिकर्ता, स्वतंत्र पेशेवर और निवेशकों के लिए भी पूर्वानुमान योग्य आवागमन उपाय प्रदान किए गए हैं। इसके अलावा, इस समझौते के तहत 1,800 भारतीय रसोइये, योग प्रशिक्षक और शास्त्रीय संगीतकार हर साल समर्पित आवागमन अवसरों का लाभ उठा सकेंगे।

**नवोन्मेषी एफटीए-** पीएम मोदी के नेतृत्व में, एफटीए सिर्फ वस्तुएं और सेवाओं तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि इन्होने नए मानक स्थापित किये हैं। ईएफटीए देशों–स्विट्ज़रलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन– के साथ, भारत ने 100 बिलियन डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता हासिल की, जिससे प्रत्यक्ष रोजगार के एक मिलियन अवसरों के सृजन की उम्मीद है। न्यूज़ीलैंड के साथ एफटीए में, देश ने 15 साल में 20 बिलियन डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता हासिल की, जबकि ऑस्ट्रेलियाई एफटीए ने उस दोहरी कर-व्यवस्था की समस्या को सुलझा दिया, जिससे भारतीय आईटी कंपनियां समस्याओं का सामना करती थीं। यूके के साथ समझौते का एक महत्वपूर्ण पहलू है, दोहरा योगदान सिद्धांत। यह ऐतिहासिक व्यवस्था, जो सीईटीए के साथ प्रभावी होगी, भारतीय कर्मचारियों और नियोक्ताओं को अस्थायी कार्य-उत्तरदायित्व (असाइनमेंट) के दौरान यूके में दोहरी सामाजिक सुरक्षा योगदान देने से मुक्त करती है। 75,000 से अधिक भारतीय पेशेवरों और 900 से अधिक कंपनियों को अस्थायी विदेशी कार्य-उत्तरदायित्व पर कर्मचारियों के लिए लगातार सामाजिक सुरक्षा कवरेज से फायदा मिलने की उम्मीद है।

**सरकार की रणनीति-** 2014 में अर्थव्यवस्था संघर्ष कर रही थी और संभावित निवेशकों का भरोसा टूट रहा था। भारत को उन 'कमजोर पांच' अर्थव्यवस्थाओं में से एक माना जाता था, जो नीतिगत भटकाव और भारी भ्रष्टाचार घोटालों से जूझ रही थीं। मोदी सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था में वैश्विक विश्वास बहाल करने और इसे निवेशकों के लिए आकर्षक बनाने के लिए एक सुदृढ़ दृष्टिकोण अपनाया। विकसित देशों के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर करना अगला कदम था। एफटीए व्यापार नीतियों के संबंध में अनिश्चितता को कम करके निवेशकों का भरोसा भी बढ़ाते हैं। सरकार ने ऐसे विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ एफटीए किये, जो बड़े बाजार प्रदान करती हैं और भारत के प्रमुख व्यापार हितों के साथ सीधे प्रतिस्पर्धा नहीं करतीं। इससे दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद स्थिति बनती है, जो पिछली सरकार के उस दृष्टिकोण से अलग है, जिसमें भारतीय व्यवसायों को जोखिम में डालते हुए देश के दरवाजे प्रतिद्वंद्वियों के लिए लापरवाही से खोल दिए गए थे। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत को अब एक मजबूत अर्थव्यवस्था और अस्थिर विश्व में एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में व्यापक रूप से सम्मान दिया जाता है। इसने खुद को एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में स्थापित किया है, जिसका एक आकर्षक बाजार है और यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बनी हुई है। महत्वपूर्ण और व्यापक सुधारों, व्यवसाय करने में आसानी में सुधार, छोटे अपराधों को अपराध मुक्त करने और पीएम के वैश्विक व्यक्तित्व ने भारत को एक आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित किया है। आज, दुनिया भारत की विकास कहानी का हिस्सा बनना चाहती है–और एफटीए पर हस्ताक्षर करना चाहती है। इन व्यापार समझौतों ने घरेलू बाजार को भी धीरे-धीरे खोलना सुनिश्चित किया है। इससे भारतीय बाजार अधिक प्रतिस्पर्धी होगा और स्थानीय निर्माता उच्च गुणवत्ता वाले सामान प्रतिस्पर्धी कीमतों पर बनाने के लिए प्रोत्साहित होंगे, जो प्रधानमंत्री के विकसित भारत मिशन का एक मुख्य तत्व है। सीईटीए प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच न्यायसंगत और महत्वाकांक्षी व्यापार समझौतों के लिए एक मानक है। यह भारत के मूल हितों से समझौता किए बिना वंचित लोगों के लिए आकर्षक वैश्विक अवसर खोलता है। यह दिखाता है कि नया भारत कैसे व्यापार करता है।

विचार

# दस्तावेजी सबूत हैं कि संघ ने आपातकाल का समर्थन किया था

अनिल जैन

पंच दशक पहले देश में लगे आपातकाल की 25 जून को 51वीं बरसी है। इस मौके पर मीडिया और सोशल मीडिया के जरिए भारतीय लोकतंत्र के उस त्रासद और शर्मनाक कालखंड को अलग-अलग तरह से याद किया जाएगा। याद करने वालों में ऐसे तो होंगे ही जो आपातकाल के दौरान पूरे समय जेल में रहे थे या भूमिगत रहते हुए आपातकाल और तानाशाही के खिलाफ संघर्ष में जुटे हुए थे, मगर आपातकाल को वे तमाम लोग सबसे ज्यादा बढ़-चढ़कर याद करेंगे जो आपातकाल के दौरान अपनी गिरफ्तारी के चंद दिनों बाद ही माफीनामे लिखकर जेल से बाहर आ गए थे, ठीक उसी तरह, जिस तरह विनायक दामोदर सावरकर अंग्रेजों से माफी मांग कर जेल से बाहर आए थे। आपातकाल को याद करते हुए कांग्रेस को कोसने वालों में वे लोग भी शामिल रहेंगे जो जेल जाने से बचने के लिए रातों-रात अपनी राजनीतिक पहचान बदलकर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और उनके बेटे संजय गांधी की जय-जयकार करने लगे थे। सरकार से माफी मांगकर जेल से बाहर आने वालों ने अपने माफीनामों में इंदिरा गांधी के बीस सूत्रीय और संजय गांधी के पांच सूत्रीय कार्यक्रम का समर्थन करते हुए वादा किया था कि वे भविष्य में किसी भी तरह की राजनीतिक गतिविधियों में शामिल नहीं होंगे। ऐसा करने वालों में ज्यादातर लोग राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और तत्कालीन जनसंघ यानी आज की भाजपा से जुड़े हुए थे। पिछले 12 वर्षों के दौरान अपने क्रिया-कलापों के जरिए आपातकाल को बहुत पीछे छोड़ कर लोकतंत्र को लगभग खत्म कर चुके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए तो राजनीतिक विमर्श में आपातकाल सबसे प्रिय विषय रहता है। इसलिए वे आपातकाल को हर साल सिर्फ 25-26 जून को ही नहीं बल्कि अक्सर याद करते रहते हैं। यह और बात है कि मोदी आपातकाल के दौरान न तो जेल गए थे और न ही आपातकाल विरोधी किसी संघर्ष से उनका कोई जुड़ाव था। एक साल पहले आपातकाल के पांच दशक पूरे होने पर मोदी ने कहा था, आपातकाल के दौरान हमारे देश ने देखा कि किस तरह संवैधानिक संस्थाओं का विनाश किया गया। हम संकल्प लेते हैं कि हम भारत की लोकतांत्रिक भावना को मजबूत करने का हर संभव प्रयास करेंगे और हमारे संविधान में निहित मूल्यों पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। उस मौके पर गृहमंत्री अमित शाह के नाम से कुछ अखबारों में लेख भी छपे थे, जिनमें दावा किया गया था कि भाजपा ही देश में एक मात्र ऐसी पार्टी है जो लोकतांत्रिक मूल्यों में आस्था रखती है और देश में लोकतंत्र इसलिए बचा हुआ है, क्योंकि आज सरकार चला रहे नेता उन लोगों में से हैं जिन्होंने आपातकाल के खिलाफकथित दूसरी आजादी की लड़ाई लड़ी थी। हालांकि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के दावों के बरअक्स संसद, न्यायपालिका और चुनाव आयोग सहित विभिन्न संस्थानों की पिछले 12 वर्षों के दौरान किस कदर दुर्गति हुई है, संविधान को किस कदर नजरअंदाज किया जा रहा है और असहमति की आवाजों का कितनी निर्ममता से दमन किया जा रहा है, यह सब एक अलग बहस का विषय है। अमित शाह का यह दावा पूरी तरह हास्यास्पद है कि देश में लोकतंत्र इसलिए बचा हुआ है, क्योंकि आज सरकार चला रहे नेता उन लोगों में से हैं जिन्होंने आपातकाल के खिलाफ दूसरी आजादी की लड़ाई लड़ी थी। वैसे तो उनके इस दावे को फर्जी साबित करने वाले कई तथ्य सरकारी और गैर सरकारी दस्तावेजों में दर्ज भी हैं, लेकिन यहां सिर्फ आरएसएस के तत्कालीन सरसंघचालक मधुकर दत्तात्रेय देवरस उर्फ बालासाहेब देवरस के उन पत्रों का उल्लेख करना ही पर्याप्त होगा जो उन्होंने आपातकाल लागू होने के कुछ ही दिनों बाद जेल में रहते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और सर्वोदयी चिंतक विनोबा भावे को लिखे थे। उन्होंने यरवदा जेल से इंदिरा गांधी को पहला पत्र 22 अगस्त, 1975 को लिखा था जिसकी शुरुआत इस तरह थी- मैंने 15 अगस्त, 1975 को रेडियो पर लाल किले से राष्ट्र के नाम आपके संबोधन को यहां कारागृह (यरवदा जेल) में सुना था। आपका यह संबोधन संतुलित और समयानुकूल था। इसलिए मैंने आपको यह पत्र लिखने का फैसला किया। इंदिरा गांधी ने देवरस के इस पत्र का कोई जवाब नहीं दिया। देवरस ने 10 नवंबर, 1975 को इंदिरा गांधी को एक और पत्र लिखा। इस पत्र की शुरुआत उन्होंने सुप्रीम कोर्ट द्वारा इलाहाबाद हाई कोर्ट के फै सले के खिलाफदिए गए फैसले के लिए इंदिरा गांधी को बधाई देने के साथ की। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इंदिरा गांधी को चुनाव में भ्रष्ट साधनों के उपयोग का दोषी मानते हुए प्रधानमंत्री पद के अयोग्य करार दिया था। देवरस ने अपने इस पत्र मे लिखा- सुप्रीम कोर्ट के पांच न्यायाधीशों की पीठ ने आपके चुनाव को वैध घोषित कर दिया है, इसके लिए आपको हार्दिक बधाई। देवरस ने अपने इस पत्र में यहां तक कह दिया कि, सरकार ने अकारण ही संघ का नाम गुजरात के छात्र आंदोलन और जयप्रकाश नारायण के बिहार आंदोलन के साथ जोड़ दिया है, जबकि संघ का इन आंदोलनों से कोई संबंध नहीं हैं। चूंकि इंदिरा गांधी ने देवरस के इस पत्र का भी जवाब नहीं दिया। लिहाजा जनसंघ के राजनीतिक प्रेरणा पुरुष देवरस ने विनोबा भावे से संपर्क साधा, जिन्होंने आपातकाल को अनुशासन पर्व की संज्ञा दी थी। देवरस ने 12 जनवरी, 1976 को लिखे अपने पत्र में विनोबा भावे से आग्रह किया कि संघ पर लगा प्रतिबंध हटाए जाने के लिए वे इंदिरा गांधी को सुझाव दें। विनोबा भावे ने भी देवरस के पत्र का जवाब नहीं दिया। हताश देवरस ने विनोबा को एक और पत्र लिखा। उन्होंने इस पत्र में लिखा, अखबारों में छपी सूचनाओं के अनुसार प्रधानमंत्री 24 जनवरी को वर्धा, पवनार आश्रम में आपसे मिलने आ रही हैं। उस समय देश की वर्तमान परिस्थितियों के बारे में उनकी आपके साथ चर्चा होगी। मेरी आपसे याचना है कि प्रधानमंत्री के मन में संघ के बारे में जो गलत धारणा घर कर गई है, आप कृपया उसे हटाने की कोशिश करें, ताकि संघ पर लगा प्रतिबंध हटाया जा सके और जेलों में बंद संघ के लोग रिहा होकर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की प्रगति के लिए सभी क्षेत्रों में अपना योगदान कर सकें। विनोबा ने देवरस के इस पत्र का भी कोई जवाब नहीं दिया। यह भी संभव है कि दोनों ही पत्र विनोबा तक पहुंचे ही न हों। जो भी हो, इंदिरा गांधी और विनोबा को लिखे गए ये सभी पत्र देवरस की पुस्तक हिंदू संगठन और सत्तावादी राजनीतिश् में परिशिष्ट के तौर पर शामिल हैं। इस पुस्तक का प्रकाशन जागृति प्रकाशन, नोएडा ने किया है। इंदिरा गांधी और विनोबा को लिखे देवरस के पत्रों से यह तो जाहिर होता ही है कि आरएसएस आधिकारिक तौर पर आपातकाल विरोधी संघर्ष में शामिल नहीं था। संगठन के स्तर पर आपातकाल का समर्थन करने और सरकार को सहयोग देने की देवरस की औपचारिक पेशकश जब बेअसर साबित हुई तो संघ के जो कार्यकर्ता गिरफ्तार कर लिए गए थे, उन्होंने व्यक्तिगत तौर पर माफीनामे देकर जेल से छूटने का रास्ता अपनाया। जेल से बाहर आने की छटपटाहट सिर्फ संघ के कार्यकर्ताओं में ही नहीं थी बल्कि जनसंघ के कई नेता भी जेल से बाहर आने के लिए कसमसा रहे थे।

साहित्य



## डॉ. हेडगेवार, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और बंगाल : ऐतिहासिक जुड़ाव

डॉ. पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

हाल ही में हुए बंगाल विधानसभा चुनाव न केवल भाजपा की एक और जीत थी बल्कि आंतरिक और बाहरी विरोधियों के लिए बड़ी हार भी थे। यह चुनाव न केवल पश्चिम बंगाल के लिए बल्कि पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए भी बहुत अहम था। बंगाल के लोग, खासकर हिंदू, उन राजनीतिक दलों के खिलाफ अपनी एकता के लिए तारीफ के हकदार हैं जिन्होंने राज्य की अखंडता से समझौता किया है। यह बदलाव जनसंघ के समय से ही रा.स्व. संघ और भाजपा की कोशिशों का नतीजा है। दशकों से किए गए बड़े काम को पहचानना ज़रूरी है। पश्चिम बंगाल और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के बीच का रिश्ता आज के राजनीतिक माहौल तक सीमित नहीं है। यह रिश्ता सीधे तौर पर संघ के बनने और जनसंघ की नींव रखे जाने से पहले के समय से जुड़ा है।



## राशिफल

**मेष:-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें।

**वृषभ:-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं।

**मिथुन:-** भावनाओं पर नियंतण्ररख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम का लाभ मिलेगा।

**कर्क:-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव।

**सिंह:-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**कन्या:-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**तुला:-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक:-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

**धनु:-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**मकर:-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभ:-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

**मीन:-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा।

# सिख धर्म का अभिन्न अंग 'कृपाण' विवादों में क्यों?

मनिंदर सिंह गिल

पांच ककार एक सिख की धार्मिक पहचान के अभिन्न अंग हैं, जिनमें से कृपाण ऐतिहासिक रूप से दशमेश पिता श्री गुरु गोड्क्षबद सिंह जी द्वारा हमें जुल्म का सामना करने के लिए बख्शी गई थी। शस्त्र नाम माला में गुरु साहिब ने धर्म की रक्षा के लिए उठाए गए सभी शस्त्रों को अपने पीर का दर्जा देकर शस्त्रों को एक बहुत ही सत्कार योग्य स्थान दिया है। आधुनिक काल में सिख भाईचारे ने पूरी दुनिया में प्रवास किया और अपनी जड़ें पश्चिमी देशों में भी जमाई। इस समय तक कृपाण हमारी मर्यादा के कारण एक पूर्ण सिख के मानो शरीर का ही एक अंग बन चुकी थी, इसलिए सभी पश्चिमी देशों में सिखों को धार्मिक आजादी के चलते कृपाण धारण करने का अधिकार मिला था और इस अधिकार के लिए सिखों को लंबे संघर्ष भी करने पड़े थे। हाल ही में यू.के. में हुए एक हत्याकांड, जिसमें एक अमृतधारी सिख विक्रम दिगबा द्वारा एक किरच नुमा हथियार से वार करके हेनरी नोवैक को मौत के घाट उतार दिया गया और जब पुलिस मौके पर पहुंची तो हेनरी नोवैक पर नस्लीय हमला करने के झूठे आरोप लगा दिए गए, जिसके चलते जख्मी पड़े 18 साल के हेनरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया लेकिन जख्मों की ताब न झेलते हुए हेनरी ने दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद इंगलैंड और पूरी दुनिया में जहां पहले ही दक्षिणपंथी राजनीति के कारण आप्रवासी भाईचारे के खिलाफ नफ़्रत और हिंसा उफ़ान पर थी, वहीं इस घटना को कुछ दक्षिणपंथी राजनेताओं द्वारा एक बहाना बनाकर सिखों की धार्मिक आजादियां छीनने की मांग की जा रही है। इंगलैंड की रीस्टोर पार्टी के एम.पी. रूपर्ट लो ने तो कृपाण पर बैन लगाने तक की मांग कर दी। रूपर्ट लो के इन भेदभावपूर्ण बयानों को 'एक्स' के मालिक एलन मस्क ने रीट्वीट करके एक विश्वसनीयता दी, वहीं यह मामला अमरीका और यू.के. में राजनयिक तनाव का कारण भी बन गया क्योंकि अमरीका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस ने इस मामले को उभारकर अपनी आप्रवासी विरोधी नीतियों को जायज ठहराने का प्रयास किया। यू.के. का सिख भाईचारा इस मामले के इतना तूल पकड़ जाने के बाद चिंताओं में डूबा हुआ है कि उनके खिलाफनफ़्रत की लहर न उठ खड़ी हो। लेबर पार्टी के सांसद तनमनजीत सिंह ढेसी ने बार-बार यह दोहराया है कि इस आपसी झगड़े की एक घटना को लेकर समूचे भाईचारे के खिलाफनफ़्रत न फैलाई जाए लेकिन नफ़्रत की राजनीति करने वाली और समाज के बीच ध्रुवीकरण करने वाली ताकतें इस मामले को सियासी तौर पर इस्तेमाल करने के लिए तत्पर हैं। अगर बात कनाडा की करें तो कनाडा एक ऐसा देश है जहां धार्मिक आजादी को चार्टर राइट्स के जरिए सुरक्षित किया गया है। कनाडा में कृपाण का मामला तब बहस में आया था, जब गुरबाज सिंह मुल्तानी नाम के एक विद्यार्थी के कृपाण धारण करने के अधिकार पर क्यूबेक के एक स्कूल बोर्ड ने रोक लगा दी थी। गुरबाज सिंह मुल्तानी इस फैसले के खिलाफ कनाडा की सुप्रीम कोर्ट में गया था, जहां अदालत ने फैसला गुरबाज सिंह मुल्तानी के हक में कर दिया और यह बात कही कि कृपाण धारण करना उसकी धार्मिक आजादी है लेकिन कृपाण के ऊपर जायज नियम सरकार लागू कर सकती है, जैसे कि कृपाण की लंबाई और यह कहा गया कि मुल्तानी कृपाण कपड़ों के अंदर ही धारण करेगा। इस तरह कनाडा में सिखों के धार्मिक अधिकार सुरक्षित हैं।

भारत के संविधान की धारा 25 (अनुच्छेद 25) सिखों को कृपाण पहनने और धारण करने दोनों की आजादी प्रत्यक्ष रूप में देती है। यहां विडंबना यह है कि उसी धारा 25 के खिलाफ सिखों की राजनीतिक पाष्ट्यों ने झंडा उठा रखा है और सिखों को धारा 25 के संबंध में भ्रम में डाला है। इन राजनीतिक लोगों ने हमेशा यह गलत प्रचार किया कि धारा 25 सिखों को हिंदू कहती है और सिख धर्म के अलग होने को मान्यता नहीं देती, जोकि सरासर गलत बयानी है, क्योंकि धारा 25 में हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध धर्म को सिर्फ एक विशेष संदर्भ के लिए ही ड्क्षहदू की परिभाषा में रखा गया है और वह विशेष संदर्भ है धार्मिक स्थानों पर जात-पात खत्म करना और धार्मिक स्थानों को हर जाति के व्यक्ति के लिए खोलना। यहां एक बड़ा सवाल यह भी उठता है कि कभी गौ-गरीब की रक्षा के लिए कृपाण को एक पवित्र हथियार के रूप में मान्यता मिलती थी, उसके बारे में तेजी से बदल रही जनभावना का आखिर कारण क्या है? हम जिस तरह आपसी झगड़ों और गोलक के विवाद पर कृपाणें लहराकर हुड़दंग मचाते हैं, उसने स्थानीय भाईचारे में इस पवित्र ककार को डर का प्रतीक बना दिया है। वह भी समय था जब किसी बस या पूरी रेलगाड़ी में यदि एक भी सिख सवारी मौजूद होती थी तो हर कोई अपने आप को सुरक्षित महसूस करता था लेकिन आज हमने अपनी हरकतों के कारण इस विशिष्ट रूप को तिरस्कार का पात्र बना दिया है।

हम सिर जोड़कर क्यों नहीं सोचते कि जब दुनिया भर के समाज-विरोधी कार्य, चाहे वह लूट-खसोट हो, नशे की तस्करी या चोरी की वारदातें, उनमें हमारे ही भाइयों की तस्वीरें दस्तार और गातरे समेत क्यों छपती हैं? इस सारे विवाद में आज 'सरबत के भले' के दर्शन के मुताबिक देश-विदेश में बसी सिख संगत को एकत्रित होकर अपने धार्मिक चिन्हों की आजादी को बरकरार रखने के लिए शांतिपूर्ण ढंग के साथ अपना पक्ष रखना चाहिए और हर भाईचारे को सिखों के समाज निर्माण में योगदान और धार्मिक आस्था के बारे में जानकारी देनी चाहिए।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### डीएम से ग्रामीणों ने न्याय की लगाई गुहार



**फतेहपुर।** गाजीपुर थाने के बंवारा गांव के रहने वाले ग्रामीण कलेक्टेट पहुंचे और जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। इस दौरान इनका कहना था कि गांव में गाटा संख्या 413 नवीन परती में सुरक्षित हरिजन आबादी की भूमि है। जिस पर प्रार्थीगण लगभग 10 वर्षों से छप्पर डालकर निवास करते चले आ रहे हैं। बरसात का मौसम देखकर प्रार्थी गणों ने दीवार बनाकर उसी में छप्पर रखकर अपना गुजर बसर कर रहे थे। जिसमें किसी को कोई आपत्ति नहीं है। ग्राम प्रधान व सक्षम अधिकारियों से कई बार निवेदन किया गया की आवास की व्यवस्था किया जाए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इन लोगों ने आरोप लगाया कि 23 जून को नायब तहसीलदार व पूर्व लेखपाल पुलिस बल के साथ बिना कोई सूचना दिए प्रार्थी गणों के घरों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। उनके बच्चे हाथ पैर जोड़ते रहे मौका नहीं दिया। ग्राम प्रधान के मना करने पर भी नहीं माने। प्रार्थीगणों के पास अब खाने रहने का कोई ना स्थान है और ना ही कोई सामान बचा है प्रार्थी के बच्चे सड़क पर पड़े है। उक्त घटना को इन लोगों ने जिला अधिकारी से निष्पक्ष जांच की मांग किया है और दोषी लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने के लिए मांग किया। ज्ञापन देने वालों में धर्मराज, शिवप्रसाद, मंघई, क्रांति कुमार, ज्ञानेंद्र, सुशीला, रामकिशोर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### विवाहिता के मौत मामले में पुलिस ने पति, ससुर सहित चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**कुलपहाड़/महोबा।** नगर के हटवारा मोहाल में बीते दिन मंगलवार को एक विवाहिता पुत्री द्वारा मायके में ही फांसी लगाकर आत्म हत्या किए जाने के मामले में थाना पुलिस ने मृतिका के पिता की तहरीर के आधार पर मृतका के पति, ससुर, ननद सहित चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। बता दें कि नगर के हटवारा मोहाल निवासी राजस्व निरीक्षक हरप्रसाद अनुरागी की 29 वर्षीय पुत्री मनीषा ने मंगलवार को मायके कुलपहाड़ में अपने चार माह के दुध मुंह बच्चे को छोड़कर स्वयं फांसी पर झूलकर जीवन लीला समाप्त कर ली। मरने के पूर्व मृतका ने वायरल वीडियो में ससुराल पक्ष द्वारा दहेज को लेकर उत्पीड़न करना कहा गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। बताया जाता है कि मृतका की डेढ़ वर्ष पूर्व मध्य प्रदेश के छतरपुर में अजय अनुरागी के साथ शादी हुई थी। उसके चार माह का एक पुत्र भी है। मंगलवार की सुबह किसी से फोन पर बात करने के बाद फांसी लगा ली थी। मृतका के पिता हरप्रसाद अनुरागी जो राजस्व निरीक्षक के पद पर चरखारी में पदस्थ हैं, की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने मृतिका के पति अजय अनुरागी, ससुर अखिल प्रसाद, सास व ननद सहित चार लोगों के खिलाफ धारा 85, 80(2), बी एन एस 3/4 डीपी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। और पति को हिरासत में लेकर आगे की कार्यवाही की जा रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी महोबा रविकांत गोंड ने जानकारी देते हुए बताया कि एक व्यक्ति द्वारा थाना कुलपहाड़ में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि मेरी पुत्री की शादी करीब एक वर्ष पूर्व हुई थी। ससुराली जनों द्वारा दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाता रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। जिसकी विवेचना सीओ कुलपहाड़ अनुरुद्ध कुमार द्वारा की जाएगी।

### उत्तर प्रदेश वालीबॉल टीम में चयन पर जिलाधिकारी ने रौनक को चेक देकर किया सम्मानित



**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के निर्देश के क्रम मे कलेक्टेट परिसर मे खरेला निवासी जनपद महोबा की राज्य स्तरीय वॉलीबाल खिलाडी कुमारी रौनक को उत्तर प्रदेश के एक मात्र खेल विभाग द्वारा संचालित आवासीय, वॉलीबाल बालिका छात्रावास अयोध्या मे चयनित होकर जनपद महोबा का नाम खेल जगत मे रोशन किया गया है, कुमारी रौनक की खेल उपलब्धि को दृष्टिगत रखते हुये जिलाधिकारी महोबा द्वारा जिला खेल विकास एंव प्रोत्साहन समिति के माध्यम से रूपया-5000.00 (रु. पाँच हजार मात्र) का नगद चेक के द्वारा कुमारी रौनक को प्रोत्साहित किया गया। जिलाधिकारी महोबा द्वारा रौनक को उज्जवल भविष्य एंव राष्ट्रीय स्तर पर जनपद महोबा का नाम रोशन करने की शुभकामनाये दी। जिला कीडाधिकारी संदीप गुप्ता के द्वारा जिलाधिकारी को कुमारी रौनक की खेल उपलब्धियों की जानकारी दी, इस अवसर पर काशी प्रसाद इन्टर कालेज खरेखा के प्रबन्धक शांशाक गुप्ता, विद्यालय के प्रधानाचार्य खेल शिक्षक नरेद्र पाठक, पिता हबीब मोहम्मद एंव बैडमिन्टन कोच कुणाल पाटकार आदि लोग उपस्थित थे।

### महर्षि वेदव्यास मंदिर को राज्यसभा सांसद की बड़ी सौगात, 20 लाख रुपये से बनेगा रैन बसेरा

**श्रद्धालुओं की वर्षों पुरानी मांग राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने की पूरी**



**कालपी (जालौन)।** धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व रखने वाले महर्षि वेदव्यास मंदिर परिसर के विकास को नई गति मिलने जा रही है। क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं के लिए यह एक बड़ी खुशखबरी है कि राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद हमीरपुर द्वारा मंदिर परिसर में 20 लाख रुपये की लागत से रैन बसेरा (रात्रि आश्रय गृह) निर्माण की सौगात प्रदान की गई है। इस महत्वपूर्ण पहल से दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं, साधु-संतों एवं जरूरतमंद यात्रियों को ठहरने की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। गौरतलब हो कि महर्षि वेदव्यास मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां वर्ष भर धार्मिक कार्यक्रम, कथा, भजन-कीर्तन एवं विभिन्न सामाजिक आयोजन होते रहते हैं। विशेष अवसरों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में रात्रि विश्राम की समुचित व्यवस्था न होने से श्रद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लंबे समय से स्थानीय लोगों एवं मंदिर समिति द्वारा रैन बसेरा निर्माण की मांग उठाई जा रही थी। राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद हमीरपुर द्वारा 20 लाख रुपये की स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों का मानना है कि रैन बसेरा बनने से न केवल श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा, बल्कि मंदिर परिसर के समग्र विकास को भी बल मिलेगा। इससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र की पहचान और अधिक मजबूत होगी। ग्रामीणों एवं मंदिर से जुड़े लोगों ने राज्यसभा सांसद माननीय बाबूराम निषाद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सौगात क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास जताया कि रैन बसेरा निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद यहां आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवास की व्यवस्था उपलब्ध होगी। साथ ही धार्मिक आयोजनों में भाग लेने वाले लोगों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होकर निर्धारित समय में पूरा होगा, जिससे आगामी धार्मिक आयोजनों में आने वाले श्रद्धालु इस सुविधा का लाभ उठा सकें। राज्यसभा सांसद की इस पहल को क्षेत्रवासियों ने जनहित एवं धर्महित में उठाया गया सराहनीय कदम बताया है।

# पीएचसी में अव्यवस्थाएं, डीएम को निरीक्षण में मिली लापरवाही

**पीएचसी प्रभारी को नोटिस जारी करने के निर्देश**

**असोथर, फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) असोथर में बुधवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ. उदयभान सिंह के संयुक्त औचक निरीक्षण में कई खामियां सामने आईं। स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जागरूकता संबंधी पत्रकों का ढेर मिलने और साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए पीएचसी प्रभारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बुधवार अपराह्न करीब 1.45 बजे जिलाधिकारी और सीएमओ अचानक पीएचसी पहुंचे। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा प्रभारी डॉ. नीरज गुप्ता सहित समस्त स्टाफ मौजूद मिला। अधिकारियों ने सबसे पहले उपस्थिति पंजिका, स्टोर रूम, मरीज कक्ष तथा अन्य अभिलेखों की जांच की। इसी दौरान चिकित्सा प्रभारी कक्ष के बगल में शौचालय जाने वाली गली में बड़ी मात्रा में स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी पत्रक डंप मिले। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे गंभीर लापरवाही बताया। जब चिकित्सा प्रभारी ने सफाई देते हुए कहा कि कई बार कर्मचारियों को पत्रक हटाने के निर्देश दिए गए, लेकिन किसी ने उनकी बात नहीं मानी, तब सीएमओ ने सवाल उठाया कि यदि कर्मचारी आदेशों का पालन नहीं कर रहे थे तो इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को क्यों नहीं दी गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने सीएमओ को निर्देश दिया कि तीन दिन के भीतर पीएचसी प्रभारी डॉ. नीरज गुप्ता को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण लिया जाए। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने स्वास्थ्य केंद्र परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था को तीन दिन में दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। वहीं चिकित्सा प्रभारी को सभी व्यवस्थाओं में सुधार लाने के लिए 20 दिन का समय दिया गया। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि निर्धारित अवधि के बाद भी सुधार न मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद डीएम और सीएमओ ने प्रसव केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने हेल्थ एटीएम मशीन, लैब रूम और लेबर रूम का जायजा लिया। ड्यूटी पर मौजूद स्टाफनर्स कल्पना से प्रसव सेवाओं और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। प्रसव केंद्र की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। निरीक्षण की सूचना मिलते ही नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लोग पीएचसी परिसर पहुंच गए। लोगों ने जिलाधिकारी के समक्ष समय से डॉक्टरों के अस्पताल न पहुंचने, ओपीडी संचालन में अनियमितता और मरीजों को होने वाली परेशानियों की शिकायत की। जिलाधिकारी ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। डीएम की सख्ती के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा रहा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनस्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा औचक निरीक्षण की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## घरेलू विवाद के चलते पिता ने बेटा व बहू को मारी गोली, बेटे की इलाज के दौरान मौत



**-बहू की हालत गंभीर आईसीयू में भर्ती**

**बिंदकी, फ्तेहपुर।** घरेलू विवाद के चलते पिता ने बेटे तथा बहू को गोली मार दी जिसके चलते हड़कंप मच गया। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए कानपुर रेफर कर दिया। कानपुर में एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान बेटे की मौत हो गई जबकि बहू का इलाज चल रहा है वह आईसीयू में भर्ती है। जानकारी के अनुसार कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के अंतर्गत सीतापुर गांव में बुधवार की सुबह घरेलू विवाद के चलते पिता रामखेलावन वर्मा ने अपने पुत्र अवनीश वर्मा उम्र 36 वर्ष तथा बहू प्रियंका वर्मा उर्फ मनीषा वर्मा उम्र 32 वर्ष को लाइसेंसी दो नाली बंदूक से गोली मार दिया था। जिसके चलते बहू बेटा दोनों गंभीर घायल हो गए थे। जिनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद कानपुर हैलट रेफर कर दिया। कानपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार को दिन में करीब 1 बजे अवनीश वर्मा की मौत हो गई। जबकि बहू मनीषा वर्मा उर्फप्रियंका वर्मा का इलाज अभी भी कानपुर के एक अस्पताल में चल रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक पुलिस बल के साथ सीतापुर गांव पहुंचे। पूरे मामले की जांच पड़ताल किया लोगों से पूछताछ की। घटना के बाद से आरोपी रामखेलावन वर्मा फरार है। पुलिस ने उनकी लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक कब्जे में ले ली है।

# राम मंदिर अयोध्या की चढ़ावा चोरी से खफा कांग्रेसियों ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**चोरी की एफआई आर दर्ज कराने की रखी मांग**



**फतेहपुर।** अयोध्या में हुए दान घोटाले में अभी तक कोई एफआई आर दर्ज न होने से खफा कांग्रेसियों ने आज कचेहरी में प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से सूबे की राज्य पाल को एक ज्ञापन भेजा। प्रस्तुत ज्ञापन में मांग की गई कि सर्व प्रथम घटना की एफआई आर दर्ज कराई जाय इसके उपरांत निष्पक्ष जांच कराकर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाय जिससे कि पुनः ऐसे घृणित कार्य की पुनरावृत्ति न हो। ज्ञापन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि ये बहुत दुर्भाग्य की बात है कि करोड़ो की चोरी का अभी तक एफ आई आर भी दर्ज नहीं कराई गई जिससे घटना में सरकार की संलिप्तता स्वतः ही दिखाई पड़ती है उन्होंने यह भी कहा कि देश में सोम नाथ मंदिर से लेकर सभी प्रतिष्ठित मंदिरों में चोरी हो चुकी है जिसमें कहीं पैसा तो कहीं सोना गायब किया जा चुका है परन्तु भाजपा सरकार उसकी जांच कराने की बजाय उसे दबाने का कार्य कर रही है। जिससे स्वतः ही संशय उत्पन्न होता है कि इन चोरियों में सरकार भी शामिल है। शहर अध्यक्ष मो. आरिफ गुड्डु ने कहा कि कोई भी धर्म हो चढ़ावा चोरी महा पाप का कार्य है इसे अंजाम देने वाले निश्चित ही दंड के भागी होंगे उन्होंने यह भी कहा कि राम तो ईश्वर हैं और पूरा देश उन्हें मानता है इसलिए देश की चारों पीठों के शंकराचार्यों को इसकी जिम्मेदारी सौंपनी चाहिए क्योंकि मंदिर की संपत्ति पर केवल भगवान राम का अधिकार है न कि भाजपा या किसी अन्य संगठन का। ज्ञापन में मुख्यरूप से वरिष्ठ नेता शेख एजाज अहमद, कलीम उल्ला सिद्दीकी, शोभा दुबे, हेमलता पटेल, शकीला बानो, पप्पी राजपूत, प्रवक्ता देवी प्रकाश दुबे, सैयद सहाब अली, राम शंकर शुक्ला, आशीष गौड़, राजू लोधी, आदित्य श्रीवास्तव, राम नरेश महराज, राजीव श्रीवास्तव, डॉ0 अब्दुल हमीद, निजामुद्दीन, आनंद सिंह गौतम, मनोज घायल, सलीम शेख, बसीर अहमद, धर्मेंद्र सिंह, अजय बच्चा, कौशल कुमार शुक्ला, अकरम सलमानी , अब्दुल रज्जाक, उस्मान बेग, अकरम काले, हम्माद हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।

# लूट का 12 घंटे में खुलासा, चार अभियुक्त गिरफ्तार

**23 जून को श्रीनगर थाना क्षेत्र में हुई थी शराब ठेकेदार से लूट की घटना, पुलिस ने लूट के 55200 रुपए, 2 तमंचे, कारतूस किए बरामद**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



23 जून 2026 को श्रीनगर अंतर्गत ग्राम बरा रोड स्थित देशी शराब ठेके के मुंशी शैलेंद्र कुमार से बुलेट मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने धमकी देकर रूपयों से भरा बैग लूट लिया था, तहरीर के आधार पर थाना श्रीनगर में मुकदमा अपराध संख्या 108/26 धारा 126( 2) 351 (3)/309 (4) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा संज्ञान लेते हुए घटना के शीघ्र अनावरण कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित किए जाने हेतु थाना श्रीनगर एवं जनपद एसओजी, सर्वलाइंस पुलिस टीम के साथ संयुक्त टीम गठित की गई । टीमों द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए साक्ष्य संकलित किए गए ।

इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर संयुक्त टीम द्वारा बरा तिगैला से चंडी खुडा मार्ग स्थित निर्वाणधीन पुल के पास घेराबंदी की गई, पुलिस टीम को देखकर बदमाशों ने फायरिंग कर दी । जिसके जवाब में की गई आत्मरक्षार्थ कार्रवाई में दो अभियुक्त घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिए गए। जबकि भागने का प्रयास कर रहे दो अन्य अभियुक्तों को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस मुठभेड़ में घायल अभियुक्त प्रदीप यादव पुत्र माखन सिंह ग्राम मिरतला एवं गोलू कुमार पुत्र अनिल कुमार फरुखाबाद का उपचार जिला अस्पताल महोबा में चल रहा है। चिकित्सकों ने उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।दो गिरफ्तार अभियुक्त विकास राजपूत पुत्र ओमप्रकाश राजपूत ग्राम बरा, आयुष नौपाने पुत्र अर्जुन नौपाने कपिलवस्तु नेपाल है।

पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया है की देशी शराब ठेके के मुंशी को रोक कर रूपयों से भरा बैग लूट लिया था और राशि को बटवारा करने को एकत्रित हुए थे । बताया है कि पुलिस मुठभेड़ के दौरान अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं उनके कब्जे से 55200 लूटी धनराशि, ठेके के दस्तावेज, 2 अवैध तमंचे, 2 कारतूस, 2 खोखे पुलिस ने बरामद हुए । बरामदगी के आधार पर धारा 109(1) / 352 /3(5) बीएनएस व 3/25 / 27 आर्म्स एक्ट तथा मुकदमा में धारा 317 (2) बीएनएस की वृद्धि की गई। गिरफतार करने वाली टीम में थाना श्रीनगर थानाध्यक्ष प्रवीण सिंह, उपनिरीक्षक विजय बहादुर, उपनिरीक्षक संदीप विमल, हेड कांस्टेबल विनोद कुमार, भानुप्रताप। जनपद एसओजी व सर्विलांस में उपनिरीक्षक शिव प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक विवेक यादव, अभिषेक वर्मा,दीपक वर्मा, कान्स्टेबल रंजीत सिंह, निर्भय सिंह,आशीष वघेल, सत्यम सिंह जादौन, नीलेश, अभिषेक दुवे शामिल हैं।

## मुहर्रम पर नगर में निकाला गया बुर्राक जुलूस

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



हजरत इमाम हुसैन की याद में मोहर्रम की सात तारीख मंगलवार की देर शाम नगर के टिलवापुरा एवं नजरबाग के इमामबाड़े से बुर्राक जुलूस निकाला गया, जिसमें भारी संख्या में उपस्थित अकीदतमंदों द्वारा फातिहा दरूद पढ़कर इमाम हुसैन की याद में मर्सिया पेश की गई। इस बुर्राक जुलूस में सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात रहा।

हज़रत इमाम हुसैन की याद में मनाए जाने वाले मोहर्रम पर्व की सातवीं को को नगर के टिलवापुरा एवं नजरबाग के इमामबाड़े से अकीदतमंदों द्वारा मातम मनाते हुए बुर्राक जुलूस निकाला गया, जो अपने पुराने मुकामों से होते हुए, सतियनपुरा, टिलवापुरा, पुरवनपुरा, सोनी गंज, बस स्टैंड आदि जगहों से भ्रमण कर देर रात्रि को वापिस यथास्थान पर सकुशल समापन हुआ। इस जुलूस में अकीदतमंदों ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाई और फातिहा जुलूस पढ़कर इमाम हुसैन की याद में मर्सिया पेश की गई। नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह अकीदतमंदों द्वारा लंगर व शर्बत वितरण किया गया। जुलूस के साथ प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार मिश्रा, क्राइम इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह, कस्बा इंचार्ज विकास तिवारी, उपनिरीक्षक मोहम्मद शोएब सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

# मेडिकल कॉलेज में फायर सेफ्टी मॉकड्रिल, आग से बचाव का दिया प्रशिक्षण

**लखनऊ हादसे के बाद बढ़ाई गई सतर्कता**

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



लखनऊ में हुए अग्निकांड के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में बुधवार को फायर सेफ्टी को लेकर मॉक ड्रिल आयोजित की गई। प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह के निर्देशन और सीएमएस डॉ. प्रशांत निरंजन की देखरेख में हुए अभ्यास में चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में बचाव और राहत कार्यों का प्रशिक्षण दिया गया। मॉक ड्रिल के दौरान कर्मचारियों को फायर अलार्म बजाने, अग्निशमन यंत्रों का सही तरीके से उपयोग करने, मरीजों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने तथा शुरूआती स्तर पर आग पर काबू पाने के तरीके बताए गए। साथ ही अस्पताल में आपात स्थिति के दौरान समन्वय बनाकर कार्य करने का भी अभ्यास कराया गया। प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि अस्पताल जैसे संवेदनशील संस्थानों में सुरक्षा मानकों का पालन बेहद जरूरी है। नियमित मॉक ड्रिल से आपदा के समय त्वरित और प्रभावी कार्रवाई संभव होती है। नोडल फायर सेफ्टी डॉ. चरक सांगवान ने कर्मचारियों से अग्नि सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने और हर समय सतर्क रहने की अपील की। इस मौके पर सीएमएस डॉ. प्रशांत निरंजन, डॉ आलोक कुमार सिंह, डॉ सुशील कुमार डॉ. छवि जायसवाल, डॉ सुनित सचान सहित चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### घर में मिला युवक का सड़ा-गला शव

**माधौगढ़ (जालौन)।** कस्बे के मोहल्ला पूर्वी मालवीय नगर में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक का शव उसके घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। मृतक की पहचान सुनील कुमार शाक्य (36 वर्ष) पुत्र रामचरण शाक्य निवासी पूर्वी मालवीय नगर के रूप में हुई है। सुनील कुमार शाक्य लंबे समय से शराब पीने का आदी था और अक्सर घर में अकेला रहता था। मंगलवार को मोहल्ले के लोगों को उसके घर की ओर से तेज दुर्गंध आने लगी। शुरुआत में लोगों ने इसे सामान्य बात समझा, लेकिन जब दुर्गंध लगातार बढ़ती गई और कई दिनों से सुनील भी दिखाई नहीं दिया, तो स्थानीय लोगों को अनहोनी की आशंका हुई। मोहल्लेवासियों ने तत्काल घटना की सूचना माधौगढ़ पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घर का दरवाजा अंदर से बंद होने के कारण पुलिस ने लोगों की मौजूदगी में दरवाजा तुड़वाया। अंदर प्रवेश करने पर सुनील कुमार शाक्य का शव पड़ा मिला, जो काफी पुराना होने के कारण सड़ने लगा था और उससे दुर्गंध आ रही थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई की है। प्रारंभिक जांच में मृतक की मौत शराब के अत्यधिक सेवन के कारण होने की आशंका जताई जा रही है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई- निविदा संख्याः उप.मु.ई०नि०1 जीकेपी-ई.पी.सी.-1-2026 खुलने की तिथिः 24.07.2026 (संशोधित तिथि)।

शुद्धिपत्र संख्या 4

**कार्य का नामः-** "इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एवं निर्माण (ईपीसी) निविदा के माध्यम से पूर्वोत्तर रेलवे के आनंदनगर-घुघली नई सिंगल बीजी रेलवे लाइन परियोजना के अंतर्गत महाराजगंज (रहित) से आनंदनगर (रहित) सेक्शन (लंबाईः 25.800 किमी) में नई सिंगल ब्रॉड गेज लाइन के सिविल इंजीनियरिंग कार्यों, विद्युतीकरण कार्यों और सिग्नलिंग कार्यों को कराया जाना" के सम्बन्ध में आमंत्रित उपरोक्त निविदा हेतु शुद्धि पत्र संख्या 4 जारी कर दिया गया है। इससे समबन्धित विवरण के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।, **क्रमांक-01:** मद का नामः बयाना राशिः पूर्व में दिया गया मानकः (रू): 5,89,74,400.00/-, संशोधित मानकः (रू): 6,08,65,900.00:-, **क्रमांक-02,** मद का नामः अनुमानित निविदा मूल्यः पूर्व में दिया गया मानकः (रू): 294,87,19,262.20/-, संशोधित मानकः (रू): 304,32,95,445.00/- **क्रमांक-03,** मद का नामः बिड प्रारम्भ करने की तिथिः पूर्व में दिया गया मानकः 13-08-2026, संशोधित मानकः 10-07-2026. **क्रमांक-04,** मद का नामः निविदा खुलने की तिथिः पूर्व में दिया गया मानकः 27-08-2026, 11:00 संशोधित मानकः 24-07-2026 11:00, अन्य शर्तें पूर्वतः की भाँति लागू रहेगी। उपमुख्य इंजीनियर/निर्माण-1 मुजाधि/डब्लू-195 गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**सूचना**

मेरा बैग कहीं रास्ते में खो गया है। जिसमें मेरा हाईस्कूल वर्ष 2005 जिसका अनुक्रमांक 1247892 व इंटरमीडिएट वर्ष 2007 जिसका अनुक्रमांक 0693505 की अंकपत्र/प्रमाण पत्र व आधार कार्ड, पेन कार्ड व अन्य दस्तावेज रखे थे, जो वास्तव में कहीं खो गये है। जिन्हे काफी खोजा, लेकिन नहीं मिले। मुझे हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की दूसरी प्रति की आवश्यकता है। **विपिन कुमार पुत्र रामशरन सिंह निवासी, नदौरा, जिला फर्रुखाबाद**

**सूचना**

मैंने अपने बड़े पुत्र सलमान खान व उसकी पत्नी हसनुमा के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उन दोनों द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **शमशाद खान पुत्र इरष खान निवासी नगला भीखा पो0 जरारी, थाना कमालगंज, जनपद फर्रुखाबाद।**

**सूचना**

मेरे पुत्र का ए.पी. पब्लिक स्कूल के अभिलेखों में त्रुटिवश नाम हर्ष यादव व मेरा नाम सोनी देवी हो गया है, जबकि आधार कार्ड में मेरे पुत्र का नाम हर्ष कुमार दर्ज है जो सही है। वहीं मेरा नाम आधार कार्ड में सोनी यादव है, जोकि सोनी देवी होना है, मेरे पुत्र का सही नाम स्कूल अभिलेखों में दर्ज करने की कृपा करें। **सोनी देवी पत्नी रजनीश कुमार निवासी मोहल्ला चिलाका, कायमगंज, फर्रुखाबाद।**


# चौबीस घंटे में चोरी का खुलासा, माल बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**आटा पुलिस एसओजी, सर्विलांस टीम को मिली सफलता**

**रामपुरा, जालौन, समृद्धि न्यूज़।**



थाना आटा पुलिस एवं एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त टीम ने चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए दो सोने के टुकड़े (थपिया) तथा 97 हजार रुपए नगद बरामद किए हैं। बरामद सोने का कुल वजन 135 ग्राम है जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 21 लाख रुपये बताई जा रही है।

थाना आटा क्षेत्र के निवासी मनोज सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी मां एवं बड़ी बहू के घर में रखे सोने के टुकड़े (थपिया) चोरी हो गए हैं। शिकायत के आधार पर थाना आटा में मुकदमा अपराध संख्या 111/2026 धारा 305 बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जालौन विनय कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ ईशान सोनी के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी कालपी राजेश कमल के नेतृत्व में थाना आटा पुलिस और एसओजी, सर्विलांस टीम को आरोपियों की तलाश में लगाया गया। पुलिस टीम लगातार संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थी। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता मिली। संयुक्त टीम ने दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूंछतांछ की। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से चोरी किए गए दो सोने के टुकड़े जिनका कुल वजन 135 ग्राम है तथा 97 हजार रुपए नकद बरामद किए गए। बरामद माल की पहचान पीड़ित पक्ष द्वारा की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मिट्ठू उर्फ शिवकुमार पुत्र स्वर्गीय गोपी उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी ग्राम पिपरांया थाना आटा तथा अंकित द्विवेदी पुत्र रुपनारायण उम्र लगभग 29 वर्ष निवासी ग्राम पिपरांया थाना आटा के रूप में हुई है। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमे में आवश्यक धाराओं की बढ़ोत्तरी करते हुए विधिक कार्रवाई पूरी की। इसके बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। चोरी की घटना का त्वरित खुलासा होने और अधिकांश माल बरामद किए जाने से क्षेत्र के लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है। पुलिस अधिकारियों ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी इसी प्रकार जारी रहेगा।


**कार्यालय नगर पंचायत कुलपहाड़ जनपद-महोबा**

पत्रांकः 141/एन.पी.के./निविदा सूचना/2026-27 दिनांक-24.06.2026

(ई प्रोक्योरमेण्ट नोटिस)

अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पंचायत, कुलपहाड द्वारा राज्य वित्त आयोग निधि से नगर पंचायत, कुलपहाड़ द्वारा निम्नांकित निर्माण कार्य की निविदायें दिनांक 25.06.2026 से 01.07.2026 को अपरान्ह 06:00 बजे तक डाउनलोड व ऑनलाइन अपलोड की जायेगी, जिनकी तकनीकी बिड दिनांक 02.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी, जिन्हें विभाग की बेवसाईट http://etender.up.nic.in पर भी देखा जा सकता है। बिडर को सलाह दी जाती है कि बिड की नियम व शर्तों को ध्यान से पढ़ लें।

**संजीव कुमार**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत कुलपहाड़**
**जनपद- महोबा**

**वैभव अरजरिया**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कुलपहाड़**
**जनपद- महोबा**

# गोमती नदी में डूबकर दो सगे भाइयों की मौत

**बुढनापुर गांव में पसरा मातम, हर तरफ मची चीखपुकार**

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

स्थानीय कोतवाली अंतर्गत अवसानेश्वर घाट पर स्नान करते समय गोमती नदी में डूबकर दो सगे भाइयों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ टूट गई घटना के बाद पुलिस ने गोताखोरों की मदद से नदी से निकले शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। दो सगे भाइयों की मौत से जहां परिवार में मातम पसरा हुआ है। वही सगे भाइयों की मौत से गांव वाले भी दुखी है। लोनीकटरा थाना क्षेत्र के



बुढनानपुर गांव निवासी अशोक पांडे के पुत्र गजेंद्र पांडे उर्फ हनी 14 वर्ष एवं देवेंद्र पांडे उर्फ हैप्पी 18 वर्ष अपने चाचा अनूप कुमार के पुत्र मनु एवं गांव निवासी भोला पाल के पुत्र आदर्श पाल के साथ सुबह 9:00 बजे घर से निकले थे बताते हैं कि चारों लोग कपड़े उतार कर नदी के किनारे रखने के बाद नदी में नहाने उतर गये।

बताते हैं कि मनु और आदर्श पाल घाट पर जहा कलशों में जल भरा जाता है, वहां नहा रहे थे उस जगह पानी कम था दोनों भाई ज्यादा पानी के चक्कर में कलश घाट से आगे बढ़कर कुंड की तरफ चले गए और कुंड की भँवर में फंस गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जब तक उन्हें बचाने का प्रयास किया जाता है तब तक नदी की गहराई में डूब चुके थे। घटना की सूचना होते ही परिजन मौके पर पहुचे । पुलिस भी मौके पर पहुंची। गोताखोरों की मदद से घन्टो तलाशी अभियान चलाया गया। तब कही जाकर शव बरामद हो सके। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे ने बताया कि दोनों शवो का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।और विधिक कार्यवाही की जा रही हैं। बताते हैं कि दोनों किशोरी के अलावा उनके चाचा का लड़का मनु बाराबंकी में रहकर पढ़ाई करते थे और गर्मी छुट्टियां में गांव आए हुए थे दोनों सगे भाइयों की मां की मौत लगभग 15 वर्ष पहले हो चुकी है। परिवार में बहन और पिता है। बहन की शादी कई वर्ष पहले हो चुकी हैं। पिता अशोक कुमार पांडे 55 वर्ष पूजा पाठ करवा कर परिवार की आजीविका एवं दोनों भाइयों की पढ़ाई लिखाई का खर्चा उठाते थे। पता चला है कि अशोक कुमार पांडे तीन भाई हैं दो भाई यहां गांव मे रहते हैं जबकि तीसरे भाई बाराबंकी में निवास करते हैं। बाराबंकी में रहने वाले भाई के यहां रहकर दोनों मृतक और मनु पुत्र अनूप कुमार रहकर पढ़ाई करते थे गर्मी की छुट्टियों के चलते तीनों गांव आए हुए थे।

## पुरानी रंजिश में युवक के साथ हुई मारपीट

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** मेडुवा गांव में क्रिकेट मैच के दौरान हुई कथित टिप्पणी और पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
गांव निवासी बद्री प्रसाद ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि सोमवार रात वह अपने घर के बाहर बैठे थे। इसी दौरान गांव के कुछ लोग वहां पहुंच गए और उनके पुत्र श्रवण कुमार द्वारा क्रिकेट मैच के दौरान की गई कथित कमेंटबाजी का हवाला देते हुए विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि गाली-गलौज के बाद आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उन्हें चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने उनकी कार पर पेट्रोल डालकर आग लगाने का भी प्रयास किया। शोरगुल सुनकर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए।

# छात्रों-युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है भाजपा सरकार : तनुज पुनिया

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सांसद तनुज पुनिया ने अपने ओबरी स्थित आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में देश के युवाओं और छात्रों के भविष्य से जुड़े अत्यंत गंभीर विषयों पर अपनी बात रखी।



सांसद ने नीट परीक्षा सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार सामने आ रही अनियमितताएं, पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली की खामियां को लेकर सवाल किया। सांसद ने पत्रकारों से कहा कि देश के लाखों मेहनतकश छात्रों के सपनों पर भाजपा चोट कर रही है। जिन छात्रों ने वर्षों तक परिश्रम कर अपने भविष्य को संवारने का संकल्प लिया, उनके साथ अन्याय किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। आज देश का युवा न्याय चाहता है, पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था चाहता है और जवाबदेही चाहता है। कांग्रेस पार्टी की शिक्षा व्यवस्था में निष्पक्षता, समान अवसर और छात्रों के अधिकारों की रक्षा हमारी प्राथमिकता है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार छात्रों और युवाओं की आवाज़ को मजबूती से उठा रहे हैं। हम हर उस विद्यार्थी के साथ खड़े हैं, जिसकी मेहनत और भविष्य व्यवस्था की लापरवाही से प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि युवाओं के सपनों के साथ, युवाओं की मेहनत और भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रेस वार्ता में कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष मो मोहसिन, नगर अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा फोटो वाला, केसी श्रीवास्तव सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कोचिंग सेंटरों पर बड़ा एक्शन बंद मिली एसकेडी कोचिंग

**बेसमेंट में चलती मिली कोचिंग, एसकेडी एकेडमी में प्रशासन ने चस्पा की नोटिस**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ में कोचिंग सेंटर में आग लगने की घटना के बाद अब बाराबंकी में प्रशासन हरकत में आ गया है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी गुंजिता अग्रवाल एवं क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार के नेतृत्व में एफ एस ओ राहुल सिंह एवं उनकी टीम के साथ शहर के विभिन्न कोचिंग सेंटरों पर ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। जहां बस स्टॉप के पास न्यू महिंद्रा कोचिंग में जहां सभी मानकों के अनुरूप भवन नहीं था साथ ही इमरजेंसी निकासी भी ठीक नहीं थी वहीं मौरंग मंडी के निकट स्थित एसकेडी एकेडमी बंद मिली भवन के चारों शटर में ताला लगा मिला जोकि कहीं कहीं संकेत देता है कि भवन मानक अनुरूप नहीं है या उसमें अग्नि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं हैं । वहीं कचहरी रोड सेंट एंथोनी स्कूल के निकल एकेडमिक गुरु कोचिंग में आपातकालीन निकासी द्वार , अग्निशमन यंत्र आदि सही पाए गए। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने सभी से भवन संबंधी दस्तावेज भी तत्काल दिखाने को कहा है , साथ ही जो भवन बंद मिले अथवा मानक विहीन मिले उसे विनियमित क्षेत्र से नोटिस भेजने की बात भी कही है एवं फायर विभाग के द्वारा संबंधित कार्यवाही हेतु भी निर्देशित किया है।

# भूमि विवाद से आहत बाबा ने की जल समाधि की घोषणा, पुलिस-प्रशासन ने समझाकर नदी से निकाला

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

थाना रामसनेहीघाट क्षेत्र में चल रहे भूमि विवाद ने बुधवार को नया मोड़ ले लिया। विवाद से परेशान एक बाबा ने न्याय न मिलने का आरोप लगाते हुए जल समाधि लेने की घोषणा कर दी। इसकी सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में भक्त मौके पर पहुंच गए, जिससे क्षेत्र में हलचल मच गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और राजस्व प्रशासन तत्काल सक्रिय हो गया।

जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के एक मठ से जुड़े बाबा योगी विजयनाथ अघोरी ने कुछ दिन पूर्व अपनी भूमि पर अवैध कब्जे के प्रयास, जान से मारने की धमकी तथा विवादित जमीन को बिना आपसी बंटवारे के



बेचने की कोशिश किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने उनकी शिकायत पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बाबा का आरोप है कि मठ की चल-अचल संपत्ति को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। उन्होंने शिवचंद्र भारती, जागजीवन भारती, रामसमुझ भारती समेत कुछ अन्य लोगों और कथित प्रॉपर्टी डीलरों पर मिलीभगत कर विवादित भूमि पर कब्जा करने तथा उसे बेचने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। तहरीर में यह भी कहा गया है कि पूर्व में उनके पिता के साथ मारपीट की गई थी और उन्हें लगातार धमकियां दी जाती रही हैं। मामला ग्राम मलिनपुर स्थित गाटा संख्या 90/364 से जुड़ा बताया गया है। बुधवार को बाबा ने भूमि विवाद के समाधान की मांग को लेकर जल समाधि लेने की घोषणा कर दी। सूचना मिलते ही उनके समर्थकों और भक्तों की भीड़ मौके पर जुट गई। स्थिति की जानकारी होने पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और बाबा को नदी से सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बाबा को समझाकर शांत कराया गया है।

# रिसेप्शन समारोह में लाठी-डंडों से पीटकर युवक की हत्या

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

कमरौली थाना क्षेत्र के पूरे मल्हाह मजरे बरसंडा गांव में एक रिसेप्शन समारोह के दौरान बच्चों के बीच शुरू हुआ मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। लाठी-डंडों से हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार से पहले ही मौत हो गई। पुलिस ने छह नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चार को हिरासत में ले लिया है जबकि दो आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात रिसेप्शन समारोह में डांस के दौरान एक बच्चे की शर्ट फट जाने को लेकर बच्चों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के परिजन भी विवाद में कूद पड़े और मामला हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चलने लगे। मारपीट के दौरान ओमप्रकाश चौहान गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी सीतापती की तहरीर पर पुलिस ने सहजराम पुत्र मथुरा, लल्लन पुत्र सहजराम, परसनाथ पुत्र सहजराम, लक्ष्मी पुत्री लल्लन, विष्णु पुत्र सहजराम तथा बालक लाल पुत्र सहजराम निवासी पूरे मल्हाह मजरे बरसंडा के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी मुकेश पटेल ने बताया कि मामले में चार आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## जमीन को लेकर चले आ रहे विवाद ने पकड़ा तूल

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** मेडुवा गांव में जमीन को लेकर चल रहे विवाद ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया। पीड़ित पक्ष ने कुछ लोगों पर जबरन कब्जे का प्रयास करने और विरोध करने पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने सात नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी विजय बहादुर सिंह के अनुसार 23 जून को विपक्षी लोग उनकी जमीन पर पहुंच गए और कब्जा करने की नीयत से निर्माण कार्य शुरू कर दिया। उन्होंने विरोध किया तो कथित रूप से ईंट-पत्थरों और लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। घटना में तीन लोगों के घायल होने की बात कही गई है। पीड़ित के मुताबिक भूमि विवाद को लेकर 15 मई को दोनों पक्षों के बीच समझौता हो चुका था, लेकिन इसके बावजूद विवाद खत्म नहीं हुआ और लगातार तनाव बना रहा।
प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी ने बताया कि सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## मतदेय स्थलों के सम्भाजन की कार्यवाही हेतु जारी हुई समय-सारिणी

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** अपर जिलाधिकारी ज्योति सिंह ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिवर्ष कराए जाने वाले निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन, पुनर्निर्धारण एवं नए मतदेय स्थलों के गठन की कार्यवाही निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार संपादित की जाएगी। उन्होंने बताया कि मतदेय स्थलों के सम्भाजन एवं पुनर्गठन के लिए 24 से 28 जून तक भौतिक सत्यापन एवं भवनों का चिन्हांकन किया जाएगा। 29 जून से 1 जुलाई तक मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मतदेय स्थलों का प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची 4 जुलाई को प्रकाशित की जाएगी तथा उसी दिन मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी उपलब्ध कराई जाएगी।

## डिजिटल लाइब्रेरी पर प्रशासन का छापा, मिलीं कई खामियां



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ अग्निकांड के बाद जिला प्रशासन अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। कस्बा गौरीगंज के सैठा रोड स्थित एक डिजिटल लाइब्रेरी का उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी और क्षेत्राधिकारी अखिलेश वर्मा ने निरीक्षण किया। जांच के दौरान सामने आया कि जिस भवन में पहले कोचिंग सेंटर चलता था, वहीं पर अब डिजिटल लाइब्रेरी संचालित की जा रही है। मौके पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मोबाइल के जरिए पढ़ाई करते मिले। निरीक्षण में सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठे हैं। भवन के बाहरी हिस्से में लकड़ी की अस्थायी दीवार मिली, जिसे आपात स्थिति में जोखिम भरा माना गया। बताया जा रहा है सबसे बड़ी बात लाइब्रेरी संचालक पंजीकरण प्रमाणपत्र और फायर विभाग की एनओसी नहीं दिखा सका। केवल उद्यम विभाग में पंजीकरण होने की जानकारी दी गई। एसडीएम प्रीति तिवारी ने कहा है कि जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाएगी और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। प्रशासन ने साफ किया है कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले संस्थानों पर कार्रवाई जारी रहेगी।

# दान प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप सिंघल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में रामधन/दान/चढ़ावा से जुड़े कथित घोटाले एवं चोरी के मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन उपजिलाधिकारी प्रीति तिवारी को सौंपा।

इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि श्रीराम मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। देश की आस्था और धर्म से जुड़े इस विषय में सामने आई अनियमितताओं की खबरों ने जनमानस को आहत किया है। कांग्रेस पार्टी का मानना है कि धर्म और आस्था के नाम पर



किसी भी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जा सकता। सरकार द्वारा एसआईटी का गठन किए जाने के बावजूद एफआईआर दर्ज न होना गंभीर प्रश्न खड़े करता है। ज्ञापन सौंपने से पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कस्बा गौरीगंज में जोरदार पदयात्रा एवं प्रदर्शन किया।

सांसद किशोरी लाल शर्मा के निर्देश तथा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल के नेतृत्व में निकले विशाल जनसैलाब ने निष्पक्ष जांच की मांग को बुलंद करते हुए सरकार के खिलाफ जोरदार आवाज उठाई। ज्ञापन कार्यक्रम में पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी, फतेह बहादुर, अध्यक्ष न. पा. प. जायस मनीषा चौहान, प्रवक्ता अनिल सिंह, किरण देवी, ब्लॉक प्रमुख सदाशिव यादव, अर्जुन पासी, राजू पंडित, गीता सिंह, रामलखन शुक्ला, राजीव सिंह, सूर्यभान तिवारी, ममता पांडेय, शुभम सिंह, सुमित तिवारी, मो. मतीन, देवमणि तिवारी, अरविन्द चतुर्वेदी, अजय सिंह, तुलसीराम पासी, पांचों विधानसभा प्रभारी, ब्लॉक अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मोटरसाइकिलों की टक्कर में दो की मौत, तीन घायल

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

भादर विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत दुर्गापुर-लंभुआ मार्ग पर बीती रात हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार, राहुल वर्मा उम्र 25 वर्ष पुत्र जयकरन वर्मा निवासी केनौरा अपने साथी दीपक वर्मा उम्र 24 वर्ष पुत्र जगदीश वर्मा के साथ बुलेट से दुर्गापुर की ओर जा रहे थे। रात करीब 9:30 बजे सामने से आ रही अपाचे बाइक से उनकी आमने सामने की टक्कर हो गई। अपाचे मोटरसाइकिल पर प्रिंस कुमार कसौधन उम्र 21 वर्ष पुत्र अनिल कुमार कसौधन निवासी विलासीगंज, अयोध्या अपनी बहन दीक्षा कसौधन और भतीजी राधा कसौधन पुत्री सुनील कुमार कसौधन निवासी सोहावल अयोध्या के साथ सवार थे। बताया जाता है कि कि वे अपनी बुआ के घर से वापस लौट रहे थे। हादसे में राहुल वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल प्रिंस कुमार कसौधन ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। वहीं दीपक वर्मा, दीक्षा कसौधन और राधा कसौधन गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीपरपुर पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# डीएम ने आंगनबाड़ी केंद्र के वैक्सीनेशन और अभिलेखों को जांचा



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने बुधवार को विकास क्षेत्र मिश्रिख के आंगनबाड़ी केंद्र ढल्लिया में संचालित वीएचएसएनडी (ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस) सत्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं से संबंधित अभिलेखों की गहनता से जांच की तथा संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एएनएम से गांव की जनसंख्या, उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं (एचआरपी), ड्यू लिस्ट रजिस्टर तथा अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने टीकाकरण की प्रगति की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान विभागीय अभिलेखों में त्रुटियां पाए जाने पर संबंधित एएनएम के विरुद्ध चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान जिलाधिकारी ने वैक्सीनेशन किट और आइस बॉक्स का भी निरीक्षण किया तथा टीकाकरण व्यवस्था की गुणवत्ता का आकलन किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्री से बातचीत कर वीएचएसएनडी सत्र के दौरान की गई तैयारियों, पोषण संबंधी गतिविधियों और पुष्टाहार वितरण की स्थिति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिए कि कोई भी गर्भवती महिला अथवा शिशु टीकाकरण से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करना सभी संबंधित कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। आशा कार्यकत्री को भी निर्देशित किया गया कि क्षेत्र में कोई भी पात्र लाभार्थी टीकाकरण से न छूटे तथा वह अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करें।

# सचिव प्रदीप कुमार पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप

**नल मरम्मत, रिबोर, गौशाला और प्रशासनिक व्यय मद में खर्च पर उठे सवाल, जांच की मांग तेज**




**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत धरौली में ग्राम निधि से हुए भुगतानों को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। पंचायत में तैनात सचिव प्रदीप कुमार पर नल मरम्मत, नल रिबोर, गौशाला संचालन और प्रशासनिक व्यय के नाम पर कथित वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगे हैं। ग्रामीणों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग उठाई है।

ग्रामीणों और स्थानीय सूत्रों के अनुसार 15वें एवं 5वें वित्त आयोग की धनराशि से वित्तीय वर्ष 2024-25, 2025-26 एवं 2026-27 के दौरान कई मदों में बड़े पैमाने पर भुगतान किए गए। आरोप है कि अभिलेखों में भारी खर्च दर्शाया गया, जबकि मौके पर संबंधित कार्य और सुविधाएं अपेक्षित रूप से दिखाई नहीं देतीं। बताया जाता है कि वर्ष 2024-25 में नल मरम्मत और नल रिबोर के नाम पर सात लाख रुपये से अधिक की धनराशि खर्च दिखाई गई, जबकि वर्ष 2025-26 में भी इसी मद में तीन लाख रुपये से अधिक का भुगतान दर्ज है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में इतने बड़े स्तर पर कार्य नहीं हुए, जितना भुगतान अभिलेखों में दर्शाया गया है।

आरोप यह भी हैं कि निजी व्यक्तियों के माध्यम से नल मरम्मत एवं संबंधित कार्यों के भुगतान कराए गए। वहीं गौशाला मद और मजदूरी भुगतान में ग्राम प्रधान के करीबी लोगों को लाभ पहुंचाने के आरोप भी लगाए जा रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि भुगतान अभिलेखों और कार्यों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई तथ्य सामने आ सकते हैं। प्रशासनिक व्यय के नाम पर लगातार धन निकासी को लेकर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी धन के उपयोग में पारदर्शिता नहीं बरती गई, जिससे पंचायत में असंतोष का माहौल है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**क्या बोले जिम्मेदार अधिकारी**

इस संबंध में जब खंड विकास अधिकारी गोंदलामऊ शिवजीत से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। उन्होंने कहा कि जांच के लिए टीम गठित की जाएगी। टीम द्वारा निष्पक्ष जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी और रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## कार की टक्कर से युवक घायल, लखनऊ में चल रहा है इलाज

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र अमेठी अंतर्गत पूरे दुर्गम भगनपुर निवासी अभिषेक मिश्रा पुत्र राम अचल मिश्रा सड़क हादसे में घायल हो गए। बताया जाता है कि अभिषेक मिश्रा घर का जरूरी सामान लेने बाइक से बाजार आए थे तभी तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मारी दी जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी कंधे की हड्डी टूट गयी। घायल युवक अभिषेक का उपचार



लखनऊ में चल रहा है। उनके पिता ने कार चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का आरोप है कि वाहन चालक की वजह से हादसा हुआ है। जिसमें उनके पुत्र को गंभीर चोटें आई हैं और बेटे की बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी हैं। घटना के संबंध में उसने पुलिस से जांच कर दोषी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# सुरक्षा मानकों की अनदेखी व बग़ैर रजिस्ट्रेशन के चल रहे चार कोचिंग सेंटरों पर प्रशासन का डंडा



**महराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 15 बच्चों की मौत भीषण अग्निकांड में चली गई लखनऊ के अलीगंज में मानक विहीन एवं सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर चल रहे कोचिंग सेंटर में आग लगने से 15 बच्चों की मौत हो गई ।घटना से प्रदेश सहित पूरे देश में गुस्से का माहौल देखा जा रहा है वही योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए पूरे उत्तर प्रदेश में मानक विहीन एवं सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर चल रहे कोचिंग सेंटरों पर कार्रवाई शुरू हो गई है

इस विषय में जब एसडीएम चंद्र प्रकाश गौतम से बात की गई तो उन्होंने बताया कि चार कोचिंग सेंटर सुरक्षा की अनदेखी एवं रजिस्ट्रेशन न होना पाया गया तथा उन्हें हिदायत देते हुए बंद करवाया गया है कि आप अपने कागजात दुरुस्त करा लीजिए फिर कोचिंग सेंटर चलाइए मानक विहीन कोचिंग सेंटर एक भी क्षेत्र में नहीं चलेगा

महराजगंज एसडीएम चंद्र प्रकाश गौतम सीओ प्रदीप कुमार लाव लश्कर के साथ महराजगंज कस्बे में चल रही मानक विहीन एवं बिना रजिस्ट्रेशन के कोचिंग सेंटरों को बंद कराया एसडीम द्वारा महराजगंज हैदरगढ़ मार्ग पर स्थित लक्ष्य लाइब्रेरी चन्दापुर रोड पर स्थित श्री लाइब्रेरी हनुमानगढ़ी के पास स्थित ज्ञान गंगा जीवन धारा कोचिंग सेंटरों को बंद करवाया वही उनके साथ सीओ प्रदीप कुमार व कोतवाल जगदीश यादव मौजूद रहे वहीं प्रशासन की इस कार्रवाई से कोचिंग संचालकों में दहशत का माहौल देखा गया और ज्यादातर कोचिंग संचालकों ने अपने बैनर और पोस्टर पहले ही उतार लिए और प्रशासन केवल बंद दरवाजे पर ही दस्तक देता रहा और खुले हुए मानकविहीन चार सेंटरों पर ही कार्रवाई की गई।

# डीएम ने इंडस्ट्रियल एरिया का किया निरीक्षण



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका द्वारा आज इंडस्ट्रियल एरिया सुल्तानपुर रोड का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्र में संचालित औद्योगिक इकाइयों की व्यवस्थाओं, साफ-सफाई, सुरक्षा मानकों तथा आधारभूत सुविधाओं का गहनता से जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि औद्योगिक क्षेत्र में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा कहीं भी जलभराव, कूड़ा-करकट या अव्यवस्था न रहने पाए। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्रियल एरिया में कार्यरत श्रमिकों एवं उद्यमियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्युत व्यवस्था, जल निकासी, सड़कों की स्थिति एवं अग्नि सुरक्षा उपायों की भी समीक्षा की। उन्होंने अग्निशमन मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए तथा कहा कि सभी औद्योगिक इकाइयां सुरक्षा उपकरणों से सुसज्जित रहें। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि औद्योगिक क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या की शिकायत प्राप्त होने पर उसका त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि नियमित रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जाए, ताकि उद्योगों के संचालन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

## सूचना

मेरा नाम खालिल अहमद है, सभी कागजातों में यही नाम अंकित हैं। मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य सरकारी दस्तावेजों में खालिल अहमद नाम अंकित है। बोलचाल की भाषा में मुझे वसिम खान कहते हैं। खालिल अहमद तथा वसिम खान एक ही व्यक्ति है, मुझे उक्त दोनों ही नाम से जाना व पहचाना जाता है।

**खालिल अहमद पुत्र यासीन खान निवासी 1069/7, बरईपुर, अनवर नगर, शहर, रायबरेली**

# 2027 में भाजपा सरकार बनाना ही त्रिपाठी जी को सच्ची श्रद्धांजलि: पर्यटन मंत्री

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



- पूर्व सहकारिता मंत्री राम प्रकाश त्रिपाठी की पुण्यतिथि पर लगा दिग्गिजों का जमावड़ा

फर्रूखाबाद रोड स्थित विद्याप्रकाश महाविद्यालय उधरनपुर में पूर्व सहकारिता मंत्री रामप्रकाश त्रिपाठी की 18वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आए मंत्रियों विधायकों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा 2027 में फिर से भाजपा की सरकार बनाना ही स्वर्गीय त्रिपाठी जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा उनकी पहचान कुर्सी से नहीं बल्कि उनसे कुर्सी की पहचान थी। उनके आचरण को अपने जीवन में अपना कर उनकी बेटी अर्चना पांडे काम कर रही हैं और यहां के लोगों की आवाज विधानसभा तक पहुंचा रही हैं। त्रिपाठी जी उदारवादी और बड़ी सोच के थे। ऐसी महान शख्सियत को हमने 18 साल पहले खो दिया लेकिन उनकी कमी आज बेटी अर्चना के रूप में पूरी होते देख रहे हैं। कन्नौज जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने कहा महान जननायक एवं कर्मयोगी की पुण्यतिथि आज कार्यकर्ता सम्मान दिवस के रूप में मनाई जा रही है। त्रिपाठी जी ने चार बार विधायक एक बार सांसद और अपने पूरे जीवन संगठन का कार्य करते हुए जन सेवा की। आज हम सभी संकल्प लें कि 2027 के चुनाव में हर बूथ पर कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए जिले की तीनों विधानसभाओं को जिताकर लखनऊ भेजेंगए ताकि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में फिर से सरकार बने। विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा पुण्यतिथि इसलिए मनाना चाहिए ताकि नई पीढ़ी को पता चले कि हमारे पूर्वजों ने कितना बड़ा संघर्ष किया था। हमारे पिता राम भक्त थे इसलिए आज का पूरा कार्यक्रम राम मय बनाया है और सभी को रामचरितमानस का गुटका भेंट किया गया है। हम सभी भगवान राम की सौगंध खाते हैं कि एक बार फिर उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाकर इसके मुखिया योगी के हाथ मजबूत करेंगे।अध्यक्षता कर रहे क्षेत्रीय अध्यक्ष कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र प्रकाश पाल ने अखिलेश यादव के पीडीए को खोखला बताते हुए कहा कि यह नारा केवल चुनाव के वक्त याद आता है। अखिलेश सरकार बनाने का सपना भूल जाएं। उन्होंने कहा कि ना बत्तीस में ना सत्ताईस में... अखिलेश सरकार का सपना देखें अगली पैदाईश में.. इसके अलावा पूर्व कैबिनेट मंत्री रामनरेश अग्निहोत्री, फर्रुखाबाद के सांसद मुकेश राजपूत, राज्य मंत्री असीम अरुण, राज्य मंत्री कैलाश राजपूत, एमएलसी मानवेंद्र सिंह गुरुजी, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री प्रेम सिंह शाक्य, क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव गुप्ता, रसूलाबाद की विधायक पूनम संखवार आदि ने भी विचार व्यक्त करते हुए त्रिपाठी जी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कानपुर से आए अन्नू अवस्थी ने अपनी बतकही सुनाकर वाहवाही लूटी। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह के संचालन में हुए कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह भदोरिया, पूर्व विधायक अरविंद प्रताप सिंह, विधायक नागेंद्र सिंह राठौर, मैनपुरी जिलाध्यक्ष ममता राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष फर्रुखाबाद रूपेश गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सिटी डेंटल क्लीनिक का हवन पूजन के साथ शुभारंभ

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



- नए क्लीनिक से स्थानीय लोगों को बेहतर दंत चिकित्सा सुविधा मिलने की उम्मीद है

पीपल वाली गली स्थित न्यू टीचर्स कॉलोनी के सामने हवन-पूजन के साथ सिटी डेंटल क्लीनिक (चौबेजी उधरनपुर वाले) का भव्य शुभारंभ किया गया। पंडित हरिओम चतुर्वेदी ने विधि-विधान से हवन पूजन कराया। संरक्षक विजय नारायण चतुर्वेदी, फार्मासिस्ट अमित कुमार चतुर्वेदी, डॉ. प्रवेश अग्रवाल (बीडीएस), डॉ. अमित प्रकाश (बीडीएस), डॉ. आशीष चतुर्वेदी (बीडीएच) सहित अनेक पारिवारिक सदस्य व शुभचिंतक इस अवसर पर उपस्थित रहे।

डॉ. आशीष चतुर्वेदी ने सिटी डेंटल क्लीनिक में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देते हुए कहा हमने यहां आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित क्लीनिक स्थापित किया है। दांतों की सभी समस्याओं का समाधान एक छत के नीचे उपलब्ध होगा। रूट कैनाल, दांतों की सफाई, ब्रिज-क्राउन, डेंटल इम्प्लांट, दांतों की सफेदी, बच्चों के दांतों का उपचार तथा स्माइल डिजाइन जैसी उन्नत सेवाएं प्रदान की जाएंगी। हम दर्दरहित और सस्ती दरों में गुणवत्तापूर्ण इलाज का वादा करते हैं।

नए क्लीनिक से स्थानीय लोगों को बेहतर दंत चिकित्सा सुविधा मिलने की उम्मीद है। डॉ. आशीष चतुर्वेदी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्लीनिक पूर्णतः नैतिकता व मरीजों की संतुष्टि को प्राथमिकता देकर संचालित होगा।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान जुलाई में फॉगिंग के दिए निर्देश



**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

आगामी माह जुलाई में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के लिए नगर पालिका परिषद सभागार में संवेदीकरण बैठक आयोजित की गई। बैठक में माइक्रोप्लान के अनुसार अभियान संचालन और कर्मचारियों को संवेदीकृत करने पर चर्चा हुई।

अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए समय से पहले तैयारी जरूरी है। जुलाई में चलने वाले अभियान के लिए माइक्रोप्लान तैयार कर लिया गया है। इसके तहत शहर के सभी वार्डों में फॉगिंग, नालियों की सफाई और एंटीलार्वा छिड़काव का कार्य कराया जाएगा। जोनल सफाई प्रभारियों को निर्देश दे दिए गए हैं कि वे अपने क्षेत्र में जलभराव न होने दें और निर्धारित समय पर दवा का छिड़काव सुनिश्चित करें। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी कर्मचारी जिम्मेदारी से काम करें। बैठक में अधिशासी अधिकारी द्वारा संचारी रोगों से बचाव के उपाय भी बताए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आए डॉ. नीरज कुमार ने कहा कि बारिश के मौसम में मच्छरों से फैलने वाले डेंगू, मलेरिया और वायरल बुखार का खतरा बढ़ जाता है। लोगों को चाहिए कि वे अपने घर और आसपास पानी इकट्ठा न होने दें।

कूलर, गमले और टायरों में जमा पानी हर हफ्ते खाली करें। पूरी बांह के कपड़े पहनें और सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। अभियान के दौरान पालिका द्वारा कराए जा रहे फॉगिंग और एंटीलार्वा छिड़काव में सहयोग करें, ताकि मच्छरों का प्रजनन रोका जा सके।

इस दौरान राजन बाबू, प्रसन्नजीत मिश्रा, आकाश सक्सेना मनोज तिवारी, जनार्दन मिश्रा अशोक कुमार गौरव मिश्रा जगदीश चंद्र यादव सहित पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिला अस्पताल की जांच व्यवस्था बेपटरी

# बिजली कटौती से एक्स-रे और सीटी स्कैन सेवाएं हुई प्रभावित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



- बिजली कटौती और सीटी स्कैन मशीन खराब होने से मरीज परेशान
- जांच के लिए घंटों करना पड़ रहा मरीजों को इंतज़ार

जिला अस्पताल में मरीजों को जांच सेवाओं के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर लगातार हो रही बिजली कटौती से एक्स-रे जांच प्रभावित है, वहीं दूसरी ओर सीटी स्कैन मशीन पिछले दो दिनों से खराब पड़ी होने के कारण जांच कार्य पूरी तरह ठप हो गया है।

अस्पताल में बिजली की अनियमित आपूर्ति के चलते एक्स-रे मशीन नियमित रूप से संचालित नहीं हो पा रही है। इसके चलते रोजाना बड़ी संख्या में मरीजों की जांच प्रभावित हो रही है। एक्स-रे कक्ष के बाहर मरीजों और उनके तीमारदारों की लंबी कतारें लगी रहती हैं तथा लोगों को घंटों तक बिजली आने का इंतजार करना पड़ता है। उधर, सीटी स्कैन मशीन खराब होने से पिछले दो दिनों से जांच सेवाएं बंद हैं। अस्पताल सूत्रों के अनुसार इस दौरान दस से अधिक मामलों का बैकलॉग तैयार हो चुका है। दुर्घटना और गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को समय पर जांच न मिलने से उपचार में भी देरी हो रही है। तीमारदार अजीत और प्रमोद कुमार ने बताया कि कई दिनों से जांच न होने के कारण उन्हें लगातार अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में घंटों इंतजार करना पड़ता है, जिससे मरीजों और परिजनों की परेशानी और बढ़ गई है।

मरीजों और तीमारदारों ने अस्पताल प्रशासन से जल्द बिजली व्यवस्था सुचारु कराने तथा सीटी स्कैन मशीन की मरम्मत कर जांच सेवाएं बहाल करने की मांग की है।

# दो सगे भाइयों सहित तीन पर भैंस चोरी का मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।**

मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव नगला उमराय निवासी रामबाबू पुत्र रामभरोसे ने मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव नगला नानकार निवासी सुरजीत यादव पुत्र राधेश्याम यादव, कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव कुंवरपुर निवासी अनूप, राजेश पुत्रगण बृजेश के विरुद्ध भैंस चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है।

तहरीर के अनुसार 23 जून समय करीब 2 बजे मेरे घर के सामने से चोर मेरी भैंस चोरी कर ले गए। आसपास पूछताछ करने पर पता चला कि हमारी भैंस उपरोक्त आरोपित सुरजीत यादव, अनूप, राजेश चोरी कर ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## खबरें एक नजर में

### रामप्रकाश त्रिपाठी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**छिबरामऊ, कन्नौज।** पश्चिमी बाईपास स्थित तिराहा पार्क में स्थापित पूर्व सहकारिता मंत्री राम प्रकाश त्रिपाठी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पिदद्व कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष विपिन द्विवेदी, रजत त्रिपाठी जिला संयोजक, रिंकू दीक्षित जिला कार्यसमिति सदस्य, शिवम त्रिपाठी जिला मंत्री, रामेंद्र त्रिपाठी अध्यक्ष सोसायटी, सौरभ सैनी, राहुल शाक्य, अनुराग निश्रा,दीपू सविता, पीयूष गुप्ता, पूर्व मीडिया प्रभारी व सुशांत शुक्ला जिला मंत्री किसान मोर्चा भाजपा आदि उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से रिषभ बने आत्मनिर्भर

**कन्नौज।** प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जनपद कन्नौज के ग्राम पटेल नगर तिराहा निवासी रिषभ पटेल इसकी एक प्रेरणादायक मिसाल हैं। रिषभ पहले बेरोजगार थे और रोजगार की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से योजना की जानकारी मिली। उन्होंने आवेदन किया, जिसके बाद उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, इन्दरगढ़ शाखा से 5 लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण स्वीकृत हुआ। ऋण मिलने के बाद उन्होंने फ्रजिम सर्विस यूनिटफ्र की स्थापना की। आज उनकी इकाई सफलतापूर्वक संचालित हो रही है और उन्हें स्थायी स्वरोजगार प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने अपनी यूनिट के माध्यम से चार अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध कराया है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को बढ़ावा मिला है। रिषभ का कहना है कि इस योजना ने उनके जीवन को नई दिशा दी है। अब वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हैं और अपने परिवार की जिम्मेदारियों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर पा रहे हैं। उन्होंने इस सफलता के लिए उत्तर प्रदेश सरकार, जिला उद्योग केंद्र कन्नौज और जनपद प्रशासन का आभार व्यक्त किया तथा युवाओं से योजना का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने की अपील की।

### पश्चिम बंगाल में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए जवान विनीत दूबे



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नौगाई निवासी सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान विनीत कुमार दूबे ड्यूटी के दौरान पश्चिम बंगाल में शहीद हो गए। शहादत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वीर जवान की शहादत से हर कोई स्तब्ध है और गांव का माहौल गमगीन बना हुआ है। परिजनों के अनुसार शहीद विनीत कुमार दूबे का पार्थिव शरीर 25 जून को उनके पैतृक गांव नौगाई पहुंचने की संभावना है। पार्थिव शरीर के आगमन की सूचना मिलते ही अंतिम दर्शन के लिए ग्रामीणों और आसपास के लोगों की भीड़ जुटने लगी है। शहीद के घर पर सांत्वना देने वालों का लगातार तांता लगा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि विनीत कुमार दुबे अपने कर्तव्य के प्रति बेहद समर्पित और निष्ठावान थे। देश की सुरक्षा करते हुए उन्होंने सर्वोच्च बलिदान देकर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी शहादत पर पूरे क्षेत्र को गर्व है। पार्थिव शरीर के गांव पहुंचने के बाद राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में लोग उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। गांव नौगाई में हर आंख नम है और लोग अपने वीर सपूत को अंतिम विदाई देने की तैयारी कर रहे हैं।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से रिषभ बने आत्मनिर्भर

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जनपद कन्नौज के ग्राम पटेल नगर तिराहा निवासी रिषभ पटेल इसकी एक प्रेरणादायक मिसाल हैं। रिषभ पहले बेरोजगार थे और रोजगार की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से योजना की जानकारी मिली। उन्होंने आवेदन किया, जिसके बाद उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, इन्दरगढ़ शाखा से 5 लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण स्वीकृत हुआ। ऋण मिलने के बाद उन्होंने जिम सर्विस यूनिट की स्थापना की।आज उनकी इकाई सफलतापूर्वक संचालित हो रही है और उन्हें स्थायी स्वरोजगार प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने अपनी यूनिट के माध्यम से चार अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध कराया है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को बढ़ावा मिला है। रिषभ का कहना है कि इस योजना ने उनके जीवन को नई दिशा दी है। अब वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हैं और अपने परिवार की जिम्मेदारियों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर पा रहे हैं। उन्होंने इस सफलता के लिए उत्तर प्रदेश सरकार, जिला उद्योग केंद्र कन्नौज और जनपद प्रशासन का आभार व्यक्त किया तथा युवाओं से योजना का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने की अपील की।

# उप्र पावर कारपोरेशन लि. के स्मार्ट मीटर अब पोस्टपेड मोड में



**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

- अवर अभियंता राजकुमार ने दी बड़ी सलाह

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड ने स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए जरूरी सूचना जारी की है। इसके अनुसार अब सभी स्मार्ट मीटर पोस्टपेड मोड में संचालित किए जा रहे हैं। उपभोक्ता अपना बिजली बिल ऑनलाइन देख और जमा कर सकते हैं। बिल भुगतान के लिए उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड की आधिकारिक वेबसाइट और उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड उपभोक्ता ऐप का उपयोग किया जा सकता है। ऐप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड की जा सकती है। अवर अभियंता विद्युत वितरण खंड गुरसहायगंज राजकुमार ने कहा कि प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा स्मार्ट मीटर को पोस्टपेड मोड में करने का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को सुविधा देना है। अब उपभोक्ताओं को बार-बार रिचार्ज कराने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बिल हर महीने के अंत में जारी होगा और उपभोक्ता उसे निर्धारित तिथि तक जमा कर सकेंगे। लेकिन यह ध्यान रखना जरूरी है कि समय पर बिल जमा न करने की स्थिति में विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई करनी पड़ेगी। इसलिए सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे अपना मोबाइल नंबर अपडेट रखें और समय पर बिल जमा करें। जिन उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर अपडेट नहीं हैं, वे गूगल फॉर्म भरकर तुरंत अपना नंबर अपडेट कराएं, ताकि बिल और सूचनाएं समय पर प्राप्त हो सकें।

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड की मंशा किसी का कनेक्शन काटने की नहीं है, बल्कि समय पर राजस्व वसूली कर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना है। अवर अवंत ने अपील की है कि उपभोक्ता समय पर बिल जमा करें ताकि कनेक्शन विच्छेदन की नौबत न आए।

# गंगा दशहरा पर मेहंदी घाट में उमड़ा आस्था का सैलाब

- सुबह से एक लाख श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



गंगा दशहरा के अवसर पर मंगलवार को मेहंदी घाट पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। तड़के से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो दिन चढ़ने के साथ लगातार बढ़ता गया। गंगा स्नान और पूजन के लिए जिले समेत आसपास के जनपदों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु घाट पहुंचे। प्रशासन के अनुसार सुबह से ही करीब एक लाख श्रद्धालु गंगा में स्नान कर चुके हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार स्वयं मेहंदी घाट पर डटे रहे और व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। सुरक्षा कर्मियों, गोताखोरों और जल पुलिस की तैनाती पर दोनों अधिकारी लगातार नजर बनाए हुए हैं।घाट क्षेत्र की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरों के साथ ड्रोन कैमरों का भी उपयोग किया जा रहा है। डीएम ने बताया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए खोया-पाया केंद्र स्थापित किया गया है। साथ ही पूरे क्षेत्र को सेक्टरों में विभाजित कर सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। गंगा किनारे बैरिकेडिंग कर श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोका जा रहा है। प्रशासनिक निगरानी और सुरक्षा इंतजामों के बीच श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और उल्लास के साथ गंगा स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे दिन घाट पर भीड़ बने रहने की संभावना है।

# समधन में राहगीरों को स्टाल लगाकर बांटा गया शरबत



**समधन, समृद्धि न्यूज।**

समधन नगर में भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए जगह-जगह शरबत बांटा गया।

नेक्सा कंप्यूटर के मालिक मोहम्मद सीबू ने एक पहल की बीता मंगलवार दोपहर को उन्होंने छात्रों के साथ मिलकर समधन नगर की मुख्य सड़क पर राहगीरों को शरबत वितरित किया। इस दौरान राहगीरों को गर्मी से काफी राहत मिली लोगों ने शरबत पीकर भीषण गर्मी में सुकून महसूस किया।

यह पहल भीषण गर्मी के बीच लोगों को तत्काल राहत प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी। वहीं उधर इसी तरह दारा सराय,एन एच नेशनल हाईवे ब्रिज के नीचे भी लोगों को शरबत वितरित किया गया।

# बहन की इज्जत बचाने पर नाबालिग भाई को दी सजा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**





तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के धारानगर गांव के किनौरा मौजे में एक महिला ने गांव के ही युवक और उसके साथियों पर अपनी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ तथा विरोध करने पर बेटे के साथ अमानवीय व्यवहार करने का गंभीर आरोप लगाया है। मामले में पीड़िता की मां ने अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

महिला के अनुसार गांव निवासी विनय पुत्र दर्शन उसकी नाबालिग पुत्री का लंबे समय से पीछा कर रहा है और रास्ता रोककर अभद्रता व छेड़छाड़ करता है। आरोप है कि जब उसके 16 वर्षीय पुत्र अनुज ने इसका विरोध किया तो विनय ने अपने साथियों धनंजय, टीटू और रोहित के माध्यम से उसे बुलवाया। इसके बाद सभी उसे वाटर पार्क ले गए, जहां उसके साथ मारपीट की गई। पीड़िता की मां का आरोप है कि आरोपियों ने उसके बेटे को करंट लगाया, गड्ढा खोदकर जिंदा दफनाने की कोशिश की तथा तमंचे के बल पर धमकाते हुए किसी से शिकायत न करने की चेतावनी दी। महिला का कहना है कि स्थानीय स्तर पर सुनवाई न होने से वह पुलिस के उच्च अधिकारियों की शरण में पहुंची है। उसने बेटी की सुरक्षा और बेटे की जान बचाने के लिए आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। वही एएसपी अजय कुमार ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।


## कार्यालय नगर पंचायत समधन, कन्नौज

पत्रांकः 206/न.पं.सं./(2026-27)/पुनःबाजार वसूली सार्व.बोली — दिनांक-24.06.2026

### (पुनःसार्वजनिक बोली/ सूचना)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत वर्ष 2026-27 हेतु बाजार ठेका की निविदा दिनांक 01.07.2026 को अपरान्ह 1 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत समधन जनपद कन्नौज में खुली बोली के माध्यम से आमंत्रित करती है। खुली बोली अधोहस्ताक्षरीय, अध्यक्ष महोदया एवं उच्च अधिकारियों के समक्ष नगर पंचायत समधन कार्यालय परिसर में की जायेगी। खरीदे गये निविदा प्रपत्र धारकों के द्वारा ही बोली लगायी जायेगी। शेष नियम/शर्तें किसी भी दिन कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है। विवरण निम्न है।

| क्र.सं. | ठेके का नाम विवरण | न्यूनतम बाजार ठेका की धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | धरोहर धनराशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ठेका बाजार वसूली वित्तीय वर्ष 2026-27 (दिनांक 05.07.2026 से 31.03.2027 तक के लिए मान्य।) | 3,00,775.00 | 500.00 | 25.000.00 | 05.07.2026 से 31.03.2027 तक |

**लिपिक**
**नगर पंचायत समधन**
**कन्नौज**

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत समधन**
**कन्नौज**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत समधन**
**कन्नौज**

# अज्ञात डंपर की टक्कर से खाई में गिरी कार, संत की मौत

**▸ गंगा स्नान से लौट रहे थे, साथी संत घायल**

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज़।**

फर्रुखाबाद-बदायूं मार्ग पर अमृतपुर कस्बे स्थित दयानंद इंटर कॉलेज के निकट बुधवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में पंच दशनाम आवाहन अखाड़ा से जुड़े एक संत की मौत हो गं, जबकि उनके साथी संत गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद संत समाज एवं परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई।


मृतक का फाइल फोटो


खंती में पलटी पड़ी कार

जानकारी के अनुसार राम भारती उर्फ रामू बाबा पुत्र वासुदेव निवासी नगरिया चौराहा हनुमान मंदिर, जनपद मैनपुरी तथा गंगा भारती उर्फ धरू बाबा पुत्र ओमकार निवासी बागवान मोहल्ला, मैनपुरी अल्टो कार संख्या यूपी 80सीसी/0396 से यात्रा कर रहे थे। दोनों संत पंच दशनाम आवाहन अखाड़ा से जुड़े हुए थे और बालाजी सरकार मेंहदीपुर के गुरु संगम भारती महाराज के शिष्य बताए जाते हैं। बताया गया है कि दोनों संत पांचाल घाट से गंगा स्नान करने के बाद शमशाबाद क्षेत्र में अपने एक शिष्य से मिलने जा रहे थे, जहां से उन्हें मैनपुरी के लिए रवाना होना था। इसी दौरान अमृतपुर कस्बे में दयानंद इंटर कॉलेज के निकट उनकी कार सड़क किनारे खड़ी थी। तभी पीछे से आए एक तेज रफ्तार अज्ञात डंपर ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने राम भारती उर्फरामू बाबा को मृत घोषित कर दिया।

जबकि गंगा भारती उर्फ धरू बाबा का उपचार जारी है। सूचना मिलते ही राजेपुर चौकी इंचार्ज राहुल सिंह सीएचसी पहुंचे। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है तथा फरार डंपर और उसके चालक की तलाश की जा रही है। मृतक के पिता वासुदेव ने बताया कि राम भारती चार भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। परिवार में उनकी पत्नी बीनू, पुत्र ऋषभ एवं निशांत, तथा पुत्रियां अर्पिता और छवि हैं। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर फरार डंपर की पहचान कर जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# छोटे भाईयों ने बड़े भाई को लाठी-डंडों से पीटा

**▸ बाइक बेंचने को लेकर हुआ विवाद**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली क्षेत्र के गांव कुंवरपुर इस्लाक रायपुर खास में बाइक बेंचने को लेकर हुए विवाद में दो छोटे भाइयों ने अपने बड़े भाई पर लाठी-डंडों और ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। हमले में बड़ा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को बहन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। बाद में थाने में तहरीर दी गई।


अस्पताल में भर्ती घायल

कोतवाली क्षेत्र के गाँव कुंवरपुर इस्लाक रायपुर खास निवासी सादान उम्र 25 वर्ष पुत्र इस्लाम को परिजन घायल अवस्था में सीएचसी लेकर पहुंचे। उपचार के दौरान सादान ने बताया कि उसका भाई रहमान मुंबई में रहता था। बीते दिनों वह घर लौटकर आया और आते ही बाइक निकालकर बेंचने की बात कहने लगा। इस पर मैंने कहा जब तुम गए थे तो बाइक खराब खड़ी थी। हमने इसे बनवाने में लगभग 15 हजार रुपये लगाए हैं। वो रुपये हमें दे दो और बाइक बेंच दो। इसी बात पर छोटे भाई रहमान और उमर दोनों एक हो गए और गाली-गलौज करने लगे।

जब सादान ने गालियों का विरोध किया तो दोनों छोटे भाइयों ने लात-घूसों, ईंट-पत्थर और धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में सादान गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में सादान की बहन आफरीन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची और भर्ती कराया।

# आबकारी टीम ने देशी शराब व कम्पोजिट दुकानों का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी जी.पी. गुप्ता के नेतृत्व में जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 कुमार गौरव सिंह मय स्टाफविभिन्न आबकारी अनुज्ञापन स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान देशी शराब दुकान नेकपुर चौरासी, आवास विकास, बाग लकूला, कम्पोजिट दुकान बाग लकूला की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दुकानों के स्टॉक रजिस्टर, ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था, मशीन से बिक्री एवं सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का परीक्षण किया गया। संबंधित अनुज्ञापियों को निर्देशित किया गया कि सभी अभिलेख अद्यतन रखें तथा शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मानकों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करें। अभियान के दौरान दुकानों पर उपलब्ध मदिरा का मिलान अभिलेखों से किया गया तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी बनाए रखने एवं अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए गए।


जांच पड़ताल करते आबकारी अधिकारी

# गंगा में डूबने से किशोर की मौत, बुझ गया घर का चिराग

**▸ चार बहनों के बीच में अकेला भाई था मृतक**

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज़।**

गंगा में डूबने से किशोर की मौत हो गयी। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी फूलचंद वाल्मीकि के 13 वर्षीय पुत्र कृष्णा की बुधवार को गंगा में डूब कर मौत हो गई। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि कृष्णा अपने कुछ दोस्तों के साथ में सुबह गंगा नहाने के लिए घर से मडैयन घाट गया था। जहां पर नहाते वक्त वह गहरे पानी में चला गया। जिससे तेज बहाव में आने पर वह डूबने लगा। साथियों ने बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन वह असफल रहे। जिसके कारण उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। जिसकी सूचना परिवार वालों तथा पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को बुलाया। वहीं दोस्तों व अन्य लोगों के चीखने पर आसपास से लोग जो गंगा नहाने आए थे। वह मौके पर ही गंगा जी में कूद पड़े और 20-25 मिनट के अंदर किशोर को गंगा से बाहर निकाल लिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। दरोगा कल्लू प्रसाद ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मोहल्ले वालों ने बताया कि वह कक्षा तीन का छात्र था। वह चार बहनों के बीच में अकेला भाई था।


मृतक का फाइल फोटो


मौके पर मौजूद पुलिस बल

## उधारी के रुपये मांगने पर दबंगों ने महिला को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज़।** जनपद एटा के थाना अलीगंज के गांव उगई निवासी गुंजन पत्नी विकास तीन दिन पूर्व अपने मायके गांव सिरोली आई थी। बुधवार सुबह लगभग आठ बजे गुंजन ने पड़ोसी महिला से पूर्व में उधार दिये 2000 रुपये वापस मांगे।

जिसपर महिला ने रुपए देने से मना कर गाली-गलौज करने लगी। गाली-गलौज का विरोध करने पर महिला व उसके परिजनों ने गुंजन को मारपीट कर दी। और जानमाल की धमकी देकर चले गए।

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खाने से युवक की मौत


मृतक का फाइल फोटो

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सधवाड़ा निवासी 22 वर्षीय युवक ने गृह कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां से गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल रेफर किया गया। लोहिया अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के सधवाड़ा निवासी यशकुमार प्रजापति उम्र 22 वर्ष पुत्र स्व. गोपाल प्रजापति ने गृह कलह के चलते जहरीला कीटनाशक पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन आनन-फानन में उसे कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अमरेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में उपचार के दौरान यशकुमार की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही मृतक की मां सुनीता प्रजापति सहित चार बहनों और भाइयों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि मृतक के पिता की लगभग 8 वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। मृतक की मां सुनीता प्रजापति ब्लॉक कायमगंज में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत हैं।

### घर में घुसकर चोरों ने चार लाख के जेवर किये पार


जानकारी देता पीड़ित

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** छत के सहारे घर में घुसे चोरों ने लाखों रुपए के जेवर चोरी कर लिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ित ने थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। नगर के मोहल्ला मांझ गांव पूर्व निवासी सतीश माथुर मंगलवार देर रात एक शादी समारोह में गए थे। वापस आने पर वह घर के दरवाजे पर सो गए। जबकि अन्य स्वजन आंगन व दूसरी छत पर सो रहे थे। बुधवार की बीती रात चोर छत के सहारे घर में घुस गए। चोरों ने कमरे में रखा बक्शा खोलकर लगभग चार लाख रुपए के जेवर चोरी कर लिए। बुधवार सुबह पुत्रवधू संगीता के जागने पर घटना की जानकारी हुई। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्वजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ित ने थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### पिता की डांट से क्षुब्ध युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पिता की डांट से क्षुब्ध युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के ग्राम शेखपुर रुस्तमपुर निवासी ऋतिक 18 वर्ष पुत्र पिंटू को किसी बात को लेकर पिता ने डांट दिया था। जिससे क्षुब्ध होकर ऋषित ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया कि परिवार मूल रूप से दिल्ली का निवासी है और लगभग 15 दिन पहले ही शेखपुर गांव आया था। किसी बात को लेकर ऋतिक और उसके पिता के बीच कहासुनी हुई, जो बाद में मारपीट में बदल गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। ग्रामीणों और परिजनों ने घायल ऋतिक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक डॉ0 विकास पटेल ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अस्पताल पहुंचने से पहले ही परिजन युवक का शव लेकर वहां से चले गए। बाद में परिजनों ने बताया कि पिता से विवाद के बाद ऋतिक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने बताया मौके से परिजन में शव को लेकर अपने ग्राम चले गए हैं। इस मामले की जानकारी कर कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### पति ने पत्नी व मां को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला सलेमपुर बरतल निवासी महिला मंगलवार शाम लगभग पांच बजे घर की साफ-सफाई कर रही थी। तभी बाहर से आये पति ने छोटी-छोटी बातों को लेकर गाली-गलौज करने लगा। गाली-गलौज का विरोध करने पर पति ने महिला को मारपीट कर दी। बचाने आई सास को भी मारपीट कर ईंट पत्थर चलता हुआ जानमाल की धमकी देता हुआ भाग गया। थाना पुलिस को महिला ने पति के खिलाफतहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

# नगर मजिस्ट्रेट ने छापेमारी कर विशाल मेगा मार्ट सहित दो कोचिंग सेंटर कराये सील

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ के अलीगंज स्थित कोचिंग सेंटर में हुई दर्दनाक अग्निकांड की घटना के बाद मुख्यमंत्री के आदेश के बाद जिला प्रशासन सख्त है। बुधवार को नगर मजिस्ट्रेट की अगुवाई में कई जगह छापेमारी कर फतेहगढ़ में दो कोचिंग सेंटरों पर छापा मारा गया। पुलिस, प्रशासन, अग्निशमन विभाग, प्राधिकरण और विद्युत सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों टीमों ने कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा मानकों और नियमों की अनदेखी का निरीक्षण किया। खामियां मिलने पर विशाल मेगा मार्ट सहित दो कोचिंग सेंटर को सील कर दिया गया तथा की आगे की जांच जारी है। प्रशासनिक अधिकारियों ने चेतावनी जारी की थी। इसके बाद बुधवार को फतेहगढ़ स्थित दो कोचिंग सेंटरों पर सीलिंग की कार्रवाई की गई। प्रशासनिक टीम शहर पहुंची और खामियां मिलने पर विशाल मेगा मार्ट को खाली कराकर सील कर दिया और आगे की जांच शुरु कर दी है। ग्राहकों को लाउडस्पीकर के माध्यम से बाहर निकलने की घोषणा की गई। नगर मजिस्ट्रेट पारुल तरार ने बताया कि अभियान जारी रहेगा।

किसी भी कीमत पर अवैध स्टीट्यूट, मॉल, रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस आदि जो भी मानकविहीन है उन पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। छापेमारी के दौरान भोलेपुर कर्नलगंज चौकी इंचार्ज मुलेन्द्र सिंह, जेई अंकित कुमार आदि मौजूद रहे।



अवैध कम्प्यूटर सेंटर को सील करते अधिकारी

## अज्ञात कारणों से कबाड़ की गोदाम में लगी आग, लाखों का नुकसान


जला पड़ा दुकान का सामान

**कंपिल,समृद्धि न्यूज।** अज्ञात कारणों से कबाड़ की गोदाम में आग लग गई। जिससे लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। पीड़ित ने रंजिश में आग लगाने का आरोप लगाया।
नगर के मोहल्ला मांझ गांव निवासी सुखपाल यादव की कबाड़ की दुकान कंपिल सिवारा मार्ग पर जैन धर्मशाला के निकट स्थित है। प्रतिदिन की भांति सुखपाल दुकान में ताला लगाकर घर चले गए। मंगलवार देर रात लगभग 12 बजे दुकान के अगले हिस्से में रखे समान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जलने की बदबू आने पर पड़ोसियों ने झांककर देखा तो आग ने विकराल रूप ले लिया था। लोगों ने घटना की सूचना थाना पुलिस व सुखपाल को दी। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। सुखपाल ने रंजिश में आग लगाने का आरोप लगाया। सुखपाल के अनुसार लगभग एक लाख रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### दबंगों ने घर में घुसकर पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव बीरपुर नादी निवासी तालिब खां बुधवार सुबह लगभग 10 बजे घर पर बैठा था, तभी उसी समय गांव के ही निवासी युवक व उसके साथी तालिब खां के घर जाकर कुछ दिन पूर्व उसके मवेशी खेत में घुस जाने की बात पर गाली-गलौज करने लगे। गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक व उसके साथी तालिब को लाठी डंडे से मारपीट करने लगे। बचाने आये पिता शहीद मुहम्मद, बहन हाजरा, मुमताज व मां अच्छो बेगम को भी मारपीट की और जानमाल की धमकी देकर चले गए। थाना पुलिस को तालिब खां ने युवक सहित चार नामजद लोगों के खिलाफतहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ से घर जा रहे बाइक सवार को भोलेपुर ओवरब्रिज के नीचे तेज रफ्तार से आ रही कार ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार घायल हो गया। इस दौरान बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। चार कार लेकर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट निवासी अनुज बुधवार को अपनी बाइक संख्या यूपी 76एबी/1371 द्वारा फतेहगढ़ स्थित कचहरी से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही अनुज कुमार भोलेपुर ओवरब्रिज के नीचे बिजली घर के सामने पहुंचे, तभी तेज रफ्तार से आ रही कार संख्या यूपी 76एटी/4078 ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे अनुज उछलकर सड़क पर जा गिरा और घायल हो गया तथा बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। आसपास के लोगों की मदद से घायल अनुज को उपचार के लिए एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया।


घटना स्थल पर पड़ी बाइक

### महिला की मौत में पिता-पुत्र सहित चार पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** थाना मेरापुर व गांव नगला पाल मेरापुर निवासी केदार पाल पुत्र रोहन पाल ने गांव के ही प्रमोद, मुकेश पुत्रगण कालेश्वर, राजू, संदेश पुत्रगण प्रमोद के विरुद्ध मारपीट कर हत्या करने का मुकदमा दर्ज कराया है।
तहरीर के अनुसार 18 जून समय लगभग 8:30 बजे उपरोक्त आरोपित प्रमोद अपना ट्रैक्टर लेकर आए और हमारी मक्का पर चढ़ा दिया। जब मैं मना किया तो हमारे साथ गाली-गलौज करने लगा। जब मैं गाली देने से मना किया तो मेरे साथ मारपीट करने लगा। इस समय शोर सुनकर उपरोक्त आरोपित मुकेश, राजू, संदेश मौके पर आए और यह भी मेरे साथ लात घूंसों से मारपीट करने लगे। जब मेरी पत्नी चमेली देवी बीच बचाव करने लगी तो मुकेश ने मेरी पत्नी के छाती में घूंसा मार दिया। जिससे वह वहीं पर गिर गई और लगभग 10 मिनट बाद उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 115(2),352,105 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

### सोशल मीडिया पर तमंचाधारी की फोटो वायरल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर हथियारों के प्रदर्शन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन युवकों के तमंचे और राइफल के साथ फोटो-वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिससे पूरे इलाके में भय और दहशत का माहौल है। ताजा मामला सामने आया है जिसमें एक युवक की तमंचे के साथ फोटो फेसबुक एकाउंट से वायरल हुई है। जिसमें वह तमंचा लहराता दिखायी दे रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यह विवादित फोटो राजेश यादव नाम से संचालित एक फेसबुक अकाउंट से पोस्ट की गई है, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। बताया जा रहा है कि वायरल फोटो थाना नवाबगंज के ग्राम नगला छब्ब से जुड़ी हुई है। हालांकि समृद्धि न्यूज इस वायरल फोटो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

# आंखों की बीमारी से जूझ रहे मरीजों को रोशनी देना मेरा उद्देश्य: डॉ. मनीष त्रिपाठी


डॉ. मनीष त्रिपाठी

**धरती के भगवान**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मरीजों को जीवनदान देने वाले चिकित्सक को धरती का भगवान कहा जाता है। 1 जुलाई को होने वाले डाक्टर्स-डे के उपलक्ष्य में विशेष साक्षात्कार के दौरान नेत्र रोग विशेषज्ञ डा0 मनीष त्रिपाठी ने बताया कि मेरा उद्देश्य है कि कमजोर रोशनी वाले हर व्यक्ति को अच्छा दिखे। जिससे वह अपना जीवन अच्छे ढंग से जिए। वर्तमान में खान-पान से लेकर मोबाइल व डिजिटल स्क्रीन पर ज्यादा देर तक देखने से आंखों की रोशनी प्रभावित होती है। युवा लोगों के अलावा बच्चों में भी यह समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने बताया कि मेरे पिता जगदीश नारायण त्रिपाठी सेवानिवृत्त शिक्षक व मां मिथलेश त्रिपाठी सेवानिवृत्त शिक्षिका की प्रेरणा से मैं आगे बढ़ा और हर कार्य में पूरे परिवार का सहयोग मिला। मेरी पत्नी रजनी त्रिपाठी गृहणी है वह मेरे हर कार्य में साथ देती है। मेरा एक बच्चा है। 1998 में हाईस्कूल क्रिश्चियन इंटर कालेज से उत्तीर्ण किया और इंटर मीडिएट सन् 2000 में स्वामी रामानंद बालक इंटर कालेज से किया। 2001 में बी.ए.एम.एस. ग्लोकल यूनिवर्सिटी सहारनपुर से किया। साथ ही 2001 से 2005 तक डी.ओ.पी.टी.एच. डिप्लोमा किया।

2005 में खैराबाद आई हॉस्पिटल कानपुर में प्रैक्टिस की। 2006 से लेकर 2008 तक सीतापुर आई हॉस्पिटल फतेहगढ़ में कार्य किया। 2009 में अपने सीनियर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप टोप्पो के मार्ग दर्शन में कार्य शुरु किया, जो अब तक विजन आई एण्ड सर्जिकल सेंटर आवास विकास फर्रुखाबाद में कार्य कर रहा हूं। प्रतिदिन 50 से 70 मरीजों की ओपीडी देखता हूं। प्रत्येक मरीज को बेहतर दिखे व आंखों की कम रोशनी पुनः लौटे, यह मेरा उद्देश्य है। समय-समय पर आंखों के मरीज अपना चेकअप अवश्य कराये, जिससे उन्हें आंखों से संबंधित कोई बीमारी और न बढ़े। अभी तक पिछले 16 वर्षों में एक से डेढ़ लाख मरीजों की ओपीडी देख चुका हूं। सबसे ज्यादा मरीज मायोपिया है, जो चश्मे से संबंधित बीमारी होती है। मोतियाबिंद के मरीज, परदे से संबंधित मरीज, ग्लोकोमा से संबंधित मरीज का इलाज होता है। एवं आंखों के सभी टेस्ट व जांचे होती है। अस्पताल में मोतियाबिंद आपरेशन, ग्लोकोमा आपरेशन, परदा रेटिना से संबंधित आपरेशन की बेहतर सुविधा है। मायोपिया तभी उत्पन्न होती है जब लोग मोबाइल व डिजिटल स्क्रीन का ज्यादा इस्तेमाल करते है।

ऐसे में मरीज अपनी चिकित्सक से सलाह लें। हर प्रकार के चश्मे से संबंधित जांचे करता हूं। हॉस्पिटल में नवीनतम फेको मशीन, ओसीटी मशीन, ऑप्टिकल बायोमेट्री मशीन, वाईएजी लेजर मशीन जैसी नवीनतम मशीन है। नवीनतम स्वचलित कम्प्यूटर से आंखों का परीक्षण होता है। आंखों में धुंधला दिखना, मोतियाबिंद होना, इन्फेक्शन होने जैसी बीमारी किसी भी मरीज को है तो वह तुरन्त अपना चिकित्सीय परामर्श लें।


बच्चे की आंख का परीक्षण करते डॉ. मनीष त्रिपाठी

# लिंक एक्सप्रेसवे के लिए बैनामा न करने पर किसान नेता का कोटा किया निलंबित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने जिला अधिकारी को मांग पत्र सौंपकर निस्तारण करने की मांग की। दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि अरविंद गंगवार निवासी ग्राम पंचायत गुतासी के है, इसी ग्राम में वह 34 वर्षो से कोटेदार भी है और भारतीय किसान यूनियन टिकैत में जिला संगठन मंत्री भी है, उनकी लिंक एक्सप्रेसवे में जिला प्रशासन जबरदस्ती जमीन लेना चाहता है। जिसके लिए विगत कई दिनों से कोटेदार को जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा धमकाया जा रहा था कि या तो लिंक एक्सप्रेसवे के लिए जमीन दो, नहीं तो आपका कोटा निरस्त कर दिया जाएगा। जिसकी शिकायत 29 मई अमृतपुर तहसील में

**▸ किसानों ने एसडीम कायमगंज को तहसील से हटाये जाने की मांग**

किसानों द्वारा किए गए धरना प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह को भी अवगत कराया था। जिस पर उन्होंने कहा था कि किसी भी किसान को धमकाकर या फिर परेशान करके जमीन नहीं ली जाएगी। 23 जून को जिला पूर्ति अधिकारी बढ़पुर फतेहगढ़ क्षेत्र के अधिकारी ने फोन करके अरविंद गंगवार को बुलाया और उनसे कहा कि आपकी शिकायत की गई है, जिस पर आपका कोटा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। जब अरविंद गंगवार ने पूर्ति निरीक्षक से शिकायतों की लिखित कॉपी मांगी तो



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते किसान नेता

अधिकारियों ने देने से मना कर दिया। एसडीम सदर गजराज सिंह यादव के द्वारा कोटे को निलंबित करने के आदेश की कॉपी सौंप दी। इस संबंध में कोटा बहाल को लेकर जिलाधिकार को भाकियू नेताओं के साथ ज्ञापन सौंपा। ऐसे में

कायमगंज तहसील क्षेत्र के किसानों में एसडीम कायमगंज के खिलाफभारी विरोध है। उन्हें कायमगंज तहसील क्षेत्र के चिलसरी में कांति देवी के खेत पर दबंगों ने कब्जा कर लिया, जिसका अभी तक निस्तारण नहीं किया। इस मौके पर अरविंद शाक्य, छविनाथ शाक्य, गोपी शाक्य, अभय यादव, अरविंद गंगवार, अनुज राजपूत, अर्पित गंगवार उपस्थित रहे।

# नाबालिक अनाथ बच्चे को सरकारी आर्थिक सहायता दिलाये जाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कायमगंज क्षेत्र के चिल्सरी निवासी शिवोज पुत्र कर्मवीर ने नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपने के दौरान बच्चे के भविष्य को लेकर समाज व स्थानीय लोगों ने चिंता है। बच्चे के माता-पिता न होने के कारण आर्थिक स्थिति खराब है। छह वर्ष होने के कारण वह कोई कार्य भी नहीं कर सकता है।

ऐसे में सरकारी सहायता प्रदान की जाये। दिये गये ज्ञापन में कहा कि उसके बडे भाई दीपचन्द्र उर्फ पखिया पुत्र कर्मवीर शाक्य की कुख्यात अपराधी रोहित उर्फ भीमा पुत्र महेश चन्द्र ने हत्या कर दी थी। मृतक



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते लोग

दीपचन्द्र उर्फ पखिया की पत्नी व माता व पिता का देहान्त हो चुका है। मृतक का एक पुत्र नीतेश उम्र लगभग 6 वर्ष नावालिग जीवित मौजूद है जो मेरे पास है। मृतक भाई के पुत्र नीतेश की परिवरिस हेतु उसको सरकारी योजना का लाभ दिलवाया जाये। क्योकि प्रार्थी की आर्थिक स्थिति अत्यन्त दहनीय है। नीतेश का भविष्य बनाने के लिए आर्थिक मदद हेतु सरकारी सहायता देकर लाभांवित किया जाये। इस मौके पर प्रभात शाक्य, सुशील कुमार शाक्य, यादराम, पुरुषोत्तम सिंह, संजीव, विजय, श्याम सिंह, धीर सिंह, शिवकुमार, अवधेश, धीरेन्द्र, देशराज सिंह, रामलखन, संजय, हरवंत कुमार, शिवम आदि लोग मौजूद रहे।

# मातेश्वरीय जगदंबा सरस्वती का मनाया गया 61वाँ पुण्य स्मृति दिवस



कार्यक्रम में मौजूद बीके बहनें व बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ओमनिवास जटवारा जदीद अंगूरीबाग में मातेश्वरीय जगदंबा सरस्वती का 61वाँ पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। बीके शोभा बहन ने कहा कि ज्ञान योग और शक्तियों की चैतन्य प्रतिमा थी संस्था की मुख्य प्रथम प्रसाशिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती ने अल्प आयु में संपूर्ण अवस्था को पाया। ऐसी महान विभूति ब्रह्मपुत्री के महान जीवन चरित्र पर प्रकाश डालने का प्रयास कुछ शब्द द्वारा किया जाएगा। उन बातों का आत्मसात करने की प्रेरणा मिलेगी। यही मम्मा के प्रति सच्चे अर्थ से श्रद्धा सुमन होंगे। मम्मा जब मुरली सुनाती थी तो सभी लोग तन्मय होकर सुनते थे। मम्मा पूरे यज्ञ में सबसे कम बात करती थी। मम्मा कहती थी कि जो एक बार गलती करें वह दोबारा नहीं होने चाहिए। मम्मा कोई कार्य बोलकर नहीं सिखाती थी खुद करके सिखाती थी। पूनम बहन ने कहा कि जगदंबा भजन क्या है कैसा है यह कभी नहीं देखी थी, जो मिला उसे प्यार से स्वीकार कर लेती थी। भोजन को हमेशा प्रसाद रूप में स्वीकार करती थी। देव कुमार शर्मा ने कहा कि मैं जगदंबा को देखा नहीं है, लेकिन फिर भी उनकी विशेषताओं को सुनते हुए बताया की मातेश्वरी जगदंबा कभी क्यों क्या नहीं करती थी। मिथिलेश बहन, शोभा दीदी ने भी विचार रखे।

# युवा महोत्सव समिति ने नगर मजिस्ट्रेट को किया सम्मानित



नगर मजिस्ट्रेट को सम्मानित करते हर्ष दुबे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फर्रुखाबाद का महोत्सव समिति के द्वारा मिस्टर फर्रुखाबाद एवं प्रतिनिधि युवा महोत्सव समिति हर्ष दुबे ने नवागंतुक नगर मजिस्ट्रेट पारुल तरार से शिष्टाचार भेंट की। नगर मजिस्ट्रेट ने युवा महोत्सव समिति के होने वाले आगामी कार्यक्रमों के बारे में रूपरेखा जानी और कार्यक्रमों का उद्देश्य जाना। उन्होंने युवाओं के हित में हो रहे समिति की तरफसे समस्त कार्यक्रमों में अपना पूर्ण सहयोग देने की बात कही। इसके साथ ही नगर मजिस्ट्रेट ने हर्ष दुबे की उज्जवल भविष्य की कामना की। फर्रुखाबाद युवा महोत्सव समिति के विजेता मिस्टर कानपुर रीजन आलोक पाल भी मौजूद रहे।

# ई-रजिस्ट्रीकरण व्यवस्था के खिलाफ अधिवक्ता व दस्तावेज लेखक आज से हड़ताल पर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

तहसील सदर बार एसोसिएशन एवं दस्तावेज लेखक संघ की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। अध्यक्षता उमाशंकर कटियार ने की। सरकार द्वारा ई-रजिस्ट्रीकरण व्यवस्था लागू किये जाने के कारण अधिवक्तागणों एवं दस्तावेज लेखकों के रोजगार पर प्रभाव एवं आम जनता को होने वाली कठिनाइयों के बारे में विचार विमर्श किया गया।

इस संबंध में प्रदेश के विभिन्न तहसीलों में व्यवसाय के विरोध में हड़ताल जारी है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तहसील सदर फर्रुखाबाद में कार्यरत समस्त अधिवक्ता व दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प विक्रेता व अन्य सभी व्यक्ति



बैठक को संबोधित करते उमाशंकर कटियार

पूर्ण से कलमबंद हड़ताल पर अनिश्चितकालीन के लिए जायेंगे। कलमबंद हड़ताल करके अपना विरोध दर्ज करायेंगे। सर्वसम्मति से लिए गये निर्णय पर 25 जून से लोग कलमबंद हड़ताल पर रहेगें। इस मौके पर अतुल मिश्रा, रविनेश चन्द्र यादव, विकास सक्सेना, संजय कटियार, अनूप कटियार, विनोद सक्सेना, मनोज त्रिवेदी, पंकज राजपूत, मंजेश सोमवंशी, हेमराज राजपूत, कुलदीप त्रिपाठी, सुनील सक्सेना, अभिनव गुप्ता, दिलीप कश्यप, अतुल शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।

## मणी गुप्ता को डाक्टरेट की उपाधि से किया गया अलंकृत



मुख्यअतिथि से सम्मानित होते डॉ. मणि गुप्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गंगापार क्षेत्र राजेपुर निवासी शिक्षक संतोष गुप्ता के पुत्र मणी गुप्ता जे.आर.एफ. परीक्षा उत्तीर्ण कर कलकत्ता के इन्डियन इंस्टिट्यूट आफ साइंस एजूकेशन एन्ड रिसर्च से पी.एच.डी. उत्कृष्टता से गत माह सितम्बर में पूर्ण कर चुके है। आधिकारिक रूप से संस्थान 13वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. अजय कुमार सूद (वैज्ञानिक सलाहकार, प्रधानमन्त्री समिति) ने डाक्टरेट की उपाधि प्रदान की। डॉ. मणी गुप्ता अपने शोधकार्य के दौरान पेरिस, न्यूयॉर्क, डेनमार्क, अमेरिका में आयोजित वैज्ञानिक सेमिनार में प्रतिभाग कर चुके हैं। वर्तमान में आईआईटी कानपुर में कार्यरत है। इसके साथ ही पिछले दिनों वह अन्तरराष्ट्रीय वैज्ञानिक परीक्षा उत्तीर्ण कर लंदन के इम्पीरियल कालेज में चयनित किए गए हैं।

# किला घाट की रास्ता खुलवाये जाने की डीएम से मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कैन्ट बोर्ड जनरल लैण्ड रजिस्टर (जी.एल.आर.) रिकार्ड और न्यायालय के आदेश का उल्लंघन कर राजपूत रेजिमेन्ट सेन्टर आर.आर.सी. द्वारा किलाघाट मार्ग को मनमाने ढंग से बन्द किये जाने और रास्ता बहाल कराने के संबंध में डीएम को ज्ञापन सौंपा गया।

दिये गये ज्ञापन में मांग की गई कि राजपूत रेजिमेन्ट सेन्टर आर.आर.सी. प्रबन्धन कैण्ट क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले ऐतिहासिक किलाघाट शिव मन्दिर, यज्ञशाला तक जाने वाले मार्ग को अबैध और मनमाने ढंग से बन्द किये जाने के कारण उत्पन्न जन आक्रोश और गम्भीर प्रशासनिक समस्या है। छावनी परिषद फतेहगढ़ कैन्टून वोर्ड के जनरल लैण्ड रजिस्टर



डीएम को ज्ञापन सौंपते लोग

जी.एल.आर. के अधिकारिक सरकारी रिकार्ड के अनुसार किला घाट पर स्थित स्नान घाट, शिव मन्दिर, यज्ञ शाला की ओर जाने वाला यह मार्ग हमेशा से एक सार्वजनिक रास्ता के रूप में दर्ज है। जिस पर आम जनता का वैधानिक और पारम्पारिक अधिकार सुरक्षित हैं। इस घाट के स्वामित्व और आवागमन को लेकर पूर्व में भी विवाद उत्पन्न हुआ था। जिसके सम्बन्ध में जिला न्यायालय में मुकदमा संचालित हुआ था। उक्त मुकदमें के समझौते में अदालत द्वारा यह स्पष्ट और बादकारी आदेश पारित किया जा चुका है कि आम जनता को किला घाट तक जाने से कभी नहीं रोका जायेगा।

वर्तमान में रास्ता बन्द करना सीधे तौर पर अदालत की अवहेलना श्रेणी में जाता है। किला घाट एक ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और अत्यन्त पवित्र धार्मिक स्थल है। यहाँ सदियों से स्थानीय नागरिक एवं शहरवासी और श्रद्धालू प्रति दिन स्नान पूजा पाठ धार्मिक अनुष्ठान के लिए आते है। राजपूत रेजिमेन्ट सेन्टर द्वारा बिना किसी बोर्ड प्रस्ताव और बिना जन आपत्तिया मांगे मन मर्जी से घाट पर रोक लगाना व गेट लगाकर रास्ता अवरोध करना धारा 258 का स्पष्ट और गम्भीर उल्लंघन है। सभी ने रास्ता खुलवाये जाने की मांग की।

## लखनऊ अग्निकाण्ड के मृतक छात्रों को दी गई श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के अलीगंज स्थित कोचिंग सेंटर में हुई दर्दनाक अग्निकांड की घटना में जान गंवाने वाले छात्रों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।




कैंडिल मार्च में मौजूद लोग

विप्लब पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अरविन्द गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों व अन्य समाजसेवियों ने लाल सराय से लालगेट तक कैंडिल मार्च निकालकर अग्निकाण्ड में जान गवाने वाले छात्रों को श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. अरविन्द गुप्ता ने कहा कि सरकार का सिस्टम फेल है। जिस कारण ऐसी घटना घटित हुई है। मानक को पहले से ही पूर्ण होने पर कोचिंग सेंटर चलाये जाने की अनुमति दी जाती तो यह हादसा नहीं होता। जिन छात्रों ने जान गंवाई है।

उनके परिजनों पर दुख का पहाड़ टूटा है। ऐसे में उन मृतक छात्रों की भरपाई कोई नहीं कर सकता है। उन युवा पीढ़ी के होनहार छात्रों की अग्निकाण्ड में जान चली जाने पर पूरा देश स्तम्ब है। हम सब लोग मिलकर उन दिवंगत छात्रों को श्रद्धांजलि अर्पित करते है। इस मौके पर डॉ. अरविन्द गुप्ता, मयंक सेन, मनोज मिश्रा, मुकेश गुप्ता, पंकज गुप्ता, रविकांत गुप्ता, अंकित गुप्ता, सचिन गुप्ता, सोनू कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बांग्लादेश में कट्टरपंथियों द्वारा राम मंदिर को तोड़ने का दबाव बंद हो



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के द्वारा विदेश मंत्री संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। बजरंग दल विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंगद पाण्डेय कोमल के नेतृत्व में सौंपे गये ज्ञापन में दर्शाया कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में कुछ कट्टरपंथी समुदाय के द्वारा वहां पर बनाए गए राम मंदिर को रोका गया और सरकार पर उसे से तोड़ने का दवाब बनाया गया। जिसपर की जानकारी यह हुई कि कार्य रोक भी दिया गया है। बांग्लादेश या किसी भी अन्य देश में किसी भी कट्टर पंथी समुदाय के द्वारा सनातन धर्म के प्रतीक चिन्ह, आस्था के केंद्र, पवित्र स्थान या पूजा साधना की स्थालों के सरक्षण में अवरोध या सुरक्षा को खतरा होना दुर्भाग्य पूर्ण है, और सनातन समाज इस घटना से बहुत आहत है। भारत सरकार अपनी विदेश नीति या कूटनीति के द्वारा पड़ोसी देश जहाँ हिंदूवादी सरकार कहीं जाती है, पर राजनीतिक दवाव बनायें, जिससे कि जिससे हिन्दुओं की पवित्र स्थान सुरक्षित हो और अपने आराध्य के प्रति उनकी आस्था पर चोट न पहुंचे। इस मौके पर दिनेश सिंह राजपूत, सतीश चंद्र दीक्षित, आयुष सक्सेना, राजीव पाल, दिलीप बाल्मीकी, अनूप तिवारी, गौरव मिश्रा, वंश राजपूत, सत्यम वर्मा, आशुतोष बाजपेई, सत्यम मिश्रा, राजू शुक्ला, अनुराग अवस्थी, फोरम आदि उपस्थित रहे।

# गंगा दशहरा पर व्यापार संगठन ने राहगीरों को पिलाया शीतल शरबत



शरबत वितरित करते व्यापारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

गंगा दशहरा के पावन पर्व पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में गल्ला मंडी चौराहा स्थित जिला कार्यालय एवं प्रतिष्ठान पर शीतल शरबत वितरण किया गया। संगठन के कार्यकर्ताओं ने गंगा स्नान करने आने-जाने वाले भक्तों व राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाकर आस्था और मानवता का परिचय दिया। भीषण गर्मी के बीच शरबत वितरण से श्रद्धालुओं और राहगीरों को बड़ी राहत मिली। संगठन के कार्यकर्ताओं ने पूरे सेवाभाव के साथ सुबह से शाम तक हजारों लोगों को रूह अफजा युक्त ठंडा शरबत पिलाया। शरबत पीकर लोगों ने आयोजकों की सराहना की।

आस्था के पवित्र गंगा स्नान दशहरा पर कई व्यापारी कार्यकर्ताओं ने अपना योगदान देते हुए सेवा कार्य किया। पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे पावन पर्व पर जनसेवा करना सबसे बड़ा पुण्य है। संगठन का उद्देश्य समाज सेवा और व्यापारियों के हितों की रक्षा करना है।

जिलाध्यक्ष सुबोध गुप्ता मंसाराम, अखिल तिवारी, दिनेश राठौर, दिलीप वर्मा, संजय भारद्वाज, सागर गुप्ता, अनिकेत बासु, गौरव अग्रवाल, अजय गुप्ता, मनीष अरोड़ा, मनोज गुप्ता, श्यामू गुप्ता, पारस गुप्ता, शरद कुमार, प्रतीक गुप्ता, अन्नू गुप्ता उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने वितरित किया शरबत

कायमगंज। गंगा दशहरा पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल नगर कमेटी कायमगंज द्वारा शीतल शरबत वितरण किया गया। कंपिल बाईपास रोड स्थित श्री राजन गुप्ता एवं शशांक गुप्ता की गोदाम पर रूह अफजा युक्त शरबत पिलाकर हजारों लोगों की प्यास बुझाई। शरबत वितरण कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष उमेश गुप्ता, सत्यनारायण वर्मा, महेंद्र कुमार राजपूत, रोहित गुप्ता, सुधाकर दुबे, राजन गुप्ता, अभिषेक महेश्वरी, शशांक गुप्ता, आशीष गुप्ता, टीपू भाई, प्रशांत सक्सेना, प्रवीण यादव, पिंटू राठौर, मयंक दुबे आदि मौजूद रहे।

## गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल, हिंदू व्यापारी के प्रतिष्ठान पर 60 साल से रखा जा रहा ताजिया

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कुंआखेड़ा तराई क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द और गंगा-जमुनी तहजीब की अनूठी मिसाल देखने को मिली है। यहां के प्रतिष्ठित व्यापारी जितेंद्र गुप्ता के प्रतिष्ठान पर पिछले लगभग 60 वर्षों से लगातार ताजिया रखा जा रहा है। यह उनके परिवार की एक पुरानी और गौरवशाली परंपरा है, जिसे आज भी पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ निभाया जा रहा है। जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष भी परंपरा के अनुसार उनके प्रतिष्ठान पर ताजिया स्थापित किया गया। परिवार के लोग हर वर्ष मोहर्रम के अवसर पर इस परंपरा का निर्वहन करते हैं, जो क्षेत्र में आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक बन चुकी है। इस परंपरा की शुरुआत उनके पूर्वजों ने की थी और अब तीसरी पीढ़ी इसे आगे बढ़ा रही है। देर शाम मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में प्रतिष्ठान पर एकत्रित हुए। अकीदतमंदों ने पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मातम किया तथा कर्बला के शहीदों, विशेष रूप से इमाम हसन और इमाम हुसैन की कुर्बानियों को याद किया। इस दौरान धार्मिक वातावरण में लोगों ने शहादत-ए-कर्बला को याद करते हुए अपनी अकीदत पेश की। कार्यक्रम में बाबर खां, परवेज नायर बन्ना, ताहिर खान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



जितेन्द्र के प्रतिष्ठान पर रखा ताजिया

# एसीएमओ ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

**▸ अनुपस्थित मिलने वाले कर्मियों पर कार्यवाही के दिये निर्देश**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सर्वेश कुमार यादव ने कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और स्टाफकी उपस्थिति जांची। सीएचसी पहुंचकर एसीएमओ डॉ0 सर्वेश कुमार यादव ने सबसे पहले अटेंडेंस रजिस्टर चेक किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों और कर्मचारियों की उपस्थिति की जानकारी ली। अनुपस्थित मिलने वाले



मरीज का हालचाल लेते एसीएमओ

कर्मियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद एसीएमओ ने संगिनियों को बुलाकर क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने पूछा कि गांवों में गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, संस्थागत प्रसव और अन्य स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ समय से मिल रहा है या नहीं। संगिनियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में किसी भी गर्भवती महिला का प्रसव घर पर न हो, सभी को अस्पताल लाया जाए, एसीएमओ लेबर रूम पहुंचे और वहां तैनात डॉ0 मधु अग्रवाल से जानकारी ली कि अस्पताल में प्रतिदिन कितनी डिलीवरी होती हैं। उन्होंने लेबर रूम की साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता और उपकरणों की स्थिति भी जांची। डॉक्टर मधु अग्रवाल ने उन्हें डिलीवरी से संबंधित आंकड़े उपलब्ध कराए। निरीक्षण के बाद एसीएमओ ने सीएचसी अधीक्षक को निर्देश दिए कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। दवाओं का स्टॉक पूरा रखा जाए और मरीजों से अच्छा व्यवहार किया जाए। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

# लखनऊ अग्निकांड के मृतक छात्रों को व्यापारियों ने कैंडिल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ के अलीगंज स्थित कोचिंग सेंटर में हुई दर्दनाक अग्निकांड की घटना में जान गंवाने वाले छात्रों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कायमगंज में कैंडल मार्च निकाला गया। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल नगर समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी, समाजसेवी और नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। शिवाजी मूर्ति से हुई, जहां उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत छात्रों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। हाथों में मोमबत्तियां लेकर श्रद्धांजलि मार्च निकाला गया, जो नगर के प्रमुख



श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मौजूद लोग

मार्गो से होते हुए ट्रांसपोर्ट चौराहे पर पहुंचकर संपन्न हुआ। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने मृतक छात्रों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को शांति तथा शोक संतप्त परिवारों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस दौरान आदेश अग्निहोत्री, अमर गुप्ता, अजय वर्मा, अभिषेक गुप्ता, रिंकू कौशल, रिंकल गुप्ता, हर्षित वर्मा, गौरव वर्मा, सारांश शर्मा, विशाल गुप्ता, हेमंत गंगवार, प्रभात कश्यप, अशोक गुप्ता, विकास गुप्ता, सुलभ अग्रवाल, डॉ0 रजत गंगवार, महेश वर्मा, आलोक सक्सेना मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### ओवरटेक के चक्कर में दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत, चार घायल



**ईसानगर, खीरी।** धौरहरा कोतवाली क्षेत्र सिसैया–ढखेरवा–धौरहरा हाईवे पर कफारा गांव के पास बुधवार को ऑटो को ओवरटेक करने के प्रयास में दो मोटरसाइकिलों की आमने–सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में चार लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों बाइकें तेज रफ्तार में थीं। बताया जाता है कि एक बाइक पर तीन युवक सवार थे, जबकि दूसरी बाइक पर आदिल निवासी लहरपुर सवार था। ओवरटेक के दौरान दोनों वाहनों की जोरदार टक्कर हो गई, जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई। घायलों में ग्राम पंचायत ढखेरवा लखाही निवासी अरमान पुत्र सलीम खान, फैसल पुत्र रईस खान और अतीक पुत्र सगीर खान शामिल हैं। वहीं दूसरी बाइक सवार आदिल गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमियाबेहड़ भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल आदिल को बेहतर इलाज के लिए जिला मुख्यालय रेफर कर दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों मोटरसाइकिलों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बस से गिरकर अधेड़ की कुचलकर हुई मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के तीता गांव में बुधवार की सुबह बस से नीचे गिरने से बस से कुचलकर अधेड़ की मौत हो गयी मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने अधेड़ के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है अधेड़ की मौत की सूचना मिलने पर अधेड़ के परिजनों में कोहराम मच गया है बस चालक मौके पर बस को छोड़कर फरार हो गया है थाना क्षेत्र के बडौहा गांव निवासी 55 वर्षीय हरिशंकर प्रजापति अपने दुकान देवरी बाजार से बस से तीता डेरी पर दूध लेने जा रहे थे की तीता गांव में बस से नीचे गिर पड़े जिससे बस का चक्का अधेड़ के उपर चढ़ गया जिससे अधेड़ की कुचलकर मौत हो गई घटना के बाद बस चालक बस को छोड़कर भाग निकला घटना की सूचना मिलने पर प्रभारी थानाध्यक्ष श्याम लाल व एसआई कृष्ण कुमार सिंह ने अधेड़ के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृत अधेड़ को दो पुत्र व एक पुत्री है मृत अधेड़ की पत्नी सरस्वती का रो रोकर बुरा हाल है मौत की सूचना पर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी बस हलिया से मध्य प्रदेश की तरफजा रही थी इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष श्याम लाल ने बताया की बस से नीचे गिरकर अधेड़ की बस के चक्का के नीचे आने से कुचलकर मौत हो गयी है अधेड़ के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### मृतक के पुत्र की तहरीर पर बस के अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बडौहा गांव निवासी विष्णु कुमार ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर बस के अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है दी गयी तहरीर में बताया की पिता 55 वर्षीय हरिशंकर प्रजापति बस से दूध लेने के लिए जा रहे थे की बस के चालक नाम पता अज्ञात बस को तेजगति लापरवाही पूर्वक को बस चला रहा था की पिता बस से नीचे गिर गए जिससे पिता के उपर नीचे गिर गए जिससे पिता के उपर बस का चक्का चढ़ गया जिससे पिता की गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर ही मृत्यु हो गयी जिस पर पुलिस ने बस के अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गयी है इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष श्याम लाल ने बताया की मृतक के पुत्र की तहरीर पर बस के अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### 146.81 लाख से बने मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय का सीडीओ ने किया निरीक्षण



**महराजगंज।** सदर विकास खण्ड के ग्राम पंचायत केवलापुर खुर्द में लगभग 146.81 लाख रुपये की लागत से निर्मित मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह ने विद्यालय परिसर का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता और उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने कक्षाओं, कार्यालय कक्ष, शौचालय, पेयजल व्यवस्था, विद्युत सुविधाओं तथा परिसर में कराए गए विकास कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था से निर्माण में प्रयुक्त सामग्री, लागत एवं तकनीकी मानकों की जानकारी प्राप्त की। सीडीओ ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। इसी उद्देश्य से आधुनिक सुविधाओं से युक्त विद्यालयों का निर्माण कराया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आवश्यक संसाधन उपलब्ध हो सकें। उन्होंने अधिकारियों को विद्यालय की सभी सुविधाओं का नियमित रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया गया। सीडीओ ने भवन की मजबूती, फिनिशिंग और अन्य व्यवस्थाओं की जांच करते हुए कहा कि सरकारी धन से कराए जाने वाले विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। क्षेत्रीय लोगों और अभिभावकों ने विद्यालय के निर्माण को शिक्षा क्षेत्र की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए खुशी व्यक्त की। उनका कहना है कि विद्यालय के शुरू होने से आसपास के गांवों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। विद्यालय के संचालन की तैयारियां भी तेज हो गई हैं और जल्द ही यह क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा का नया केंद्र बनेगा।

### सायरन बजते ही हरकत में आया राहत-बचाव तंत्र, बहुमंजिला इमारत में हुआ मॉक ड्रिल



**महराजगंज।** आग जैसी आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए बुधवार को पुलिस लाइन स्थित जिले की सबसे ऊंची बहुमंजिला इमारत में अग्निशमन विभाग द्वारा व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देश पर आयोजित इस अभ्यास में अग्निशमन, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया। मॉक ड्रिल के दौरान बहुमंजिला इमारत में आग लगने और लोगों के फंसने का काल्पनिक दृश्य तैयार किया गया। सूचना मिलते ही जिला अग्निशमन कंट्रोल रूम सक्रिय हो गया और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां निर्धारित समय के भीतर घटनास्थल पर पहुंच गईं। सायरन बजते ही पूरे परिसर में हलचल मच गई और बचाव दल ने तत्काल मोर्चा संभाल लिया। अग्निशमन कर्मियों ने आधुनिक उपकरणों की मदद से ऊपरी मंजिलों पर फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का प्रदर्शन किया। धुएं से प्रभावित लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घायलों को प्राथमिक उपचार देने तथा गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजने का अभ्यास किया। ड्रिल के दौरान हाई–प्रेशर होज पाइप, वाटर टेंडर और अन्य आधुनिक अग्निशमन उपकरणों का उपयोग करते हुए आग पर नियंत्रण पाने की प्रक्रिया प्रदर्शित की गई। राहत–बचाव कार्यों के दौरान विभागों के बीच समन्वय, संचार व्यवस्था और रिस्पांस टाइम का भी परीक्षण किया गया। जिला अग्निशामक अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि लखनऊ के अलीगंज में हुई अग्निकांड की घटना को ध्यान में रखते हुए यह मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इसका उद्देश्य आपदा की स्थिति में त्वरित राहत–बचाव, विभागीय समन्वय तथा उपकरणों की कार्यक्षमता का परीक्षण करना था, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जन–धन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### संदिग्ध हालात में घर में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर खाक

**मितौली, खीरी।** पिरझला क्षेत्र के ग्राम दतेली कला में मंगल बुद्ध की रात करीब 12 बजे एक घर में संदिग्ध हालात में अचानक आग लगने से अफरा–तफरी मच गई। हादसे में घर में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि घर के अंदर सो रहे परिवार के सभी सदस्य किसी तरह अपनी जान बचाकर बाहर निकल आए, वरना कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था। जानकारी के मुताबिक गांव निवासी जुम्मन अली के घर में देर रात अचानक धुआं उठने लगा और देखते ही देखते आग की तेज लपटों ने पूरे मकान को अपनी लपेट में ले लिया। उस वक्त परिवार के सभी सदस्य घर के अंदर सो रहे थे। धुआं और आग देखकर परिवार में चीख–पुकार मच गई। किसी तरह सभी लोग बाहर निकले और अपनी जान बचाई। घटना की खबर मिलते ही बड़ी तादाद में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने बाल्टियों और अन्य उपलब्ध संसाधनों से आग बुझाने की जद्दोजहद शुरू कर दी। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू तो पा लिया गया, लेकिन तब तक घर में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था। पीड़ित जुम्मन अली ने बताया कि आग में घर के अंदर खड़ी दो मोटरसाइकिलें, वाशिंग मशीन, चारपाई, बिस्तर, कपड़े, अनाज, बर्तन, जरूरी घरेलू सामान समेत अन्य कीमती वस्तुएं जल गईं। आग से लाखों रुपये के नुकसान का अंदेशा जताया जा रहा है। फिलहाल आग लगने की वजह साफ नहीं हो सकी है, जिससे घटना को लेकर तरह–तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं।

# अग्निकांड में दो परिवारों की गृहस्थी जली

- बेटे की शादी के 29 दिन बाद टूटा दुखों का पहाड़, जेवर-नकदी समेत लाखों का सामान स्वाहा
- फायर ब्रिगेड के देर से पहुंचने का आरोप, ग्रामीणों ने मशक्कत कर आग पर पाया काबू



**बिजुआ, खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम नब्बूपुरवा में बुधवार दोपहर हुए भीषण अग्निकांड में दो परिवारों की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। आग में शादी के जेवर, नकदी, साइकिलें समेत लाखों रुपये का सामान स्वाहा हो गया। घटना के बाद पीड़ित परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर करीब पौने तीन बजे ग्राम नब्बूपुरवा निवासी अख्तर अली पुत्र मंसूर अली तथा आरिफ पुत्र अख्तर अली के घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दोनों परिवारों के आशियाने को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में घर में रखा अधिकांश सामान जलकर खाक हो गया। परिजनों के मुताबिक अख्तर अली के बेटे की शादी गत 29 मई को हुई थी। शादी में मिले और घर में रखे करीब एक लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवर, 25 हजार रुपये नकद, दो देशी साइकिल तथा घरेलू उपयोग का समस्त सामान आग की भेंट चढ़ गया। आग से दोनों परिवारों को भारी आर्थिक क्षति पहुंची है।

घटना के दौरान मची चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े। सूचना मिलने पर डायल-112 पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को अवगत कराया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना दिए जाने के बावजूद फायर ब्रिगेड करीब एक घंटे तक मौके पर नहीं पहुंची। इस दौरान ग्रामीणों ने बाल्टियों और अन्य संसाधनों की मदद से कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। अग्निकांड के बाद पीड़ित परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है। अख्तर अली की पत्नी अख्तरीन घर की चौखट पर बैठकर बिलखती रहीं। परिजनों का कहना है कि बेटे की शादी की खुशियां अभी खत्म भी नहीं हुई थीं कि इस हादसे ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया।

सूचना पर पड़रिया पुलिस चौकी प्रभारी अभिषेक कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी। वहीं क्षेत्रीय लेखपाल पंकज कुमार ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया और रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को तत्काल आर्थिक सहायता एवं मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग की ओर से जांच की जा रही है।

## प्रशासन ने हटवाया झोलहू मेला मैदान व कर्बला भूमि से अतिक्रमण

**निघासन, खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



ऐतिहासिक झोलहू बाबा मेला मैदान, मजार परिसर एवं कर्बला की भूमि पर हुए अतिक्रमण को लेकर प्रशासन ने बुधवार को सख्त कार्रवाई करते हुए भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। शिकायत मिलने के बाद उपजिलाधिकारी राजीव निगम और क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार राजस्व विभाग की टीम एवं भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मजार परिसर के पूर्व, पश्चिम और दक्षिण दिशा में लगाए गए पिलरों को प्रशासन की मौजूदगी में हटवाया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिस भूमि को लेकर विवाद है, उसके संबंध में दोनों पक्ष न्यायालय अथवा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करें और विधिक प्रक्रिया के माध्यम से ही समाधान प्राप्त करें। किसी भी पक्ष को विवादित भूमि पर कब्जा करने या निर्माण कराने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

इसी क्रम में कर्बला की भूमि पर अतिक्रमण कर बोई गई धान की फसल को भी प्रशासन ने जुतवाकर भूमि खाली कराई। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारियों ने लोगों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील भी की।

गौरतलब है कि झोलहू बाबा मेला मैदान, मजार परिसर और कर्बला भूमि पर कथित अतिक्रमण की शिकायत ग्राम प्रधान समेत क्षेत्र के कई लोगों ने प्रशासन से की थी। आगामी मोहर्रम पर्व को देखते हुए ग्रामीणों ने धार्मिक एवं सार्वजनिक उपयोग की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग उठाई थी।

## रास्ते में रोककर मारपीट, आठ हजार रुपये छीनने का आरोप

**ईसानगर, खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

थाना ईसानगर क्षेत्र के मोहनपुरवा मजरा शंकरपुर निवासी शिवकुमार पुत्र सुर्जलाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कुछ लोगों पर रास्ते में रोककर मारपीट करने और नकदी छीन लेने का आरोप लगाया है. शिवकुमार के अनुसार 22 जून को शाम करीब 4 बजे वह खमरिया खाद लेने गया था।

आरोप है कि रास्ते में विमल, बबित, छोटकन्ने लाला, अनिल पुत्रगण राजकुमार तथा अजीत ने उसे रोक लिया और मारपीट की। पीड़ित का कहना है कि हमले में उसे गंभीर चोटें आईं।

आरोप है कि मारपीट के दौरान उसकी जेब में रखे 8 हजार रुपये भी निकाल लिए गए। शिवकुमार ने बताया कि शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने थाना ईसानगर पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लखनऊ अग्निकांड के दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि

**गोला गोकर्णनाथ, खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



लखनऊ में हुए दर्दनाक अग्निकांड में जान गंवाने वाले दिवंगतों की स्मृति में मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा इंदिरा गांधी पार्क, सदर चौराहा, गोला में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लखनऊ में हुई यह घटना अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। इस हादसे में कई परिवारों ने अपने प्रियजनों को खो दिया, जिसकी भरपाई कभी नहीं की जा सकती। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगतों की आत्मा को शांति प्रदान करें तथा उनके परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति दें। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोमबत्तियां जलाकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि सार्वजनिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाना चाहिए ताकि इस प्रकार की दुर्घटनाओं को रोका जा सके। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मृतकों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा प्रदेश इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने दिवंगतों की स्मृति में मौन धारण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मौके पर जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल, जिला प्रभारी कंट्रोल रूम इकबाल अहमद खान, जिला उपाध्यक्ष प्रेम वर्मा,जिला प्रवक्ता अमित गुप्ता, मनीष वर्मा, आदेश गुप्ता राकेश विश्वकर्मा, योगेन्द्र बाजपेई, गौरव मिश्रा, एवं नगर कांग्रेस के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता, युवा कांग्रेस कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर किया जागरूक

**हलिया, मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के हलिया के उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में मिशन शक्ति टीम के प्रभारी रमाशंकर सिंह व कांस्टेबल राजेश मौर्य व महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया । पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112,महिला हेल्पलाइन नंबर 1090,मुख्यमंत्री



हेल्पलाइन नंबर ( आईजीआरएस) - 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर 108, गर्भवती महिलाओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन नंबर 102, अग्निशमन हेल्पलाइन नंबर 101, आशा ज्योति केंद्र 181 आदि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया है इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष श्याम लाल ने बताया की मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शासन के द्वारा बनाये गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

### कच्चा घर पिलर जेसीबी से गिराने वाले चार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मवई कला गांव निवासी राजू कहार ने मंगलवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर चार लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है दी गयी तहरीर में बताया है की मंगलवार की सुबह 9 बजे दिन कच्चा घर पिलर रानू व अम्बुज पाण्डेय व लवलेश निवासी बसुहरा व निखिल निवासी बन्धेता राजू पटेल निवासी गलरिया के जेसीबी से गिराने लगे जिससे छाजन का सेट व नई मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त हो गयी है मना करने पर मुझे मारने लगे चोट आई है गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दिए है जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घायल को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया है पुरे मामले की जांच एसआई घनश्याम सिंह द्वारा किया जा रहा है इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष श्याम लाल ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## रोडवेज बसों में फायर सेफ्टी पर चला चाबुक, तीन बसों का चालान

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और सड़क सुरक्षा मानकों का पालन कराने के उद्देश्य से यातायात पुलिस एवं रोडवेज विभाग ने बुधवार को रोडवेज बस स्टेशन पर संयुक्त रूप से सघन जांच अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आयोजित इस विशेष अभियान में एआरएम रोडवेज की मौजूदगी में बसों के फायर सेफ्टी उपकरणों और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की गहन जांच की गई। अभियान के दौरान बस स्टेशन पर खड़ी तथा विभिन्न मार्गों पर संचालित रोडवेज बसों को रोककर उनकी सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। जांच में तीन बसों में निर्धारित सुरक्षा मानकों की कमी पाई गई। इस पर यातायात पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों बसों का चालान कर कुल 6000 रुपये का जुर्माना लगाया। निरीक्षण के दौरान अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता एवं उनकी कार्यशील स्थिति, इमरजेंसी एग्जिट विंडो, सुरक्षा उपकरणों तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की बारीकी से पड़ताल की गई। कई बसों में सुरक्षा उपकरणों के रखरखाव में लापरवाही सामने आने पर संबंधित चालकों एवं परिचालकों को कड़ी चेतावनी दी गई। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि सभी बसों में पर्याप्त संख्या में चालू अवस्था वाले अग्निशमन यंत्र अनिवार्य रूप से रखे जाएं तथा आपातकालीन निकास समेत सभी सुरक्षा उपकरण हर समय क्रियाशील स्थिति में बनाए रखें। यातायात प्रभारी अरूणेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि यात्रियों की जान-माल की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुरक्षा मानकों की अनदेखी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन बसों में कमियां पाई गई, उनके विरुद्ध नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई है। साथ ही भविष्य में भी ऐसे जांच अभियान लगातार जारी रहेंगे, ताकि रोडवेज बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों को सुरक्षित परिवहन सुविधा मिल सके।

## जिला बनेगा फल निर्यात का बड़ा केंद्र, किसानों की बढ़ेगी आयः डीएम

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



जिले के किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने और महराजगंज को औद्यानिक फसलों के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की दिशा में जिला प्रशासन ने बड़ी पहल शुरू की है। अब आम, अमरूद, मशरूम समेत कई उच्च मूल्य वाली फसलों के जरिए जिले को निर्यात हब के रूप में विकसित करने की तैयारी की जा रही है। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास मिशन योजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव साझा किए तथा उन्नत फलों और कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई।

जिलाधिकारी ने कहा कि महराजगंज में औद्यानिक खेती की अपार संभावनाएं हैं। वैज्ञानिक तकनीकों और बेहतर विपणन व्यवस्था के माध्यम से जिले के उत्पाद राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी अपनी पहचान बना सकते हैं। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी को निर्यात की संभावनाओं वाली कम से कम चार प्रमुख औद्यानिक फसलों का चयन कर उनकी उत्पादन, गुणवत्ता सुधार, प्रसंस्करण और विपणन संबंधी विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से पारंपरिक खेती के साथ व्यवसायिक और बाजार आधारित कृषि अपनाने की अपील करते हुए कहा कि जिला प्रशासन प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और विपणन के क्षेत्र में हर संभव सहयोग देगा। साथ ही बस्ती स्थित इंडो-इजराइल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से किसानों को निर्यात गुणवत्ता वाली फसलों के उत्पादन का प्रशिक्षण भी दिलाया जाएगा। बैठक में मशरूम उत्पादन, फ्रूट बैगिंग, कैप्सिकम खेती, सब्जी एवं मसाला उत्पादन, मधुमक्खी पालन, वर्मी बेड, कृषि मशीनीकरण और लाइट ट्रैप जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। किसानों के सुझावों के आधार पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी जोर दिया गया। इससे पूर्व प्रगतिशील किसान तलत हसन और सुनील कुमार सिंह ने अपने बागानों में उत्पादित टॉमी एटकिंसन, अरुणिमा और मियाजाकी जैसी उन्नत आम की प्रजातियों का प्रदर्शन किया। ताइवान और वीएनआर प्रजाति के अमरूद भी आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं किसान इन्द्रकेश ने मशरूम उत्पादन में अपने अनुभव साझा किए।बैठक में परियोजना निदेशक राम दरश चौधरी, जिला उद्यान अधिकारी संजय कुमार रस्तोगी, उप कृषि निदेशक संजीव कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने खाया विशाक्त पदार्थ, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पारिवारिक विवाद में बुधवार की दोपहर विशाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया महिला की हालत बिगड़ने पर महिला के परिजनों द्वारा आनन फानन में उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा महिला का उपचार किया जा रहा है महिला के परिजनों द्वारा चिकित्सक से विवाद करने पर चिकित्सक द्वारा पुलिस को सूचना दे दिया है महिला द्वारा किन परिस्थितियों ऐसा कदम उठाया है पुलिस पुरे मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गयी है इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष श्यामलाल ने बताया की महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में विशाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया हालत बिगड़ने पर महिला के परिजनों द्वारा महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में चिकित्सक से विवाद करने पर पुलिस को मौके पर भेजा गया है।

## बाल विवाह के विरुद्ध पुलिस की त्वरित कार्रवाई, तीन गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जनपद में बाल विवाह जैसी गंभीर सामाजिक कुरीति और नाबालिगों के शोषण के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना कोतवाली नगर पुलिस ने 22 जून को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम किना का पुरवा (जोगापुर) के अंतर्गत एक नाबालिग किशोरी की उसकी सहमति के विरुद्ध जबरन शादी कराई जा रही है।प्राप्त सूचना के अनुसार ग्राम खमपुर खभौर निवासी हरेन्द्र वर्मा ने अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर साजिश रची थी। नाबालिग किशोरी का विवाह बाबू टोला जिला छिंदवाड़ा, मप्र निवासी 38 वर्षीय कन्हैया के साथ संपन्न कराया जा रहा था। यह विवाह न केवल बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम का उल्लंघन था, बल्कि यह एक नाबालिग के भविष्य के साथ खिलवाड़ भी था। उपरोक्त कृत्य के संबंध में थाना कोतवाली नगर में धारा 11 बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।थाना प्रभारी कोतवाली नगर सुभाष कुमार यादव के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर की पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस की तत्परता से नाबालिग को सुरक्षित बचा लिया गया और मौके से तीन मुख्य अभियुक्तों सत्यम पुत्र कुबेर जनपद सिवनी, मप्र, भोनी पुत्र दौलत सनोडिया जिला छिंदवाड़ा, मप्र तथा हरेन्द्र पुत्र रामकिशुन जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार कर लिया गया।

## डीएम ने प्रेमधर पट्टी में रात्रि चौपाल लगाकर सुनीं जनसमस्याएं

**प्रतापगढ़, समृद्धि न्यूज।**



शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने विकास खंड बाबा बेलखरनाथ धाम की ग्राम पंचायत प्रेमधर पट्टी में आयोजित रात्रि चौपाल में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव सुने तथा संबंधित अधिकारियों को उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग तथा स्वयं सहायता समूहों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए थे। जिलाधिकारी ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की। विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं, उनकी पात्रता, लाभ तथा आवेदन प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान आईसीडीएस विभाग की ओर से आयोजित गोद भराई कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी, प्रभावी एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणों की शिकायतों और समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा जनता को योजनाओं का लाभ सरलता और सुगमता से उपलब्ध कराया जाए। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राम मोहन मीना, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, डीसी एनआरएलएम देव कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।